हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

इंडिया-न्यूजीलैंड टेस्ट : एजाज पटेल के आगे टीम इंडिया का सरेंडर

Page 10



देश

वक्फ भूमि मामले में किसानों का जारी नोटिस होगा जारी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने लिया...

कृष्ण पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 04 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 323 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 80,400 | ₹97,000 |

## आज का इतिहास

- 1509 : अल्मीडा के बाद अल्फांसो द अल्बुकर्क भारत में दूसरे पुर्तगाली वायसराय बने।
- 1915 : प्रसिद्ध भारतीय नेता तथा सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज शाह मेहता का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### रेलवे में ग्रुप डी पदों पर हो रही भर्ती

**नई दिल्ली (ए.)।** रेलवे में सरकारी नौकरी करने की चाह रखने वाले उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर है। आरआरसी प्रयागराज की ओर से स्काउट्स एवं गाइड्स कोटा के अन्तर्गत ग्रुप डी के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 नवंबर से शुरू हो गई है जो 30 नवंबर 2024 तक जारी रहेगी। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी इन तिथियों के अंदर ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट www.rrcpryj.org पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए इस पेज पर भी आवेदन का डायरेक्ट लिंक उपलब्ध करवाया गया है जिस पर क्लिक करके आप आसानी से एप्लीकेशन फॉर्म भर सकते हैं।

### झारखंड में जरूर लागू होगा यूसीसी : अमित शाह

**रांची (नि.सं.)।** राजधानी रांची में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा एलान किया है। बीजेपी का घोषणा पत्र जारी करते हुए अमित शाह ने कहा कि झारखंड में यूसीसी जरूर लागू होगा। शाह ने कहा कि बीजेपी झारखंड में कुशासन और भ्रष्टाचार का अंत कर माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा करेगी। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि यूसीसी का जिक्र किया और कहा कि आदिवासियों का कोई भी अधिकार नहीं छीना जाएगा। उत्तराखंड में एक मॉडल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के सामना रखा है। उसमें हमने आदिवासी को, उनके रिति-रिवाजों को, संस्कारों को और उनके कानूनों को पूरी तरह यूसीसी से बाहर रखा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी देश में जहां भी यूसीसी लाएगी, वहां आदिवासी को बाहर रखकर ही उसे लागू किया जाएगा।

### राजगीर में हॉकी टूर्नामेंट के लिए मिलेंगे फ्री टिकट

**राजगीर (नालंदा) (नि.सं.)** बिहार में पहली बार महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होने जा रहा है। हॉकी प्रेमी 11 से 20 नवंबर तक राजगीर के नवनिर्मित एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान में इस प्रतियोगिता का लुत्फ उठा सकते हैं। लेकिन अब सवाल यह है कि इसके लिए टिकट कहां से मिलेंगे, तो आपको बता दें कि आप घर बैठे इस आयोजन के लिए फ्री पास प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए टिकटजिनी नाम का एक ऐप विकसित किया गया है।

बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री के संभावित यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर

# पीएम 15 नवंबर को आएंगे जमुई मिलेगी करोड़ों की सौगात

निज संवाददाता | जमुई



बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के बल्लोपुर में 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। पदाधिकारी के दो दिनों तक लगातार निरीक्षण के बाद रविवार से हेलीपैड निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। गौरतलब है कि बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के द्वारा 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की संभावना है। वहीं, पीएम की इस संभावित यात्रा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। हालांकि, अभी तक पीएम के आगमन की कोई आधिकारिक पुष्टि तो नहीं की गयी है, लेकिन संभावना है कि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खैरा प्रखंड क्षेत्र के बल्लोपुर पहुंच सकते हैं। सुबह 11:00 बजे पीएम का आगमन संभावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवघर एयरपोर्ट से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से बल्लोपुर पहुंच सकते हैं, जहां ट्राइबल हाट में जनजातीय सामग्री की प्रदर्शनी देखेंगे। वे वहां आदिवासी लोगों से बातचीत कर सकते हैं।

जनजातीय गौरव दिवस समारोह एवं धरती आवा जनजातीय गौरव दिवस के आइसी कैंपेन का भी शुभारंभ प्रधानमंत्री के द्वारा किया जा सकता है। साथ ही ऐसी भी संभावना है कि पीएम बल्लोपुर से 6500 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर सकते हैं। इस दौरान 30 राज्य मुख्यालयों और 100 जिला मुख्यालयों से संवाद तथा 549 जिलों की सामान्य सहभागिता के साथ बिहार के 24 जिलों से दो पक्षीय वार्ता में भी प्रधानमंत्री हिस्सा ले सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान जर्मन हैंगर टेंट लगाया जाएगा तथा करीब 25 हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था की जाएगी। गौरतलब है कि 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भी काफी तेज हो गई है तथा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिहाज से पीएम का यह दौरा काफी खास हो सकता है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन की तैयारी को देखकर आम लोगों में इस बात की काफी चर्चा है। संभावना है कि अगले तीन-चार दिनों में इसकी आधिकारिक पुष्टि भी हो जा सकती है तथा 10 नवंबर तक आमंत्रण एवं अन्य सभी प्रोटोकॉल की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

### पीएम के कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम नीतीश कुमार

पीएम के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा जनजातीय मंत्री के भी शामिल होने की उम्मीद है। चर्चा यह भी है कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जनधन योजना के अन्य राज्यों के लाभार्थी से पीएम संवाद कर सकते हैं। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के द्वारा भी तैयारी शुरू कर दी गई हैं। वहीं कला संस्कृति विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री आगमन के दौरान जनजातीय नृत्य एवं गान की प्रस्तुति कराई जा सकती है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा जीविका के सहयोग से आदिवासी सम्मान भेंट सहित स्वागत गान की प्रस्तुति कराई जाएगी, जबकि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जीविका तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सहयोग से ट्राइबल हाट की व्यवस्था की जाएगी।

### एक तीर से दो निशाना का संकेत

इस जानकारी को लेकर कुछ लोगों का कहना है कि झारखंड में 13 नवंबर और 20 नवंबर को मतदान होगी। वहीं, 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। तो 13 नवंबर को चुनाव होने की वजह से चुनावी प्रचार पर रोक लग जाएगी। जिसको लेकर पीएम मोदी झारखंड से सटे जमुई जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए एक तीर में दो निशाना साधने की कोशिश करेंगे।

दोनों पर भोजपुर में दर्ज हैं 26 मामले

## मोस्ट वांटेड बाप-बेटे को पुलिस और एसटीएफ ने दबोचा

निज संवाददाता | पटना





एसटीएफ और पटना पुलिस की टीम ने दो मोस्ट वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर पटना के रूपसपुर थाना क्षेत्र से हुई है। पकड़े गए दोनों अपराधी बाप-बेटे हैं। दोनों भोजपुर में अवैध बालू खनन के साथ-साथ कई अपराधिक मामलों में संलिप्त रहें हैं। दरअसल, 3 नवंबर को STF को सूचना मिली कि भोजपुर जिले का अवैध बालु खनन माफिया कुख्यात वांछित अपराधी सत्येन्द्र पांडेय और उसका बेटा नीरज पांडेय, पटना के एक ठिकाने पर छुपे हुए हैं। इसके बाद एसटीएफ और पटना पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कुख्यात अपराधी सत्येन्द्र पांडेय, पांडेय गिरोह गिरोह चलाता है। यह गिरोह मुख्यतः अवैध बालु खनन में शामिल है। सत्येन्द्र का धंधा जब चल गया तो उसने अपने बेटे नीरज को भी अपने गैंग में शामिल कर लिया। इन दोनों ने अपना एक गिरोह तैयार कर लिया। इस गिरोह का काम बालू खनन करना और इस काम में बाधा डालने वालों को रास्ते से हटाना है। दोनों मूल रूप से भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरुखिया कला के रहने वाला है।

पांडेय गिरोह कई अपराधिक मामलों में शामिल रहा हैं। 2 मई 2024 को अवैध बालु खनन में वर्चस्व की लड़ाई में इस गैंग ने सारण निवासी हुंगी महतो के बेटे विकास महतो और तुलसी राय के बेटे सुरर्शन राय की हत्या कर दी थी। अपराधी सत्येन्द्र पाण्डेय के खिलाफ भोजपुर जिले के कोईलवर थाने में हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित कुल 15 मामले दर्ज हैं। वहीं अपराधी नीरज पांडेय के खिलाफ भोजपुर जिला के कोईलवर थाने में हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट के कुल 11 मामले दर्ज हैं।

## तीन दिग्गज नेता को 6 साल के लिए किया निष्कासित



**रांची(नि.सं.)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने निर्देशानुसार देवेन्द्र सिंह बिट्टू, मुनेश्वर उरांव एवं इसराफिल अंसारी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 में 73-मनिका विधानसभा क्षेत्र से मुनेश्वर उरांव, 34-गोमिया विधानसभा क्षेत्र से इसराफिल अंसारी एवं 75-पांकी विधानसभा क्षेत्र से देवेन्द्र सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ मैदान में उतरकर अनुशासन तोड़ा है। यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुशासनात्मक नियम के क्रमांक 4 का प्रत्यक्ष रूप से उल्लंघन है।

## झारखंड में ना एनआरसी लागू होगा ना यूसीसी यहां सीएनटी और एसपीटी रहेगा : हेमन्त सोरेन

निज संवाददाता | गढ़वा (रांची)



श्री सोरेन ने रविवार को गढ़वा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं। ये विषैला जहर उगलते हैं। उनके आगे विषधर भी असफल है। इन लोगों से बच के रहना है। 5 वर्ष के दौरान हम लोगों ने कितनी चुनौतियों का सामना किया या आप सभी ने देखा है।

उन्होंने गढ़वा में जेएमएम प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जुमलाबाज भाजपा के लोग यहां आने वाले हैं। ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी - मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोग आपके लिए काम करना यहां शुरू किया। सरकार गठन के बाद तो इन लोगों ने झूठे आरोप में मुझे जेल में डाल दिया। इन्हें यहां के आदिवासी- मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां से मतलब है तो यहां के खनिज संपदा से मतलब है और झारखंड के खनिज संपदा का 1 लाख 36000 करोड़ हमारा बकाया ये नहीं दे रहे हैं।

श्री सोरेन ने बताया यहां की माता बहनों के सम्मान में हम आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष में हर घर में एक लाख रुपये पहुंचने का काम करेंगे और हम लोगों ने कानून बना दिया है कि जिनके खाते में 1000 जा रहा है। वह 2500 रुपया हो जाएगा। इन्हें अगर मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा कतरा खून निकाल लेंगे। 5 वर्ष से ये सत्ता से बेदखल हैं। आज भारतीय जनता पार्टी का पेड़ सूखते जा रहा है। आने वाले समय में फिर 5 साल तक इन्हें बाहर करेंगे और इन्हें जड़ से उखाड़ कर देख देंगे। श्री सोरेन ने कहा ये लोग कहते हैं जेपीएससी और सीजेएल परीक्षा के जरिए हुई नियुक्ति का सीबीआई से जांच करेंगे। हमने सीजीएल परीक्षा की पूरी जांच कर ली है। लोग चिन्हित हो चुके हैं, जिन्होंने गड़बड़ी करने की कोशिश की, गड़बड़ी तो कर नहीं पाए और लेकिन पकड़े जा चुके हैं चुनाव समाप्त होते ही वे सभी जेल जाएंगे।

उन्होंने कहा इन लोगों ने हमारे कार्यकाल को पूर्ण नहीं होने दिया। एक माह हमारा कार्यकाल बचा हुआ था। इन्होंने एक माह पूर्व चुनाव करा दिया। इन्हें पता था कि एक अगर माह मैं और यहां के लोगों के कार्य कर दिया तो इनकी पूरी तरह से भद्द पीट जाएगी।

विश्व शांति के लिए की प्रार्थना

## बोधिवृक्ष की छांव तले 700 भिक्षुओं को मिला चीवरदान



निज संवाददाता | गया

महाबोधि मंदिर परिसर में रविवार को बोधिवृक्ष की छांव तले विभिन्न देशों के 700 भिक्षु व भिक्षुणियों को चीवरदान किया गया। थाइलैंड के श्रद्धालुओं द्वारा स्पॉन्सर किये गये चीवरदान के बाद सभी को संघदान यानी भोजन भी कराया गया। इसके पहले सभी ने मंदिर के गर्भगृह में तथागत बुद्ध की पूजा की और पवित्र बोधि वृक्ष की छांव में एकत्रित होकर विश्व शांति के लिए बुद्ध से प्रार्थना की। इसके बाद बीटीएमसी सचिव डॉ। महाश्वेता महारथी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और चीवरदान के महत्व को रेखांकित किया।

महाबोधि मंदिर के मुख्य भिक्षु इंचार्ज भिक्खु चालिंदा, केयर टेकर भिक्खु डॉ। दीनानंद एवं अन्य भिक्षुओं को थाईलैंड के श्रद्धालुओं द्वारा वस्त्र प्रदान किया गया तथा बाद में सभी भिक्षुओं को चीवर एवं नकद राशि दान की गई। कार्यक्रम के समापन के बाद बीटीएमसी कार्यालय परिसर में सभी को संघदान कराया गया।

## सीएम ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना



निज संवाददाता | पटना

चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर नीतीश कुमार ने केवल आरके सिन्हा से ही नहीं, बल्कि अन्य मंत्रियों और अधिकारियों के साथ मिलकर राज्य के विकास, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने गर्दनीबाग, ठाकुरबाड़ी समेत अन्य मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की और इस मौके पर पूजा समिति की ओर से उन्हें अंगवस्त्र भेंट किया गया। मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पटना की मेयर सीता साहू और अन्य प्रमुख अधिकारी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम ने सियासी और धार्मिक मिलन का एक अनूठा उदाहरण पेश किया, जिससे न केवल स्थानीय समुदाय को, बल्कि पूरे राज्य को एक नई दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

सीनियर एआईएस को मिली नई जिम्मेदारी

## विपिन बने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का अध्यक्ष

निज संवाददाता | पटना

बिहार कैडर के सीनियर आईएएस को केंद्र की सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। भारत सरकार ने आईएएस विपिन कुमार को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विपिन कुमार फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। अब उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इसको लेकर लेटर भी जारी कर दिया गया है। दरअसल, बिहार कैडर के सीनियर आईएएस विपिन कुमार को केंद्र सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। 1996 बैच के आईएएस अधिकारी विपिन कुमार एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बनाए गए हैं। विपिन कुमार लंबे समय से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। अब उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। मालूम हो कि,विपिन कुमार लंबे समय तक बिहार में सेवा दे चुके हैं। बक्सर, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और जमुई जिले में विपिन कुमार जिलाधिकारी के रूप में काम कर चुके हैं। विपिन दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर भी थे। इसके अलावा उन्होंने पुल निर्माण निगम लिमिटेड में अध्यक्ष के रूप में काम किया है और बिहार सरकार ने उन्हें कॉम्फेड के निदेशक के रूप में भी नियुक्त किया था। वो बिहार दुग्ध सहकारी संघ (सुधा) के डायरेक्टर और मिड डे-बिहार स्कीम के डायरेक्टर भी रह चुके हैं।

## शिक्षकों की नियुक्ति का एकमात्र श्रेय मुख्यमंत्री को : विजय कुमार चौधरी

निज संवाददाता | पटना



संसदीय कार्य मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि शिक्षकों की नियुक्ति का एकमात्र श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार चल रहे नियुक्ति अभियान से राजद समेत पूरा विपक्ष बेचैनी में है। प्रदेश के विकास और बदलाव को नकारने की हिम्मत नहीं होने के कारण विपक्ष के लोग अब घुसपैठ कर सरकार के श्रेय में हिस्सा लेने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। श्री चौधरी रविवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीपीएससी के माध्यम से प्रधानाध्यापक की नियुक्ति का निर्णय एवं नियमावली की अधिसूचना मुख्यमंत्री के परामर्श से मेरे शिक्षा मंत्री रहते अगस्त 2021 में जारी हुई थी। उसके तुरंत बाद ही 6421 प्रधानाध्यापकों के पद के सृजन एवं नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकला था। अगस्त 2022 के प्रथम सप्ताह में इसके नतीजे भी आ गए थे। वहीं, नीतीश कुमार ने राजद को 10 अगस्त, 2022 को सरकार में शामिल होने का मौका दिया। ऐसे में पुरानी सरकार में लिए गए निर्णयों पर राजद की श्रेय लूटने की नाकाम कोशिश हास्यास्पद और निंदनीय है।

## नुक्कड़ नाटक 'अनमोल जीवन' का आयोजन

निज संवाददाता | दानापुर (पटना)



पटना जिले के दानापुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र में जन जागरूकता के लिए मंथन कला परिषद खगौल द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक 'अनमोल जीवन' की शानदार प्रस्तुति की गई। यह नाटक 3 से 5 नवंबर तक विभिन्न पंचायतों जैसे पतलापुर, गंगहरा, हेतमपुर और नकटा दियारा में प्रदर्शित होगा। आज के पहले दिन, हबासपुर, दलित टोला, मकसूदपुर, शंकरपुर और पतलापुर बाजार में बड़े पैमाने पर दर्शकों ने नाटक का आनंद लिया। नाटक की शुरुआत मनमोहक गीत 'मांझी रे नांव बढ़ा ले, हैया रे हैया' से हुई, जो दर्शकों को तुरंत बांध ले गया।

इस नाटक में छठ महापर्व के दौरान व्रतधारियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ असुरक्षित घाटों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उजागर किया गया। नाटक ने दर्शकों को यह संदेश दिया कि असावधानी की वजह से कई बार डूबने की घटनाएं हो जाती हैं, जिससे पर्व का माहौल मातम में बदल जाता है। प्रस्तुति के माध्यम से यह जानकारी साझा की गई कि सुरक्षित घाटों पर ही अनुष्ठान करना चाहिए और सभी सुरक्षा मानकों का पालन करना चाहिए। रोजमर्रा के काम जैसे स्नान और कपड़े धोने के दौरान डूबने के मामलों में वृद्धि को देखते हुए, बच्चों को जल स्रोतों में जाने से रोकने और खतरनाक स्थानों को चिन्हित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। नाटक में दर्शकों को यह भी बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति डूब रहा हो, तो उसे बचाने के लिए धोती, साड़ी, रस्सी या बांस का उपयोग किया जा सकता है। यदि तैरना नहीं जानते हों तो पानी में जाने से बचने और मदद के लिए शोर मचाने की सलाह दी गई। मंथन कला परिषद के महासचिव और इस नाटक के निर्देशक प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने इसे लिखते समय सामाजिक जागरूकता को प्राथमिकता दी है। इस नाटक में अमन कुमार, सोनू कुमार, दीनानाथ गोस्वामी, रोहन राज, काजल कुमारी और पूजा कुमारी ने बेहतरीन अभिनय किया, जबकि श्यामाकांत और सत्या भारती ने संगीत का योगदान दिया।

पूरे राज्य में डेंगू मरीजों की हो गई है कुल संख्या 7489, औरंगाबाद में मिले 5 डेंगू मरीज

## पटना में डेंगू मरीजों की संख्या 3 हजार के पार, प्रवासियों के आने से बढ़ सकता है संकट

निज संवाददाता | पटना




बिहार में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान बिहार में डेंगू के 153 नए मरीज मिले हैं। इसमें सिर्फ पटना के 70 डेंगू पीड़ित हैं। पूरे राज्य में डेंगू मरीजों की कुल संख्या 7489 हो गई है। इस साल अब तक सिर्फ पटना में ही 3712 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। पर्व के दौरान घर लौटने वाले प्रवासियों के कारण संकट बढ़ सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ऐसी बीमारी के मिलने वाले केस के मद्देनजर सतर्क है। आनेवाले प्रवासियों की डेंगू की जांच करायी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दूसरे राज्यों से आनेवाले डेंगू पीड़ितों की संख्या भी शतक के नजदीक पहुंच गयी है। अब तक कुल डेंगू मरीजों के मिलने की संख्या 197 हो गयी है। अकेले मुजफ्फरपुर में 89 मिले हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि अधिकतर डेंगू मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि अक्तूबर व नवंबर में डेंगू के मरीज बढ़ जाते हैं। इसलिए सतर्कता जरूरी है। साथ ही आपातकाल स्थिति में सक्रिय रहने की जिम्मेदारी इस टीम को दी गयी है।

राजधानी पटना में अब कुल पीड़ितों की संख्या 3705 हो गई है। बांकीपुर में 15, पाटलिपुत्र अंचल में 11, कंकड़बाग में नौ, नूतन राजधानी अंचल में आठ, अजीमाबाद में तीन और पटना सिटी में दो पीड़ित मिले। छह पीड़ितों की पहचान नहीं हो पाई। इधर, चिकनगुनिया के 10 नए पीड़ित मिले। अब कुल चिकनगुनिया पीड़ितों की संख्या बढ़कर 236 हो गई है। राज्य स्तर पर देखें तो भोजपुर में 25, गया में 14, जहानाबाद में 11, पूर्वी चंपारण में 9 और औरंगाबाद में 5 डेंगू मरीज मिले। इस साल अब तक डेंगू के कारण 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

## मौसम का मिजाज : हल्की ठंड की दस्तक सर्दी का अहसास छठ पूजा के बाद

निज संवाददाता | पटना

बिहार में मौसम का मिजाज बदल रहा है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सुबह और शाम हल्की ठंड महसूस की जा रही है, लेकिन पिछले साल की तरह इस बार नवंबर के तीन दिनों में सर्दी का वो अहसास नहीं हो रहा है। पिछले साल की तुलना में इस बार नवंबर भी गर्म है। नवंबर के पहले सप्ताह में भी तापमान में उस स्तर तक गिरावट की संभावना नहीं है। सोमवार को आसमान साफ रहेगा और तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। सवेरे कई जिलों में धुंध की दस्तक महसूस की जायेगी। लेकिन, ठंड अब छठ पूजा के बाद ही आयेगी।

### धीरे-धीरे बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के ताजा रिपोर्ट के अनुसार बिहार में ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ेगा। 4 नवंबर के बाद प्रभावी सर्दी के संकेत दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि 15 नवंबर तक हल्की ठंड महसूस की जाएगी। उसके बाद बिहार में सर्दी का असर पूरी तरह से दिखने लगेगा। 5 नवंबर से 8 नवंबर तक छठ महापर्व के दौरान सुबह में हल्की ठंड महसूस की जा सकती है। इस दौरान मौसम साफ रहेगा। हालांकि आसमान में हल्की-फुल्की धुंध देखी जा सकती है। कल से कुहासे में लिपटी हुई सुबह होने के आसार हैं। पिछले वर्ष नवंबर महीने में राज्य के अधिकतर जिलों का तापमान 20 डिग्री से कम था। आमतौर पर नवंबर महीने में ऐसा ही मौसम देखा जाता है, लेकिन इस साल तापमान अभी भी 20 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 33 डिग्री सी के ऊपर पाया गया, लेकिन पछुआ हवा के प्रभाव से मौसम में बदलाव, खासकर न्यूनतम तापमान में गिरावट की प्रबल संभावना है।

### श्रीनगर में टीआरसी पर आतंकवादियों ने किया ग्रेनेड हमला, 10 लोग घायल

**श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) (ए.)।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार बाजार स्थित टीआरसी पर आतंकवादियों ने ग्रेनेड से हमला किया। जिसमें बताया जा रहा है कि 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में अधिकतर नागरिक शामिल हैं। ग्रेनेड हमले पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने चिंता जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, पिछले कुछ दिनों से घाटी के कई हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ों की खबरें सुर्खियों में हैं। श्रीनगर के 'रविवार बाजार' में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### मवेशी की मौत के बाद सड़क जाम

**बिहारशरीफ**| लहेरी थाना अंतर्गत बड़ी पहाड़ी मोहल्ला में शनिवार को विद्युत प्रवाहित पोल के संपर्क में आकर करंट से पशु की मौत हो गई। घटना के बाद पशुपालक व मोहल्ले वासियों ने सड़क पर बांस लगाकर जाम लका दिया। पशुपालक महेश प्रसाद ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही से घटना हुई है।

### विद्यालय में नहीं है पानी की व्यवस्था

**करायपरसुराय**| सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद लोगों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। प्रखंड क्षेत्र के गोन्दु बिगहा पंचायत के फते बिगहा गांव में 17 वर्षों से संचालित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय फते बिगहा को अभी तक नल-जल योजना से नहीं जोड़ा गया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुराधा कुमारी ने बताया कि विद्यालय में वर्ग एक से पांचवें तक की पढ़ाई होती है। कुल 59 बच्चे नामांकित है। यहां 3 कमरे हैं। प्रधानाध्यापिका के अलावा एक और शिक्षिका संयुक्ता कुमारी है। बच्चे को बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था है। विद्यालय की स्थापना 2007 में हुई थी। स्थापित हुए इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद विभाग व सरकार द्वारा विद्यालय में पानी पीने के लिए चापाकल की व्यवस्था नहीं की गयी है। विभाग को इसके बारे में बताया गया है। मध्याह्न भोजन बनाने के लिए रसोईया स्कूल से 400 मी दूरी तय कर पानी लाने के लिए मजबूर हैं। विद्यालय में चापाकल नहीं रहने से बच्चों को पानी पीने के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### हसनपुर छठ घाट का निरीक्षण, समय रहते कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**राजगीर**। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को हसनपुर तालाब छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां पर आसपास के गांवों के हजारों लोग अर्घ्य देने आते हैं। सूबे की सरकार ने लोगों की सहूलियत के लिए गांवों में भी छठ घाट बनाने का काम किया है। मंत्री ने हसनपुर तालाब पर जुटने वाली भीड़ को देखते हुए प्रशासन को पूरी सावधानी बरतने का निर्देश दिया। कहा कि घाट की पूरी साफ-सफाई की जाए। वहीं छठ के दौरान लोगों की सुविधा के लिए बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था हो। पदाधिकारियों को घाट पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष, पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम, वॉच टावर, मेडिकल टीम, गश्ती दल, भीड़ नियंत्रण की सुरक्षा, वाहन पार्किंग, एसडीआरएफ की व्यवस्था, मंदिर के प्रवेश एवं निकास द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। यहां आने वाले छठ व्रतियों की सुविधा के लिए पंडाल बनाने का भी निर्देश दिया। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि हसनपुर घाट पर पिछले कई सालों से मेला भी लगता रहा है। यह व्रतियों के लिए एक बेहतर घाट बनता जा रहा है। यहां पर तालाब में लोगों की सुविधा के लिए सीढ़ी भी बनायी गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरा बिहार आगे बढ़ रहा है। छठ व्रत बिहार का अद्वितीय पर्व है। इस पर्व में लोगों की काफी आस्था है। देश के कोने-कोने से इस व्रत के मौके पर लोग आते हैं और पर्व में शामिल होते हैं। पर्व के दौरान घरों व गलियों को लोग स्वच्छ रखते हैं और पवित्रता के साथ मनाते हैं। इस अवसर पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, जयराम सिंह, राकेश कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

### बीडीओ-सीओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**सिलाव**। महापर्व छठ को लेकर बीडीओ प्रहलाद कुमार एवं सीओ आकाशदीप सिन्हा ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के पंचाने नदी स्थित मनियामा छठ घाट एवं नानंद स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्रतियों की सुविधा के लिए रास्ते एवं घाट की साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्था की जानकारी ली।



घाटों की साफ सफाई में जुटे स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मियों को छठ घाट एवं रास्ते की साफ-सफाई कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत स्वच्छता कर्मियों द्वारा सभी छठ घाटों की सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मनियामा छठ घाट के पास विगत दिनों में कई लोगों की मौत नदी के एक छोर से दूसरे छोर पार करने के दौरान पानी में डूबने से हुई है। इसको लेकर आपदा को भी लिखा गया है और तत्काल में नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक दोनों जगह बांस के सहारे रस्सी लगाने का निर्देश दिया गया है। ताकि लोग उस रस्सी के सहारे सुरक्षित नदी को पार कर सकें।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, मुफ्त में होगा टेस्टःनालंदा में स्वास्थ्य सेवाओं की नई पहल, 8 डॉक्टर मरीजों को देंगे सेवा

**नालंदा**। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की नालंदा शाखा आज एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करेगी। जिला पदाधिकारी के विशेष निर्देश पर आयोजित इस शिविर में आठ प्रमुख विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर का आयोजन 3 नवंबर यानी आज सुबह 7:30 से 9 बजे तक रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला कार्यालय परिसर में किया जाएगा। इस दौरान मरीजों को विभिन्न बीमारियों के लिए निःशुल्क परामर्श और जांच की सुविधा मिलेगी।




**डॉक्टर मरीजों को देंगे सेवाः** शिविर में डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. उमेश कुमार सिंह और डॉ. दीनानाथ वर्मा (फिजिशियन), डॉ. देवेंद्र प्रसाद (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. बालमुकुंद प्रसाद (सर्जन), डॉ. उदय देव रंजन (दंत चिकित्सक), डॉ. दीपा भारती और डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम (फिजियोथैरेपिस्ट) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी के अधिकारी ने बताया कि शिविर में मधुमेह की मुफ्त जांच की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने क्षेत्र के सभी नागरिकों से इस सुविधा का फायदा उठाने की अपील की है। शिविर नालंदा में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित स्वास्थ्य जांच से कई गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान और इलाज संभव हो सकता है।

### धान की उपज बढ़ाने की किसानों को दी गई जानकारी

**राजगीर**। प्रखंड के सतोखरी गांव में शनिवार को जीविका द्वारा कृषक क्षेत्र प्रत्यक्ष प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीधी बुआई पद्धति से धान की उपज बढ़ाने और गुणवत्ता सुधारने के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक अमित रंजन सिंह, आजीविका विशेषज्ञ नित्यानंद कुमार, सामुदायिक समन्वयक निधि कुमारी, स्किल्ड एक्सटेंशन वर्कर, आसपास के कई विलेज रिसोर्स पर्सन और प्रगतिशील किसान दीदी समेत क्षेत्र के कई किसान शामिल हुए। किसानों को नई कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।



बताया गया कि कृषि में सीधी बुआई एक ऐसी पद्धति है, जिसमें किसानों को नर्सरी तैयार करने, धान के पौधे को उखाड़कर खेत में रोपने जैसी लंबी प्रक्रिया से मुक्ति मिलती है। सीधी बुआई के तहत बीजों को सीधे खेत में ही बुआई की जाती है। जिससे समय, श्रम और संसाधनों की बचत होती है। पारंपरिक विधियों की तुलना में यह पद्धति अधिक सरल और कम लागत वाली है। इसके अतिरिक्त इसमें जल की खपत भी कम होती है। सीधी बुआई से किसानों को होगा लाभ परियोजना प्रबंधक ने कहा कि सीधी बुआई पद्धति से न केवल किसानों का समय बचेगा, बल्कि उन्हें आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा। आज के समय में किसानों को नई-नई कृषि तकनीकों से अवगत कराना जरूरी है। ताकि वे बदलते मौसम और जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल खेती कर सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रत्यक्ष प्रदर्शन कार्यक्रम में किसान सीधी बुआई की पद्धति को स्वयं देख और समझ सकते हैं।

# सास के श्राद्ध में दामाद ने की फायरिंग,एक की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



♦ **नालंदा में भोज के दौरान हो रहा था डांस; कनपटी पर लगी गोली, गले से निकली**

नालंदा में शनिवार को श्राद्ध कार्यक्रम में बार-बालाओं का डांस हुआ। इस डांस के दौरान हर्ष फायरिंग की गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। गोली युवक की कनपटी में लगी और गले को छेदते हुए पार कर गई। मृतक की पहचान भवानी विगहा गांव निवासी आशीर्वाद कुमार (18) के रूप में हुई है। घटना करायपरसुराय थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव की है। दरअसल, बीते दिन गांव के ही हरेंद्र यादव की मां का निधन हुआ था। श्राद्ध कर्म पर भोज किया गया। जिसमें बार-बालाओं के डांस प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया था। भोज के बाद डांस प्रोग्राम चल रहा था, इसी दौरान मृतका के दामाद ने हर्ष फायरिंग की, जो आशीर्वाद कुमार को लग गई। आनन-फानन में लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतक के परिवार और गांव में मातम पसरा है। मृतक के चचेरे भाई संतोष कुमार का आरोप है कि आर्शीवाद की गोली मारकर हत्या की है। वहीं, घटना के बाद से आयोजक हरेंद्र यादव का परिवार घर छोड़कर फरार है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।

## गया के पंत नगर में 2 घरों में चोरी

निज संवाददाता। गया



गया के विष्णुपद थाना क्षेत्र के पंत नगर में चोरों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की रात चोरों ने इलाके में दो घरों में धावा बोला और लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। रनजीत श्रीवास्तव और डीएम ऑफिस के पूर्व स्टेनो कपिल प्रसाद के घरों में हुई इस घटना से लोगों में भय का माहौल है। रनजीत श्रीवास्तव के घर से चोरों ने उनकी बहू के गहने, जिनकी कीमत 8 से 10 लाख आंकी जा रही है, चुरा लिया। वहीं, कपिल प्रसाद के घर से कितनी चोरी हुई, इसका अंदाजा उनके मुंबई से लौटने के बाद ही लग पाएगा। घटना की सूचना मिलते ही विष्णुपद थाने की पुलिस जांच के लिए मौके पर पहुंची। लेकिन, पुलिस की जांच के रवैये से पीड़ित परिवार गुस्से में है। पुलिसकर्मियों ने चोरी की वारदात का जिम्मा पीड़ित परिवार पर ही डालते हुए, घर की महिलाओं से कहा कि चोरी घर के ही किसी सदस्य ने की होगी। पुलिस का यह बयान सुनते ही महिलाएं और परिवार के सदस्य दंग रह गए। पीड़ित परिवार और स्थानीय लोग पुलिस के इस रवैये से बेहद नाराज हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पंत नगर में पिछले 10 साल से चोरों का आतंक बरकरार है और हर साल किसी न किसी घर में चोरी की वारदात हो रही है। बावजूद इसके, पुलिस इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था की कमी और गश्ती टीमों की लापरवाही के कारण चोरों का हौसला लगातार बढ़ता जा रहा है। इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण चोर बेखौफ हैं और पंत नगर में आए दिन ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

## जाति आधारित गाना बजाने पर मारपीट, 17 घायल




♦ **आधे घंटे तक चली लाठियां और पत्थर, पुलिस के आने के बाद हमला करने वाले फरार**

निज संवाददाता। गया

गया जिले के चंदौती थाना क्षेत्र के कंडी गांव में देर रात जातिगत तनाव ने उग्र रूप ले लिया है। दो पक्षों के बीच करीब आधे घंटे तक लाठी-डंडे और रोड़ेबाजी हुई। करीब आधे घण्टे तक गांव युद्ध के मैदान के रूप में तब्दील हो गया। इस बीच कई लोग लहूलुहान हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची तो हमलावर मौके से फरार हो गए। मामले में एक पक्ष की ओर से चंदौती थाने में आवेदन दिया गया है। आरोप है कि 60 वर्षीय सरयू पासवान और उनके परिवार पर कुछ लोगों ने कथित रूप से लाठी-डंडों और हथियारों से हमला कर दिया। घटना रात करीब 10:00 बजे की है। पीड़ित सरयू पासवान के अनुसार, उनकी दुकान के पास कुछ लोग जाति सूचक गाने बजा रहे थे। इस बात का जब उन्होंने विरोध किया, तो गोगा यादव और प्रवेश यादव समेत करीब 26 लोग उन पर टूट पड़े। पासवान का कहना है कि सभी के पास हथियार थे।

**दोनों पक्ष से 17 लोग घायल हैं:** इस हमले में सरयू पासवान और उनके परिवार व गोतिया भाई के कई सदस्य घायल हुए हैं। जिनमें उनके बेटे अजीत, विपिन, अर्जुन और उज्वल शामिल हैं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने न सिर्फ उनके परिवार को मारा-पीटा बल्कि उनकी दुकान से 4000 रुपए भी लूट लिए। हमलावरों ने पास के देवी मंदिर में लगी लक्ष्मी माता की मूर्ति को भी नुकसान पहुंचाया। जातिगत टिप्पणियां करते हुए जान मारने की धमकी भी दी। सरयू पासवान ने थाना में हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से 13 को गिरफ्तार भी कर लिया है। शेष की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्ष से करीब 17 लोग जख्मी हैं।

## गया में बुलेट बाइक के लिए विवाहिता की हत्या



♦ **शादी के बाद से लगातार बना रहे थे दबाव, वारदात के बाद ससुराल वाले फरार**

निज संवाददाता। गया

गया में ससुराल वालों पर विवाहिता की हत्या का आरोप है। मायके वालों के अनुसार बुलेट बाइक के लिए उसे प्रताड़ित किया जाता था। ससुराल वालों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मृतक की पहचान ममता कुमारी के रूप में हुई है। पिता शिव वर्धन के अनुसार पांच साल पहले अपने बेटी ममता की शादी चंदन यादव से की थी। शादी के बाद से बुलेट की मांग की जाने लगी। कुछ दिन पहले कुछ ज्यादा ही दबाव बनाने लगे। मैं अपनी बेटी को लेकर अपने गांव मऊ थाना क्षेत्र के महादेव बिगहा ले आया था। घटना शिवपुरी रोड नंबर-2 की है। मृतका के पिता ने कहा कि शनिवार को जब लड़का पक्ष मेरे घर पहुंचा, तो बुलेट बाइक के लिए पैसे की मांग की। शिव वर्धन ने बड़ी मुश्किल से 50 हजार रुपए दिए और कहा कि इससे अधिक देना क्षमता से बाहर है। यह सुनकर चंदन नाराज हो गया और जबरदस्ती बेटी को अपने घर ले गया। बेटी के शिवपुरी पहुंचने के 2 घंटे बाद बेटी की हत्या की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे तो देखा गला दबाकर हत्या की गई है। ससुराल वाले फरार थे।

**आवेदन के अनुसार कार्रवाई की जाएगीः** घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चंदौती थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि घटनास्थल की जांच की गई हैय और पीड़ित परिवार से आवेदन मांगा गया है, जिसके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नालंदा में झोपड़ी में आग लगाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के करायपरसूराय थाना क्षेत्र के छितर बिगहा गांव में हुई अग्निजनित घटना में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला गत 31 अक्टूबर का है। जब स्थानीय निवासियों के बीच हुए विवाद के दौरान मंगल मांझी के घर के बाहर स्थित फूस की झोपड़ी में आग लगा दी गई थी। हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद डीएसपी हिलसा-01 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने अजय महतो और शिशुपाल कुमार को गिरफ्तार किया है। अजय महतो छितर बिगहा के निवासी हैं। जबकि शिशुपाल कुमार पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के खरवहिया गांव के रहने वाले हैं।

**अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारीः** विशेष रूप से गठित छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक रामशंकर सिंह, करायपरसुराय थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, चिकसौरा थाना अध्यक्ष बब्बन कुमार, अनुसंधानकर्ता संतन कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## छठ को लेकर पुलिस की सुरक्षा एडवाइजरी

निज संवाददाता। नालंदा



♦ **नालंदा में घर को खाली छोड़ने से पहले सूचना देने की अपील, हेल्पलाइन नंबर जारी**

लोक आस्था का महा पर्व छठ को देखते हुए नालंदा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने शहरी क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि त्योहार के दौरान घरों को खाली छोड़ने से बचें। एसपी भारत सोनी ने बताया कि प्रतिवर्ष छठ पर्व के दौरान अधिकांश परिवार घाटों पर पूजा-अर्चना के लिए जाते हैं, जिससे आवासीय क्षेत्र असुरक्षित हो जाते हैं। इस स्थिति का फायदा असामाजिक तत्व उठा सकते हैं। इसलिए पुलिस को इसकी सूचना देने की अपील की गई है। साथ ही थानों के हेल्पलाइन नंबर को जारी किया है।

**पुलिस को दें खाली घरों की सूचनाः** पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने घरों में कम से कम एक सदस्य को अवश्य छोड़ें। यदि ऐसा संभव न हो, तो खाली घरों की सूचना स्थानीय थाना या डायल 112 को तत्काल दें। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस ने चार प्रमुख थानों के हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। इनमें बिहार थाना ( 9431822167), दीपनगर ( 9431822191), लहेरी ( 9431822169), सोहसराय (9431822194) नागरिक इन नंबरों पर कॉल या वॉट्सऐप के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वह पर्व के दौरान पूरी तरह से सतर्क रहेगी। साथ ही नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर भी यह एडवाइजरी साझा की गई है। पुलिस का कहना है कि नागरिकों के सहयोग से ही सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाया जा सकता है।

# गया के विष्णुपद मंदिर में विदेशी श्रद्धालुओं ने किया तर्पण

निज संवाददाता। गया



गया के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में रविवार को विदेशी श्रद्धालुओं का आध्यात्मिक मेला लगा है। जहां विशेष रूप से रूस से आए श्रद्धालुओं ने भारतीय परंपराओं का पालन करते हुए अपने पूर्वजों के लिए पिंडदान और तर्पण कर रहे हैं। मंदिर प्रांगण सुबह से हो विदेशी भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई है। मंदिर प्रांगण में करीब तीन घंटे तक अनुष्ठान चला। जिसमें ज्यादातर विदेशी श्रद्धालुओं ने बड़े ही मनोयोग से अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी। इसकी पूरी जानकारी पंडा विजय विठ्ठल ने दी।

**विभिन्न देशों से आए श्रद्धालुः** पंडा विजय विठ्ठल ने बताया कि विदेशी श्रद्धालु विभिन्न देशों से आए हैं। जिनमें सबसे अधिक संख्या रूस से थी। ये श्रद्धालु एक दिवसीय श्राद्ध के लिए यहां आए हैं। तर्पण की इस विशेष प्रक्रिया में श्रद्धालु विष्णुपद मंदिर, अक्षयवट और फल्गु नदी में पिंडदान करेंगे। हिन्दू धर्म के अनुसार गया में पिंडदान करने से पूर्वजों की आत्मा को मुक्ति मिलती है। यही कारण है कि यहां हर साल लाखों श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करते हैं। गया में पिंडदान करने की यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। अब विदेशी भक्त भी इसे आत्मीयता से अपना रहे हैं। विदेशी श्रद्धालुओं ने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म में अपनी आस्था को व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए यह धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। यहां से वापस वाराणसी को चले जाएंगे।

**पिछले महीने भी किया था तर्पणः** बता दें कि पिछले महीने पितृपक्ष मेला समापन के बाद भी पितरों के मोक्ष के लिए रूस और यूक्रेन समेत 19 देशों के 160 विदेशियों ने अपने पूर्वजों का पिंडदान किया था। जिसको लेकर गयापाल पंडा अरविंद कुमार कटियार ने बताया था कि यूक्रेन से आए श्रद्धालु ने अपने पितरों के साथ-साथ रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए सैनिकों और नागरिकों का भी पिंडदान किया है। आगे बताया था कि विदेशी पिंडदानी रूस, यूक्रेन, जर्मनी, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, कोरिया समेत 19 देशों से श्रद्धा का कर्मकांड करने पहुंचे थे। जो प्रभु विष्णु के प्रति आस्था व्यक्त करते हैं। यह विदेशी होते हुए हर वक्त भगवान का स्मरण करते रहते हैं और सनातन धर्म के प्रति पूर्ण आस्था रखते हैं।

## वियतनाम-भारत शैक्षणिक संबंधों में नया अध्याय

निज संवाददाता। नालंदा



प्राचीन भारत और वियतनाम के बौद्ध संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने नव नालंदा महाविहार का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। इसके तहत महाविहार में एक आधुनिक सभागार का निर्माण किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय के उप-कुलपति पूज्य भिक्षु थिक न्हात तू कर रहे थे। इस प्रतिष्ठित दल में सर्वोच्च पैट्रियार्क काउंसिल के सदस्य थिक टेम ट्री, वियतनाम बौद्ध संघ के उपाध्यक्ष पूज्य भिक्षु थिक न्हात तू और कार्यकारी सदस्य पूज्य भिक्षु थिक ताम डूक शामिल थे। प्रस्तावित सभागार की विशेषता यह है कि यह नव नालंदा महाविहार के पूर्व छात्र और प्राध्यापक रहे पूज्य भिक्षु थिक मिन्ह चाउ की स्मृति में बनाया जाएगा। यह 400 लोगों की क्षमता वाला आधुनिक सभागार होगा, जो दोनों संस्थानों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान को नई दिशा प्रदान करेगा। नव नालंदा महाविहार के कुलपति प्रोफेसर सिद्धार्थ सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह परियोजना न केवल दो शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग का प्रतीक है, बल्कि भारत और वियतनाम के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने का माध्यम भी बनेगी। दोनों संस्थानों के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर की भी योजना है, जो शैक्षणिक विकास और अन्य सहयोगात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में पूर्व प्रभारी कुलपति प्रो. राजेश रंजन के विचारों ने भी विशेष महत्व रखा, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डॉ. मीता ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक, जिनमें प्रो. विश्वजीत कुमार, प्रो.श्रीकांत सिंह, प्रो.हरेकृष्ण तिवारी, प्रो. बिनोद कुमार चौधरी, प्रो. रूबी कुमारी, प्रो. चन्द्रभूषण मिश्र, प्रो. राणा पुरुषोत्तम, डॉ. प्रदीप कुमार दास, और डॉ. अनुराग शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बरावना के साथ ही 36 घण्टे का निर्जला उपवास का महापर्व चारदिवसिय छठ कल से प्रारंभ

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज व चित्रगुप्त पूजा का त्यौहार मनाये जाने के बाद अब पवित्रता तथा उपासना एवं लोक आस्था का महान पावन पर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू हो गया है। चार दिनों तक चलने वाले सूर्योपासना का इस महापर्व का समापन शुक्रवार को उगते सूर्य आस्थाचलगामी भगवान भास्कर को श्रद्धालुओं द्वारा अर्घ्य देने के साथ ही सपन्न हो जायगा। सूर्योपासना का महापावन पर्व बरावना के साथ ही कल मंगलवार से चारदिवसीय छठ नहाय खाय के अनुष्ठान से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो जाएगा तथा बुधवार को खरना हो जायेगा। यह पर्व चार दिनों का है। मान्यता है कि भैयादूज के तीसरे दिन से यह आरम्भ होता है। पहले दिन सेन्धा नमक, घी से बना हुआ अरवा चावल और कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ली जाती है। अगले दिन से उपवास आरम्भ होता है। व्रति दिनभर अन्न-जल त्याग कर शाम करीब 7 बजे से खीर बनाकर, पूजा करने के उपरांत प्रसाद ग्रहण करते हैं। जिसे खरना कहते हैं। तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य यानी दूध अर्पण करते हैं। अंतिम दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य चढ़ाते हैं। पूजा में पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। लहसून, प्याज वर्जित होता है। जिन घरों में यह पूजा होती है। वहा भक्तिगीत गाये जाते हैं। अंत में लोगो को पूजा का प्रसाद दिया जाता हैं। इसकी शुरुआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को तथा समाप्ति कार्तिक शुक्ल सप्तमी को होती है। इस दौरान व्रतधारी लगातार 36 घंटे का व्रत रखते हैं। इस दौरान वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। छठ पूजा की तैयारी एवं इससे सबंधित वस्तुओं की खरीददारी करने के लिए सासाराम सहित जिले के विभिन्न प्रखंड एवं कस्बाई इलाकों के लोगो की भीड़ बाजारों में देखी जा रही है। जिससे बाजारों में काफी चहल पहल बढ़ गई है। घर घर छठी मइया के गीत बजने शुरू हो गये हैं। जिस कारण पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। इस छठ पर्व के अवसर पर विभिन्न घाटो तथा सड़को की साफ सफाई एवं रौशनी सजावट का कार्य संयमसेवी संगठनों, ग्रामीण इलाको के युवको की टोली अपने सीमित साधनो से कर रहे है। हालांकि जिलाधिकारी उदिता सिंह एव रोहतास के पुलिस कप्तान रौशन कुमार समेत अन्य पदाधिकारी जिले के विभिन्न छठ घाटो का सघनता से भ्रमण कर जायजा ले रहे हैं तथा छठव्रतीयो को किसी प्रकार का कोई कठिनाई न हो आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर रहे है। व्रती घाटों पर अर्घ्य अर्पण करने को लेकर घाटों का निर्माण में भी तेजी से प्रारंभ कर दिया है। जबकि प्रशासनिक टीम जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्र के घाटो का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेकर छठव्रतियों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से नदी, नहर, तालाबो में बैकेटिंग करने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि छठ पर्व की महानता वेदों, पुराणों, उपनिषदों तथा इतिहास के पन्नों पर भी वर्णित है।यह पर्व पवित्रता एवं शुद्धता का पर्व माना जाता है। छठ पर्व में भगवान सूर्य की पूजा अभ्यर्थना होती है। बताया जाता है कि भगवान सूर्य के उपासक सर्वप्रथम वैवशवत मनु के पुत्र इक्ष्वक, गय, शर्माती, चभ्वन, भृगु आदि ऋषि तथा महर्षि नारद थे। भगवान राम व कृष्ण ने भी सूर्य की उपासना की वही राजा साम्बा तथा मध्यकाल में बादशाह अकबर के शासनकाल में भी सूर्योपासना चरम सीमा पर थी। रोम के राजा आरेलिन 274 ई में सीरियन गोड़ (सूर्य देवता) को प्रधान देवता के रूप में पूजा था और रुकन्द गुप्त 467 ई 50 में कई सूर्य मंदिर का निर्माण कराकर सूर्योपासना स्थल की स्थापना की थी। सम्राट अकबर ने दीन ए इलाही धर्म में भी सूर्य उपासना की चर्चा की है और रविवार उपासना दिवस घोषित था। जिन जिन राजाओ ने सूर्यो उपासना स्थल की नीव डाली थी वह आज भी एक खोज का विषय है। औरंगाबाद में देवार्क (देव) उल्लारक उलार, पुलयार्क पडार्क, योग्यार्क, अगारी आदि स्थलो में भगवान् सूर्य का मंदिर प्राचीनकाल से है। शास्त्रों के अनुसार, सूर्य कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को अखंड रूप से प्रकाशमान हुए थे। फलतः यह तिथि भगवान सूर्य की प्रिय तिथि है। इसी प्रकार चैत मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि भी प्रिय है। जिससे उनकी पूजा होती है। बिहार के प्रसिद्ध वो लोकप्रिय लोक आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान 5 नवंबर यानी मंगलवार को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है। बुधवार यानी 6 नवंबर को खरना में व्रती पूरे दिन का उपवास कर शाम में भगवान भास्कर की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगे तथा वहीं 7 नवंबर गुरुवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ दिया जायेगा।

## पिता की हत्या के बाद बेटे ने कराया एफआईआर

**संझौली (रोहतास) (नि.सं.)।** संझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा भूतहां गांव के एक वृद्ध की हुई हत्या के बाद पुत्र ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि खैरा भूतहां गांव निवासी मृतक के बेटा चंदन कुमार ने अज्ञात के विरुद्ध शानिवार को थाने में आवेदन दीया। पुलिस ने आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या-196/24 के सुसंगत धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज कर हत्याकांड मामले की हर एंगल से जांच पड़ताल की जा रही है। आवेदन में दिया कि रोज की भांति मेरे पिता ने शुक्रवार की रात्री खाना खाकर घर से दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित अपने दलान पर सोने के लिए चले गए। अगले दिन शनिवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब मेरी माँ दलान पर गयी तो, देखा कि मेरे पिता जी की शरीर से खून बह रहा है व उनके शरीर मे कोई हरकत नही हो रही है। इसके बाद माँ ने जोर से चिल्लाने लगी। इसके बाद उनका बेटा वहां पहुंचा तो देखा कि मेरे पिता जी मृत अवस्था में लेटे हुए है। नजदीक देखने से पता चला कि उनके सीने में गोली मारी गयी है।

## न्यूज बाइट्स

### बकस बाबा छठ घाट का नहीं हुआ अब तक साफ सफाई

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बकस बाबा काव नदी तट स्थित छठ घाट का अब तक साफ सफ़ाई न होने से वहा पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नदी में जिस जगह उतरकर छठ व्रतधारी स्नान करते हैं। वहां काफी अधिक मात्रा में जलकुंभी, दलदल व कीचड़ फैला हुआ है। जिससे व्रतियों को परेशानी होने की प्रबल सम्भावना बनी हुई है। इस घाट पर गत वर्ष भी व्रती कीचड़ व मानव मल युक्त गंदगी से गुजरते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए बिवश थे। वही स्थिति इस बार भी बना हुआ है। बकस बाबा प्रांगण स्थित सूर्य मंदिर आकर छठ व्रत संपन्न करने वाले व्रतधारी क्षेत्र के काशीपुरी गांव निवासी शिक्षिका शशिकला कुमारी, पकड़ी गांव निवासी शिक्षिका वन्दना देवी, राजपुर निवासी डा नीलम तिवारी, पूजा साहा समेत अन्य ने बताया कि छठ पूजा के नाम पर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित इस बजार पर आधा दर्जन पूजा कमेटियां व्रतियों की सेवा के लिए काम करती हैं। बावजूद भी नदी के स्नान घाट का साफ सफाई नहीं हो पाता है ये सभी पूजा कमेटियां साफ सफाई व सुविधा को तवज्जों देने के बजाय छठ को पैसा उगाही का साधन बनाया हुआ है। साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति किया जाता हैं। पंचायत के मुखिया रंजू देवी ने कहा कि छठ व्रतधारियों को ले राजपुर बकवास बाबा प्रांगण समेत पंचायत के किसी भी छठ घाट पर कीचड़ व गंदगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस बार मैं खुद अपने देख रेख में साफ सफाई का जिम्मा संभालूगी। बीडीओ रवि राज ने कहा कि गत शनिवार को छठ घाटों का निरीक्षण किया गया है। सभी महत्वपूर्ण छठ घाट का साफ सफाई के लिए वहां के पूजा कमिटी व लोहिया स्वच्छता मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को निर्देशित किया गया है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व परंपरागत तरीके से रविवार को मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने प्रेम को दर्शाया। पांच पर्वो की लड़ी में शामिल भाई दूज का पर्व रविवार को अनुमंडल क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही घरों में इस पर्व की धूम शुरू हो गई थी। बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना कर रही थी और भाइयों की ओर से उन्हे उपहार भेंट किए जा रहे थे। परंपरा के अनुसार बहनों ने भाइयों को तिलक लगाने के बाद नारियल आदि भी दिए।

### 55 वर्षीय महिला को मिला नया जीवन

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के न्यूरोलॉजी विभाग के द्वारा एक 55 वर्षीया महिला को लगातार सात महीने के उपचार के बाद नया जीवन प्रदान किया गया है। विभाग के प्रभारी डॉ वी ए पंडित ने बताया कि उक्त महिला करीब एक साल से दोनों हाथ एवं दोनों पैर में कमजोरी और झनझनाहट महसूस करती थी तथा 3 महीने से अपाहिज होकर बेड पर पड़ी हुई थी। उनके परिजनों ने व्हीलचेयर पर नारायण मेडिकल कॉलेज लाया और यहां आने के बाद न्यूरोलॉजी विभाग के तत्वावधान में उक्त महिला का स्पाइन का एमआरआई कराया गया। उसमें पाया गया कि गर्दन और कमर दोनों जगह डिस्क प्रॉलेप्स है साथ ही स्पाइनल कॉर्ड में भी खराबी आ गई थी। मरीज को दोनों ही जगह सर्जरी की जरूरत थी। मरीज के कंडीशन को लेकर उसके परिजनों से एवं मरीज से विमर्श किया गया। उसके उपरांत डॉक्टर पंडित ने निर्णय लिया कि पहले गर्दन का ऑपरेशन किया जाएगा। उसके उपरांत 3 से 6 महीने के भीतर कमर वाले डिस्क का भी ऑपरेशन किया जाएगा। पहले ऑपरेशन के बाद मरीज के दोनों हाथ में ताकत वापस आने लगी और खुद से खाना पीना करने लगी लेकिन दोनों पैरों में झनझनाहट था। उस ऑपरेशन के 6 माह बाद कमर वाले हिस्से का भी दूसरा सर्जरी किया गया। इसके बाद मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। बिना सहारे के चल फिर पा रही है।

# नौहट्टा में लगातार हो रही चोरी की घटना में डॉग स्क्वायड बुलाने की मांग

निज संवाददाता | नौहट्टा/रोहतास

थाना क्षेत्र में लगातार चौथे दिन भी चोरी का मामला प्रकाश में आया है। घटना परकश में आते ही क्षेत्र में दहसत का माहौल हो गया है। बीती रात कमाल खैरवा के घर में हुई चोरी। प्रशासन चोरी की घटना रोकने में नाकाम। घटना के बारे में बताया गया की चौथे दिन पूर्व नौहट्टा गांव के भदुआ नदी के समीप रंजीत मेहता के घर से लगभग 15 लाख की चोरी हुई तो वही गुरुवार की रात बनूआ गांव के शनिचरी कुअर के घर से दस हजार रुपए पांच थान सोने का गहना, पांच थान चांदी का गहना सहित अन्य सामान की चोरों ने चोरी कर लिया है। तो वही शुक्रवार की रात बनुआ गांव के ही राजेन्द्र यादव के घर से लगभग एक लाख दस हजार की गहना एवम नगद कैश की चोरी की घटना सामने आई है। मामले में चोरी का मामला में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वही शनिवार की रात भादुआ नदी के समीप एक घर में घुसने के फिराक में चोर झाड़ी में छुपे हुए थे। जहां एक महिला की नजर पड़ी शोर मचाने पर महिला को घायल कर चोर भागने में सफल रहा गांव वालो के द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन चोर का पत्ता नही चल पाया। वही बीती रात राजेंद्र मेहता के घर से शेखपुरा टीकर से 4 लाख पचास हजार नगद 1 लाख पैंतीस हजार चालीस हजार की साड़ी कपड़ा आदि सामान की चोरी किया गया है। घरवालों ने बताया की जब सुबह घर की महिला जगी तो पाया की घर का दरवाजा खुला है। और स्टोर घर का ताला टूटा हुआ है। इस बात की सूचना घर वालो को दिया गया और घर में जा कर देखा तो सभी समान बिखरा पड़ा है और गहना कपड़ा से भरा अटैची बक्सा गायब है। काफी खोज बिन के बाद घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर ईख के खेत में टूटा अटैची बक्सा और कुछ कपड़ा बिखरा पड़ा है। बताया गया की घर में गौतम कुमार की शादी 25 नवंबर की शादी होना तय हुआ था। जिसको लेकर घर में कपड़ा गहना और नगद पैसे रखे हुए थे। वही मामले में नाटक थाना अध्यक्ष मोहम्मद कलामुद्दीन ने बताया कि चोरी की घटना सामने आया है। पुलिस की गस्ती निरंतर की जा रही है। साथ ही चोरी की घटना को अंजाम देने वाले लोगों पर प्रशासन हर पहलू से पईनी नजर बनाए हुए हैं।

# खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव को लेकर 56050 पशुओं का होगा टीकाकरण : डॉ. रंजीत कुमार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र में पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव को लेकर वाक्सिनेटर की मदद से टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण के नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि खुरपका-मुंहपका रोग से गाय, भैस और बकरी को ही खतरा है। इनके अलावा अन्य पशुओं पर इस बीमारी का ज्यादा असर नहीं पड़ता हैं। इस बीमारी में गाय और भैंस के पैरों के खुर में सूजन आ जाती है, घाव हो जाते हैं, मुंह में छाले बन जाते हैं और लार टपकना शुरू हो जाती है। इस अभियान में पशुपालन विभाग की टीम घर-घर जाकर टीकाकरण कर रही है। पशुपालन विभाग के अनुसार यह अभियान 23 अक्टूबर से शुरू हुआ है, जिसमें प्रखण्ड क्षेत्र के लगभग 56050 पशुओं टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पशुपालन विभाग के अनुसार इस टीकाकरण अभियान के तहत पशुपालकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा और यह अभियान दो महीने तक चलेगा। इस अभियान में पशुपालन विभाग की ओर से दर्जनों पशु मित्र व पशुधन सहायक की टीम टीकाकरण करेगी, जो गांवों में घर-घर जाकर टीकाकरण का कार्य कर रही है। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र में सह नोडल पदाधिकारी डॉ. प्रभाकरण कुमार व डॉ. अभय कुमार के अलावे अशोक प्रसाद व दीपक कुमार समेत 17 वाक्सिनेटरों की मदद से टीकाकरण किया जा रहा है। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि इस बीमारी से ग्रसित पशु चारा-पानी छोड़ देता है और दूध देना बंद कर देता है। पशु लंगड़ा कर चलने लगता है और उसे तेज बुखार हो जाता है। फेफड़ों में संक्रमण के कारण सांस लेने में परेशानी होती है, जिससे मवेशी की मौत हो सकती है। खेतों से सरसों और चने की कटाई के बाद फरवरी और मार्च माह में एफएमडी वायरस का प्रभाव अधिक होता है। गाय और भैंस के अलावा भेड़ और बकरियों में भी यह रोग होता है, लेकिन उन पर इसका असर कम होता है। इस रोग से पीड़ित पशु को अन्य पशुओं से अलग रखना चाहिए। टीकाकरण के बाद भी पशुओं में दो-तीन दिन तक दूध की मात्रा कम हो सकती है।

# धूमधाम से की गई भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महाप्रसाद का भी हुआ वितरण

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)




ज्ञान कलम मसि सरस्वती अंबर है मसी पात्र, कालचक्र की पुस्तिका सदा रखें दडांस्त्र, पाप पुण्य लेखन करण धार्यो चित्र स्वरूप, सृष्टि संतुलन स्वामी सदा स्वर्ग नरक कर भूप। उक्त दोहे के साथ रविवार को शहर के एक निजी विद्यालय के प्रांगण में चित्रांश परिवार द्वारा भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस दौरान कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त के समक्ष कलम दवात स्याही से लेखनी कर उनका आशीर्वाद लिया। जिसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। वहीं चित्रगुप्त पूजा की संध्या पर चित्रांश परिवार द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्‌धाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार, महर्षि अंजनेश, डॉ एस पी वर्मा, वरीय उपसमाहर्ता ओमप्रकाश लाल, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी संजय सिन्हा एवं डीसीएलआर मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। भक्ति जागरण में बॉलीवुड कलाकार प्रिया मल्लिक, अल्का सिंह पहाड़िया, मनोहर सिंह ने चित्रांश परिवार को अपने सुरीली आवाज़ से खूब झुमाया एवं पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इसके पूर्व शाम में गंगा आरती के साथ समाजसेवा, शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति, खेल आदि में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले चित्रांशों के साथ-साथ पत्रकार बंधुओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चित्रांश अभिनीत प्रविण, अंकित श्रीवास्तव, अश्विनी श्रीवास्तव, रजनीश वर्मा, संजय लाल, अमित सिन्हा, पत्रकार अमित कुमार श्रीवास्तव, नीतिश, दिट्रंक श्रीवास्तव, चंदन श्रीवास्तव, बंटी श्रीवास्तव, अनुज, नारायण, अनिल श्रीवास्तव, रजन अबविनी सिन्हा, गोरख, बली, जयदेव, बलराम, सुगन जी, प्रमोद, आशिष रंजन, सनी प्रधान, मनीष आनंद, आदित्य, संतोष लाल, सुपेश जी, तरुण सिन्हा सहित सैकड़ो चित्रांश बंधू शामिल रहे।

# फाइनेंस कर्मी अपने कार्य क्षेत्र से लगभग ढाई लाख रुपया वसूल हुआ नौ दो ग्यारह

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)

थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से एक फाइनेंस कर्मी ने लगभग ढाई लाख रुपया का वसूली कर नौ दो ग्यारह हो गया। जिसमे कंपनी के हेड ब्रांच के कर्मचारि ने स्थानीय थाने में रविवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संदर्भ मे कोचस थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि एक फाइनेंस कर्मी के द्वारा थाना क्षेत्र से पैसे की वसूली कर भागने का मामला थाने में आया है, जिसमें आरोपी के ऊपर थाने में आवेदन ले प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के हेड मैनेजर आशुतोष कुमार ने दिया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि जितेंद्र कुमार यादव पिता शंकर यादव ग्राम कमहारी थाना चंदौली जिला चंदौली उत्तर प्रदेश के रहने वाला है, जो आशीर्वाद फाइनेंस कोचस मे कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। उसने थाने क्षेत्र के चतरा, नरवर खुर्द, चौबेपुर, नवलिया, बलथरी गांव से 2 लाख 59 हजार 508 रुपया का वसूली कर नौ दो ग्यारह हो गया है। इसके बाद उक्त कर्मी से संपर्क किया गया तो कर्मी ने रुपए ना देने की बजाय उल्टे अपहरण केस में फसाने की बात कही। तभी फाइनेंस के हेड मैनेजर ने थाने आकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं पुलिस आवेदन ले नामजद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जल्द ही फरार आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## बाल श्रम के रोकथाम को ले नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न चौक चौराहे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, छठ घाट पर बाल श्रम रोकथाम हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराया गया। कलाकारों ने गीत, नाटक, हास्य व्यंग, के द्वारा मैसेज दिया कि बाल श्रम एक दंडनीय अपराध है एवं अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से कार्य करना प्रतिबंधित किया गया है। मिटाना है कलाकारों ने अपने नाटक के माध्यम से बताया कि बच्चों को शिक्षा का अधिकार है।

# सेंटअप परीक्षा में पास हुए तभी बोर्ड जारी करेगा प्रवेश पत्र

निज संवाददाता | नवादा

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति वैसे विद्यार्थियों का ही प्रवेश पत्र जारी करेगा, जो इंटर की सेंटअप परीक्षा में पास होंगे। इंटर की सेंटअप परीक्षा की तिथि भी बिहार बोर्ड ने जारी कर दी है। सेंट अप परीक्षा 11 से 18 नवम्बर तक होनी है। इंटर की सेंट अप परीक्षा में पास होने पर ही प्रवेश पत्र जारी होने की सूचना के बाद विद्यार्थियों में परीक्षा की तैयारी बेहतार ढंग से करने की ललक जगी है। लिहाजा अब विद्यार्थी सेंट अप परीक्षा पास करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। सेंट अप परीक्षा में फेल होने पर उनका एक साल का समय बर्बाद हो जाएगा। लिहाजा विद्यार्थी परीक्षा में फेल नहीं होना चाहते हैं। बिहार बोर्ड की ओर से सेंटअप परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन होने पर ही बोर्ड परीक्षा में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। लिहाजा छात्रों को अपनी तैयारी करने को लेकर चिंता है। बिहार बोर्ड की घोषणा के बाद इंटर स्कूलों की ओर से भी विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी करने की कार्य योजना बनाई गई है। फिलहाल परीक्षा शुरू होने में अभी नौ दिन बाकी हैं। लिहाजा विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने के लिए बुलाया जा रहा है। स्कूल में बारहवीं में जो विषय वार कमजोर छात्र-छात्राएं हैं, उनको अतिरिक्त शिक्षा दी जा रही है। उनके लिए अलग से कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिसमें जो छात्र जिस विषय में कमजोर हैं, उसे उस विषय को पढ़ाया जा रहा है। वहीं विद्यालय प्रबंधन का यह भी कहना है कि सेंटऑफ परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन नहीं करने वाले छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्ष चलाया जाएगा। उन्हें दोबारा परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा और सेंट अप परीक्षा में पास होने के बाद उन्हें मुख्य परीक्षा में शामिल होने की इजाजत दी जाएगी। स्कूलों में सेंटअप परीक्षा की हो रही तैयारी गांधी इंटर स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में बारहवीं कक्षा में नामांकित जितने छात्र हैं, सब को बेहतर बनाने की दिशा में पहल की जा रही है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती: बिहार सरकार के परिवहन मंत्री ने श्रद्धांजलि की अर्पित

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)



ब्रिटिश हुकूमत अंग्रेजों के साथ हर समय अपने बहादुरी से लोहा लेने वाले एवं हिंदुस्तान की मिट्टी के ज़मीं से जुड़े हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल थे। उक्त बातें बिहार सरकार के परिवहन मंत्री शीला मंडल ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती समारोह कोचस में कहीं। वहीं सैंडबाक्स स्कुल गंगवलिया वन में रविवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम सिंह व संचालन किसान मदन कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी सरोज कुमार सिंह रहे। बिहार सरकार के परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कार्यक्रम के दौरान लौह पुरुष के नाम एक वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात सैंडबाक्स स्कुल के बच्चों के द्वारा निर्मित सरदार पटेल की तैल्य पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम संयोजक सरोज कुमार सिंह के द्वारा उन्हें अंगवस्त्र पुष्प हार व सरदार पटेल के मोमेंटो से सम्मानित किया गया। इस दौरान परिवहन मंत्री ने कहा कि भारत ही नहीं समुचे विश्व में लौह पुरुष के नाम से वल्लभ भाई पटेल विख्यात थे। उन्होंने ब्रिटिश सरकार अंग्रेज़ो के साथ सदैव लोहा लेते थे व उनके किये गये कार्य को आज हमें शब्दों में व्याख्या कर पाना मुश्किल है। हमें उनके आदर्शों के पथ पर सदैव चलना चाहिए तथा उनके किये गये कार्यों को जीवन में लायें। मौके पर ई. शैलेन्द्र मंडल, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति विष्णु देव उपाध्याय, जगत नारायण लाल महाविद्यालय खगोल प्राचार्य मधुप्रभा सिंह, सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष लोक प्रशासन विभाग, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा प्रो. रामबदन चौधरी, राज्यसभा सदस्य जदयू सह पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष भभुआ मंटू पटेल, जिला परिषद प्रतिनिधि करगहर दक्षिणी राकेश पटेल, तेज प्रताप सिंह, अजीत चौधरी, विक्रम सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह,नंदूजी सिंह, सूर्य कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# खेती बारी कौशल में दक्ष होंगे प्रारंभिक स्कूलों के बच्चे

निज संवाददाता | नवादा

जिले के सरकारी प्रारंभिक स्कूलों के पहली से आठवीं तक के बच्चों को अब शिक्षा देने के साथ ही खेती बारी के कौशल में भी दक्ष किया जाएगा। इसको लेकर जिले के दो सौ मिडिल स्कूलों में पोषण वाटिका बनाई जाएगी। इन पोषण बाटिका में स्कूली बच्चों को खेती बारी में निपुण किया जाएगा। बच्चे इसको लेकर सब्जियों के पौधे इन पोषण वाटिकाओं में लगाएंगे। पौधों की सिचाई के अलावा उसकी देखभाल करने के भी गुर बच्चों को बताए जाएंगे। योजना में शामिल होने वाले स्कूलों को वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। इससे बच्चों में आत्मनिर्भरता की भावना का विकास होगा। संबंधित मिडिल स्कूलों के एचएम को अपने विद्यालयों में इस योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने और पौधे लगाने का निर्देश विभाग की ओर से दिया गया है। बच्चों को खेती की प्राचीन विधियों से परिचित कराया जाएगा। जिले में कम से कम 30 प्रतिशत स्कूलों में पोषण वाटिका की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन वाटिकाओं में मौसमी सब्जियों जैसे पालक, मूली, टमाटर, धनिया, मेथी आदि की खेती कराई जाएगी, जिससे बच्चे स्वयं फसल उगाने और उसकी देखभाल के तरीके सीख सकेंगे। जो विद्यालय इस योजना में सम्मिलित होंगे, उन्हें राज्य सरकार की ओर से पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। जिससे बीज, खाद और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदी जा सकेगी। एमडीएम में सब्जियों का होगा उपयोग पोषण वाटिका में उपजी सब्जियों का उपयोग बच्चों के मध्याह्न भोजन में होगा। योजना के तहत जिन विद्यालयों के पास पर्याप्त स्थान नहीं है।

# जिले के पचास हजार विद्यार्थी लाभ से हो सकते हैं वंचित

निज संवाददाता | नवादा

शशि भूषण पाठक जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए गुड न्यूज के बीच एक परेशान करने वाली खबर है। छात्र-छात्राओं को पोशाक, साइकिल, और छात्रवृत्ति से संबंधित योजनाओं की राशि अगले महीने लाभुकों को दी जाएगी। योजना का लाभ उन छात्रों को ही मिल पाएगा, जो सारी नियम और शर्तों के साथ स्कूल में रोजाना हाजिर होते हैं। सरकारी योजनाओं की राशि उन विद्यार्थियों के बैंक खाते में ही जाएगी, जिनका आधार से खाता से लिंक होगा। शिक्षा विभाग की तरफ से जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस बाबत निर्देश जारी किया गया है। फिलहाल जिले में ई शिक्षा कोष पर आधार नंबर अपलोड करने का काम चल रहा है। जिले में 3 लाख 50 हजार से अधिक विद्यार्थियों का डाटा अपलोड करना है। इसके लिए उनका अधार नंबर जरूरी है। अभी तक जिले में करीब पचास हजार बच्चों का आधार कार्ड ही नहीं बना है। आधार बनने के बाद उन्हें उसे बैंक खाते से लिंक कराना होगा। यह काम एक माह में संभव नहीं दिख रहा है। लिहाजा 50 हजार बच्चों के साइकिल पोशाक व छात्रवृत्ति की राशि से वंचित होने की संभावना है। हालांकि जिले के 23 स्कूलों में आधार कार्ड बनाने का काम चल रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### भक्तिभाव से हुई चित्रगुप्त पूजा



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के नारदीगंज बाजार, कहुआरा, पंडपा, रामे, मियां बिगहा, गोतरायन समेत अन्य गांवों में कायस्थ परिवारों ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धा व धूमधाम से किया। भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर पूजा किया।साथ ही कलम दवात की पूजा श्रद्धा व उत्साह से किया। पूजा के बाद कायस्त परिवारों ने लेखन कार्य को वर्जित रखा।

### भैया दूज पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** रविवार को नारदीगंज बाजार,ओड़ो, कहुआरा, कोशला, हंडिया, रामे समेत अन्य गांवों में गोधन की पूजा अर्चना की गयी। पर्व को लेकर बहना काफी उत्साहित भाव से भैया दूज पर्व को मनाया। पूजा के उपरांत अपने अपने भाई को प्रसाद खिलाकर उनके दीधार्यू की कामना की।साथ ही विभिन्न प्रकार का व्यजंन को बना कर भाई को भोजन कराई। इस अवसर पर भाई ने बहनों को उपहार देकर उसके रक्षा करने का वचन दिया।

### शिक्षकों की बीपीएससी में सफलता

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** इंटर विद्यालय नारदीगंज के छह शिक्षकों ने बीपीएससी परीक्षा में प्रधानाध्यापक के पद पर सफलता प्राप्त किया है। जिसमे इस विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक ने बीपीएससी की परीक्षा में प्रधानाध्यापक के पद पर चयनित हुए हैं। इसके पहले डा0 कारु रजक ने विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में असिडेंट प्रोफेसर के पद पर सफलता हासिल की थी। इसके अलावा बीपीएससी परीक्षा में प्रधानाध्यापक के पद पर सफलता प्राप्त करने वाले में शिक्षक राखी कुमारी, रियासत अली अंजुम,दुष्यंत कुमार, स्वाति कुमारी के अलावा ओंकार मांझी शामिल है। इस सफलता से विद्यालय परिवार के साथ परिवारों व शुभचिंतकों में खुशी छाई हुई है। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य कृष्ण कांत इचा गुड्डू, शिक्षक धनन्जय कुमार, रूपेश कुमार, राजन कुमार, प्रशांत कुमार, नीतु कुमारी। समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### छठव्रतियों के बीच श्रद्धा सामग्री का वितरण



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** विप्र बौद्धिक मंच ब्राह्मण टोला ओड़ो के सौजन्य से रविवार को छठव्रतियों के बीच श्रद्धा सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान गांव के सभी वर्ग के 40 छठव्रतियों के बीच श्रद्धा सामग्री वितरण किया गया। श्रद्धा सामग्री में सूप, डाला, नारियल, वस्त्र, श्रृंगार सामग्री के अलावा मौसमी फलों के साथ अरघौता छठव्रती को उपलब्ध कराया गया। लोगों ने कहा भगवान सूर्यदेव सभी देवों में सर्वमान्य हैं। यह कार्य बीते तीन वर्षों से निरन्तर चलते आ रहा है। कहा गया आगामी आठ नवम्बर को सूर्य मंदिर परिसर ओड़ो में निःशुल्क चाय, पानी का वितरण छठव्रती व श्रद्धालुओं के बीच किया जाएगा। कार्यक्रम में ब्रजेन्द्र मिश्र, पंकज कुमार मिश्र, नलिन विलोचन मिश्र, राघवेंद्र मिश्र, विनय मिश्र समेत अन्य शामिल रहे।

### ओड़ो में नाटक 'तिरंगे खतरे में' का मंचन



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** श्री लक्ष्मी कला परिषद ओड़ो के सौजन्य से दीपावली के अवसर पर मां लक्ष्मी की 90 वीं पूजनोत्सव के तत्वावधान में ओड़ो गांव में आयोजित चार दिवसीय नाट्य मंचन के तीसरे रात शनिवार को तिरंगे खतरे में नाटक आयोजित की गई। नाट्य मंचन गांव स्थित मां लक्ष्मी मंदिर के परिसर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व विधायक सह सचेतक अनिल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान परिषद के कलाकारों ने तिरंगा खतरे में नाटक को बेहतरीन अभिनय कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार व सचिव दीपक कुमार ने बताया परिषद के निदेशक रामानुग्रह सिंह,उपनिदेशक धीरेन्द्र कुमार, सह निदेशक अजय कुमार के निर्देशन में नाट्य मंचन हुआ। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार समेत अन्य रहे।

### रजौली में 12 शराबियों की गिरफ्तारी

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक मारुति वैगनआर कार से तीन बोतल विदेशी शराब के साथ सफर कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। साथ ही विभिन्न यात्री एवं निजी वाहनों से जांच के दौरान 12 शराबियों को गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जांच के क्रम में उत्पाद बलों ने एक मारुति वैगनआर कार से तीन बोतल विदेशी शराब बरामद किया एवं कार में सवार रहे एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब में ब्लेंडर्स प्राइड के 750 एमएल के दो बोतल एवं 375 एमएल का एक बोतल है। वहीं गिरफ्तार युवक की पहचान पटना जिले के बाढ़ निवासी बच्चू महतो के पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं कार के अलावे गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया गया है। वहीं वाहनों की जांच के क्रम में कुल 12 शराबियों को भी गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक व्यक्ति दूसरी बार शराब पीकर गिरफ्तार हुआ था। सभी शराबियों के शराब पीये होने की पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर मशीन से किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि पहली बार शराब पीकर गिरफ्तार हुए सभी शराबियों को रविवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में पहली बार शराब पीने वाले 11 शराबियों द्वारा जुर्माना राशि वसूल कर उन्हें छोड़ दिया गया एवं शराब पीकर दुबारा गिरफ्तार हुए एक व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस मौके पर उत्पाद एएसआई बिशु हेम्ब्रम, उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# 45वें डीएम रवि प्रकाश ने संभाला कार्यभार

निज संवाददाता | नवादा



नवादा जिले के 44 वें समाहर्ता आशुतोष कुमार वर्मा के 31 अक्टूबर को अवकाश ग्रहण करने के बाद बिहार सरकार ने जिले में नये डीएम की तैनाती की है। 2016 बैच के आईएएस अधिकारी रवि प्रकाश को नया डीएम बनाया गया है। नव पदस्थापित डीएम रवि प्रकाश ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान प्रभारी डीएम डीडीसी प्रियंका रानी ने पदभार सौंपते हुए नए डीएम को बधाई एवं शुभकामना दी। पदभार ग्रहण करते हुए नवनियुक्त डीएम रवि प्रकाश ने कहा कि जिले में छठ पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य इन दोनों विभाग पर ज्यादा काम करने की जरूरत है। मौके पर मौजूद अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद ने गुलदस्ता भेंट कर नये समाहर्ता की आगवानी की। बता दें कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रवि प्रकाश उद्योग विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात थे। अब सरकार ने इनका पदस्थापन कर जिले के जिलाधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। वे पूर्व में शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षा निदेशक का भी दायित्व निभा चुके हैं। रवि प्रकाश 2016 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं। जहानाबाद जिले के काको प्रखंड के देवघरा के रहने वाले हैं।

## चोरी मामले में कबाड़ी दुकानदार व तीन किशोर धराए

**काशीचक (नवादा) (नि. सं.)।** प्रखंड के बेलड गांव में मनरेगा के तहत कराये गये पौधारोपण की घेराबंदी के लिए लगाए गए लोहे के एंगल की चोरी किये जाने के मामले का खुलासा कर दिया गया है। इस मामले में काशीचक थाना की पुलिस ने कबाड़ी दुकानदार समेत चोरी की घटना में संलिप्त तीन किशोर को पकड़ लिया है। दुकानदार के पास से चोरी के सभी एंगल भी बरामद कर लिए गए हैं। बेलड गांव में मनरेगा द्वारा कराये गये वृक्षारोपण की घेराबंदी में प्रयुक्त लोहे के एंगल की चोरी कर ली गई है।

## शहर के छठ घाटों की साफ-सफाई शुरू

**नवादा (नि.सं.)।** नवादा शहर के विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया है। नगर परिषद की मुख्य पार्षद समेत वार्ड पार्षदों और अधिकारियों द्वारा विभिन्न छठ घाटों पर जारी कार्य का जायजा लिया जा रहा है और छठ घाटों की सारी व्यवस्था दुरुस्त कराई जा रही है। शहर के सभी प्रमुख पांच तथा नगर परिषद क्षेत्र में शामिल अन्य सभी 21 छठ घाटों पर सफाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इन छठ घाटों की सफाई के अलावा अस्थाई शौचालय, डस्टबिन समेत लाइटिंग, चेन्जिगरूम, वाच टावर आदि की भी व्यवस्था के मद्देनजर सारी गतिविधियां जारी हैं। सभी छठ घाटों पर चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव के साथ ही फॉगिंग भी करायी जा रही है। घाट पर पेयजल के लिए पानी का टैंकर उपलब्ध रहेगा।

## पंचपर्व के क्रम में धन-धान्य की कामना के साथ हुई पूजा

निज संवाददाता | नवादा

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर शनिवार को जिले भर में गोवर्धन पूजा मनायी गई। पंचपर्व के क्रम में धन-धान्य की कामना के साथ पूजा हुई। जिले भर में किसानों और पशुपालकों ने बथान में स्थित देवी-देवताओं की सामूहिक पूजा की। पशुओं को नहला-धुला कर उसके पूरे शरीर पर दीपक के छापे लगाए और पशुधन में वृद्धि के जरिए श्रीवृद्धि की कामना सिद्धि के लिए सभी ने पूजन किया। भगवान कृष्ण को दुग्ध से स्नान कराने के बाद पूजन का विधान पूर्ण किया गया।

## ठंड में चोरों ने स्वर्णाभूषण दुकानों को बनाया निशाना, लाखों की चोरी

निज संवाददाता | नवादा

जिले में गुलाबी ठंड के प्रवेश के साथ स्वर्णाभूषण दुकानों में चोरी आरंभ हो गयी। बेखौफ चोरों ने दो ज्वेलरी शॉप से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी उड़ा लिए। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के बागीबरडीहा गांव स्थित दो ज्वेलरी शॉप से करीब 8 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात की चोरी कर ली। पीड़ित स्वर्ण व्यवसायियों ने थाने में शिकायत कर कार्रवाई और चोरी हुई सोने-चांदी के जेवरात की बरामदगी की गुहार लगायी है। पीड़ित स्वर्ण व्यवसायियों ने वारदात की सूचना थानाध्यक्ष को दी और बताया कि चोर देर रात दुकान में आ धमके और सेंधमारी कर दुकान में रखी लाखों के सोने-चांदी की ज्वेलरी और नगदी खंगाल कर ले गए। सूचना पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले धनतेरस के दिन दुकान खोला था। अज्ञात चोरों द्वारा दुकान में सेंधमारी कर दुकान में रखे 2 किलो ग्राम चांदी के जेवरात, 2 भर सोने का जेवरात और 7000 नगदी की चोरी कर ली। पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी ओंकार वर्मा ने बताया कि दुकान में सेंधमारी कर दुकान में रखे तिजोरी से 2.500 ग्राम चांदी के जेवरात और 2 भर सोना और 8000 नगदी की चोरी हुई है। बताया कि घटना से सकते में है। सुरक्षा के बड़े दावों के बावजूद चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। थानाध्यक्ष का कहना है कि पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है और उन्हें जल्द ही काबू कर लिया जाएगा। वारदात स्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं, जिनके आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

## करोड़ों रुपये ठगी के मामले में आरोपित का रिश्तेदार हिरासत में

निज संवाददाता | नवादा



जिले का बहुचर्चित सिरदला प्रखंड के शेरपुर गांव के नसीम ब्रदर्स प्रकरण में पुलिस ने नसीम ब्रदर्स पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शनिवार को नसीम ब्रदर्स का एक रिश्तेदार को पुलिस ने उठा लिया। जानकारी के अनुसार, जिला अतिथि गृह में प्रवास लिए पहुंचे अनुसूचित जाति व जनजाति मंत्री जनक चमार के पास लोन धारक पीड़ित महिलाएं न्याय का गुहार लगाने पहुंची हुई थी। महिलाओ से आपबीती सुनने के बाद मंत्री ने एसपी अभिनव धीमान से महिलाओं की शिकायत के बारे में अवगत कराया। साथ ही केस पर की जा रही कारवाई के बारे में जानकारी ली। मंत्री के आग्रह पर तथा महिलाओं की निशानदेही पर सर्किट हाउस में मौजूद सिरदला कांड संख्या 403/24 के नामजद वांछित अभियुक्त कयूम अंसारी को टाउन थाने की पुलिस को सौंप दिया। बता दें की कयूम अंसारी गाड़ी समेत लापता हुए नसीम ब्रदर्स का रिश्तेदार है, जो शेरपुर स्थित अपनी पत्नी के ननिहाल में नसीम ब्रदर्स के गोरखधंधे में हाथ बंटाने का कार्य करता था। 18 अक्टूबर को अचानक गाड़ी समेत नसीम ब्रदर्स के लापता हो जाने के बाद शेरपुर गांव के ही बच्चु साव के पुत्र सहित करीब आधा दर्जन ग्रामीणों ने सिरदला थाने में शिकायत कर धोखाधड़ी कर रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 403/24 दर्ज करवाया था। इसमें नसीम ब्रदर्स के अलावा नसीम के कई परिजनों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि नगर थाने से सूचना मिली है की एक युवक को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। नसीम ब्रदर्स पर करोड़ों की ठगी का आरोप 18 अक्तूबर को सिरदला थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी मो मोजीबुल हक के तीन बेटे एक साथ गाड़ी समेत लापता हो गये थे। इसके बाद गांव सहित पूरे प्रखंड और जिले में कोहराम मच गया। परिजन जहां नसीम ब्रदर्स के लापता होने के पीछे अनहोनी की आशंका जता रहे थे वहीं, दूसरी ओर सैकड़ों महिलाएं लापता नसीम ब्रदर्स पर करोड़ों रुपये ठगी का आरोप लगाते हुए शेरपुर गांव पहुंच कर हंगामा करने लगे। इस बीच बनारस से नसीम ब्रदर्स की गाड़ी लावारिस स्थिति में पुलिस बरामद कर अनुसंधान कर रही थी। इसमें सीसीटीवी फुटेज में नसीम ब्रदर्स को साफ देखा गया कि प्रायोजित साजिश के तहत तीनों भाई बीच सड़क पर गाड़ी को छोड़ भाग रहे हैं। इसी दौरान पीड़ित लोन धारक सिरदला थाना पहुंच कर शिकायत करना शुरू कर दिया था। दोनों ही मामले मे पुलिस बारीकी से छानबीन करते हुए आगे बढ़ रही है। पहली एफआइआर में सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला लगभग साफ हो चुका है कि नसीम की पत्नी मेहरु निशां झूठ बोल रही है। वहीं, दूसरी मामले में जिसमें करोड़ों की ठगी की गयी है. उसमें रोजाना शिकायत पत्र पुलिस को मिल रहा है। ठगी किये गये रुपयों का तो कोई वास्तविक आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन कयासों और अटकलों में करीब 40-50 करोड़ की अनुमानित आंकडा बताया जा रहा है।

## लक्ष्मी माता की मूर्तियों के विसर्जन में नवयुवकों में दिखा उत्साह



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड मुख्यालय के नीचे बाजार एवं उपरटंडा के अलावे हरदिया के सेक्टर ए, बी व डी, लक्ष्मीबिगहा एवं बिजवन के अलावे अन्य गांवों में रविवार को लक्ष्मी माता की मूर्तियों के विसर्जन में नवयुवकों में काफी उत्साह देखने को मिला। वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार के अलावे स्थानीय चौकीदार मिथलेश कुमार समेत अन्य पुलिस बल क्षेत्र में किसी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार थी और मूर्ति विसर्जन स्थलों का दौरा कर जायजा ले रही थी। वहीं श्रद्धालुगण मूर्तियों के साथ बाजे-गाजे के साथ बाजार भ्रमण करते हुए माता रानी के जयकारे, भजन कीर्तन,आरती गाते नजर आए। रजौली के नीचे बाजार के लक्ष्मी पूजा समिति के अध्यक्ष सुमित सिंह ने बताया कि मूर्ति का विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से फुलवरिया जलाशय में भक्ति-भाव के साथ किया गया। मूर्ति दौरान हरदिया सेक्टर के पूजा आयोजक रंजीत सिंह, सेक्टर बी के आयोजक संजय राजवंशी एवं सेक्टर डी के आयोजक मुकेश सिंह, बाजार से राहुल साव, ऋतिक कुमार, उज्ज्वल कुमार, रिशु सेठ के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## आरती हत्याकांड : सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, सुराग नहीं

निज संवाददाता | काशीचक (रोहतास)

शाहपुर थाना क्षेत्र के पार्वती पहाड़ी के समीप 28 अक्टूबर की शाम बेगूसराय जिले के बछवाड़ा निवासी मनोज कुमार की पुत्री आरती कुमारी की गोली मार कर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस के हाथ अबतक खाली हैं। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अपराधियों को चिन्हित नहीं किया जा सका है। हालांकि पुलिस लगातार अपराधियों के बारे में पता लगाने में जुटी है। कांड अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। विभिन्न इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है, ताकि अपराधियों का कुछ पता चल सके। साथ ही तकनीकी स्तर पर जांच कर अपराधियों का पता लगाने की कवायद की जा रही है। लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। लोग आशा भरी निगाहों से पुलिस की कार्रवाई की तरफ नजरें टिकाए हैं। शाहपुर-गिरियक पथ पर सीसीटीवी की हो रही जांच हत्याकांड को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी गिरियक की तरफ भाग निकले थे। ऐसे में पुलिस शाहपुर-गिरियक पथ पर लगे सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस की मानें तो लगातार जांच चल रही है।

## क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से दहशत का माहौल

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



इन दिनों लगातार चोरी एवं छिनतई समेत आपराधिक घटनाओं में ईजाफा देखने को मिल रही है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के खड़सारी पंचायत के कदहर गांव में देखने को मिला है। जहां चोरों ने शनिवार की देर रात्रि घर के दरवाजा बंद कर एवं गृहस्वामी व उनके परिवार को बंधक बनाकर लाखों रुपये नकदी, आभूषण समेत बेशकीमती कपड़ा की चोरी कर लिया। घटना के बाद रविवार को पुलिस को सूचना देकर एवं कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। थाना में दिए गए आवेदन में पीड़ित गृहस्वामी कदहर गांव निवासी सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार-रविवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने मेरे घर से सटे दीवाल से घुसकर सुप्तावस्था में पुत्र और पत्नी के कमरा को बाहर से कुंडी बन्द कर एवं रस्सी से बांधकर आराम से घर में रखे लगभग अस्सी हजार रुपये नकदी, सोने का चैन, हार समेत अन्य सोना-चांदी के जेवरात एवं बेशकीमती साड़ी आदि की चोरी कर आराम से चलते बनें। घटना को लेकर इलाके में दहशत का माहौल कायम होकर रह गया है। बता दें कि इसके पूर्व हाल ही में थाना क्षेत्र के बरौन गांव में 26 अक्टूबर को ललन सिंह एवं अभय सिंह के घर में जबकि 16 अक्टूबर को जोगाचक गांव में होमियोपैथी चिकित्सक डॉ० दिवाकर कुमार के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने लाखों की जेवरात, नकदी आदि की चोरी कर लिया। बावजूद अब तक हुए चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने में पुलिस के असफल रहने से चोरों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है एवं लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास उठता जा रहा है। जबकि थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार घट रही चोरी, छिनतई, मारपीट तथा हत्या की घटनाओं में वृद्धि होने से क्षेत्र के लोगों में काफी दहशत का माहौल कायम हो चुका है। क्षेत्र के लोगों ने नवादा एसपी से कौआकोल थाना क्षेत्र में लगातार घट रही इस तरह की अपराधिक घटनाओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुलिस गश्ती करने एवं अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## कायस्थ परिवारों ने धूमधाम से मनाई चित्रगुप्त की पूजा

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड मुख्यालय में कायस्थ परिवारों द्वारा रविवार को अपने इष्ट देव भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना पंडित जितेन्द्र पांडेय की देख रेख में बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। लोगों ने अपने इष्ट देव से सुख, समृद्धि, शौर्य एवं प्रखर बुद्धिमान की मंगलकामना की। रजौली विष्णु परिवार के डॉ गणेश शंकर, राजीव कुमार, विजय कुमार, संजय कुमार अधिवक्ता, संजय कुमार बब्लू, अजय कुमार उर्फ चुन्नू, पंकज कुमार सिन्हा, पत्रकार राजेश कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार सिन्हा पप्पू, अंकित कुमार, शिवम कुमार, ऋषि कुमार, संजय कुमार सिन्हा, शानू कुमार सिन्हा, अधिवक्ता सुनील कुमार, अधिवक्ता अखलेश कुमार, मुन्ना सिन्हा, सुमन कुमार, विनय कुमार सिन्हा, आशीष रंजन सिन्हा, प्रेम रंजन, राजीव रंजन, प्रियांशू रंजन समेत दर्जनों कायस्थ परिवार के लोगों ने बड़े धूमधाम से आपने इष्ट देव भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना की। साथ ही पूजा उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान चित्रगुप्त की कथा के बारे में पंडितों का कहना है कि भगवान चित्रगुप्त सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा के शरीर से उत्पन्न हुए थे। उनका नामांकरण ब्रह्मा जी के द्वारा किया गया था और उन्हें यमराजपुरी में रहकर धर्म-अधर्म का लेखा-जोखा रखने का कार्यभार सौंपा। तब से लेकर आज तक कायस्थ परिवारों को भगवान चित्रगुप्त का वंशज माना जाता है और तभी से कायस्थ जाति के लोग चाहे व्यवसाय हो या कोई अन्य धंधा। वे खाता-बही रखने का कार्य करते हैं। पूजा कार्यक्रम के मौके पर दर्जनों महिला व पुरुष शामिल थे।

## नावाडीह छठ घाट की साफ-सफाई का कार्य अब होगा शुरू

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

छठ व्रत शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। दीपावली बीतने के बाद अब जा कर कौआकोल स्थित नावाडीह छठ घाट की साफ-सफाई का कार्य शुरू कराया गया है। लिहाजा, यहां की व्यवस्था को लेकर छठ व्रतियों में जो असंतोष था, वह छंट गया है। हालांकि इस घाट की साफ-सफाई को लेकर सरकारी स्तर पर पहल नहीं हो पा रही थी तो सभी काफी निराश थे। छठ घाट पर गंदगी पटी पड़ी थी। लोगों को यह भय सता रहा था कि कहीं छठ व्रतियों को अर्घ्य प्रदान करने में परेशानी बरकरार न रह जाए। हालांकि ग्रामीणों में इस बात की सुगबुगाहट तब भी दिख रही थी कि प्रशासनिक स्तर पर पहल नहीं होती है तो अपने स्तर से स्वयंसेवा कर ही छठ घाट को व्रतियों के अनुकूल बनाने का उपक्रम किया जाएगा। अब ऐसा ही किया जा रहा है। 20वीं सदी से हो रहा है अर्घ्यअर्पण कौआकोल प्रखंड अंतर्गत नावाडीह छठ घाट पर 20वीं सदी से अर्घ्य अर्पित करने की परम्परा चली आ रही है।

## बीपीएससी प्रधान शिक्षक बने जतिन कुमार

निज संवाददाता | नवादा

नवादा शहर के राजेन्द्र नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में टीईटी शिक्षक के रूप में कार्यरत जतिन कुमार बीपीएससी प्रधान शिक्षक के पद पर चयनित हुए हैं। अनारक्षित कोटि में उनकी रैंकिंग 4033 है। हिसुआ प्रखंड के मंझवे निवासी कलमकार राजेश मंझवेकर और गृहिणी मीना देवी के पुत्र जतिन कुमार ने 14 फरवरी 2014 में प्राथमिक विद्यालय न्यू एरिया में ज्वाइन किया था। शिक्षा विभाग के 20 से अधिक प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर रहे जतिन कुमार डीएम कार्यालय के अधीन जनगणना व आपदा प्रबंधन के ट्रेनर भी रह चुके हैं। जबकि सम्पूर्ण नवादा जिले में निष्ठा प्रशिक्षण का भी दायित्व निभाया है। जतिन कुमार अब तक शिक्षा विभाग में 10 साल 08 माह की सेवा पूर्ण कर चुके हैं।

## आदित्य बाबू की मनी 12 वीं पुण्यतिथि

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



पूर्व राज्य मंत्री स्व आदित्य सिंह की 12 वीं पुण्यतिथि इनके पैतृक गांव नरहट में समारोह पूर्वक मनाया गया। पुत्रवधु हिसुआ विधायक नीतू कुमारी, पप्पू सिंह, सुमन सिंह, सौरव सिंह समेत स्वजनों ने विधिवत पूजन अर्चना कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में गण्यमान्य लोगों ने आवास स्थित बने उनके प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाली कला पंचायत के मुखिया धनन्जय कुमार ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदित्य बाबू गरीबों के मसीहा थे। जात पात से ऊपर उठ कर सब के सुख दुख में साथ रहते थे। इस कारण क्षेत्र की जनता ने लंबे समय तक अपने क्षेत्र का विधायक बना कर विधान सभा भेजते रहे। पैक्स अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि पूर्व राज्यमंत्री स्व आदित्य बाबू कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं करते थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा संघर्ष करते रहते थे। सभी लोगों को साथ लेकर चलने का काम करते थे। इस अवसर पर कई लोगों ने इनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पीड़ित परिवार से मिले रघुपति यादव

**आरा।** बड़हरा के गुंडी गांव में मनोज यादव की पत्नी ललिता देवी की निधन की सूचना मिलने पर शुक्रवार की रात युवा नेता सह पूर्व प्रत्याशी रघुपति यादव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बढ़ाते हुए शोक व्यक्त किया। दिवंगत ललिता देवी के तीन मासूम बच्चों के भविष्य को देखते हुए रघुपति यादव ने उनके पढ़ाई- लिखाई की जिम्मेदारी उठाने की बात कही। साथ ही तत्काल अपने स्तर से आर्थिक सहयोग भी किया। रघुपति यादव ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा हूं। इस मौके पर तारकेश्वर पासवान, मुन्ना यादव, चंगनी यादव, मदन यादव लवकुश व अनिल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रधानाध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा में प्रेम बाला हुई सफल

**आरा।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल शुक्रवार को घोषित हो गया। प्रतियोगिता परीक्षा में आरा शहर के पावरगंज गोढ़ना रोड निवासी प्रेम बाला कुमारी ने सफलता प्राप्त की है। प्रेम बाला कुमारी फिलवक्त भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत प्लस टू सरयू विद्या मंदिर सेमरांव में वर्ष 2015 से नियोजित शिक्षक के रूप में कार्यरत है, उनके पति प्रभाकर कुमार भोजपुर समाहरणालय में कर्मी है। प्रेम बाला कुमारी ने बताया कि इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत एवं पति का सहयोग रहा है। टीचिंग के साथ घर के सभी कार्य एवं बच्चे की परवरिश करते हुए मैंने मेहनत कर यह सफलता अर्जित की है। बीपीएससी टीआरई-1 में भी उनका सलेक्शन हुआ था, लेकिन किन्हीं कारणों से वह योगदान नहीं कर पाई। प्रधानाध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा में रिजल्ट आने से घर में खुशी है। वह नये पद पर योगदान कर बच्चों को योग्य भारत के नागरिक बनाने का प्रयास करेंगी।

### तांत्रिक को चाकू मारने वाला किशोर 48 घंटे में गिरफ्तार, बक्सर में चाकू मारकर किया था हत्या

**बक्सर।** बक्सर जिले के नेनुआ गांव में किशोर द्वारा तांत्रिक के हत्या मामले में आरोपी किशोर को 48 घंटे के अंदर हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस दो दिन से किशोर को पकड़ने के लगातार छापेमारी कर रही थी। शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर डुमरांव स्टेशन से पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस आगे की कार्रवाई में लगी हुई है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में किशोर द्वारा कमला साह की हत्या की बात को कबूल किया गया है। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है।



31 अक्टूबर को डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव में तांत्रिक कमला साह अपने दो साल के पोते को लेकर घर के बाहर घूम रहे थे। तभी घात लगाए किशोर ने तांत्रिक पर ताबड़तोड़ 10 से अधिक बार कर दिया। अंत में चाकू तांत्रिक के गर्दन में फंस जाने के कारण चाकू को शरीर में ही छोड़ फरार हो गया। मृतक के बेटा ने किशोर के खिलाफ नामजद प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज कराया था। जिसके बाद से पुलिस किशोर को ढूंढ रही थी। पुलिस को आज गुप्त सूचना मिला कि किशोर डुमरांव स्टेशन के पास देखा गया है। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत स्टेशन पहुंच किशोर को अपने हिरासत में ले लिया। अब न्यायलय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष शम्भू भगत ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नामजद किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। उससे पूछताछ के दौरान अपना गुनाह कबूल किया है। किशोर को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है।

### डॉक्टर समेत अस्पताल कर्मी पर अभद्रता का आरोप, बच्चे को इंजेक्शन देने के लिए एक हाथ में 6 बार नीडल धंसाया

**बक्सर।** बक्सर के मां मुंडेश्वरी अस्पताल कर्मियों पर मरीज के परिजनों ने अभद्रता का आरोप लगाते हुए नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें डॉक्टर, गार्ड सहित 6 से 7 कर्मियों का नाम शामिल है। बक्सर डीएम को इस बार की जानकारी मिलने पर उन्होंने सिविल सर्जन को जांच कर करवाई करने का निर्देश दिया है। घटना के बाद अस्पताल कर्मियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, पीड़ित परिवार ने इस निर्देश से राहत ली। पूरे मामले की जानकारी नगर थानाध्यक्ष संजय सिन्हा ने दी। मामले को लेकर परिजन ने बताया कि उतरप्रदेश के गाजीपुर जिले के महेंन के रहने वाले नाहिद खान और उनकी पत्नी नूर सब्बा खातून अन्य परिजनों के साथ दो माह के बच्चे का इलाज कराने के लिए नगर थाना क्षेत्र के बाईपास रोड में स्थित मां मुंडेश्वरी अस्पताल में पहुंचे। बच्चे को एक इंजेक्शन देने के लिए एक



ही हाथ मे 6 से 7 जगहों पर नीडल धंसाया जा रहा था। जिससे बच्चे का पूरा हाथ लहूलुहान हो गया। इस बात का विरोध करने पर अस्पतालकर्मी गाली देने लगे। महिलाओं के गर्दन में हाथ लगाकर धक्का देने के साथ डंडा से खदेड़ने लगे। जिसको लेकर परिजनों ने नगर थाना पहुंचकर डॉक्टर समेत कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। नगर थानाध्यक्ष संजय सिन्हा ने बताया गया कि पीड़ित परिवार की तरफ से मिले आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। जिसमें पुलिस द्वारा आगे की करवाई की जा रही है। इस मामले को लेकर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि मीडियकर्मियों द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में दिया गया है। सिविल सर्जन बक्सर को निर्देशित किया गया है। जांच के बाद उचित कार्रवाई करे।

## गिरीराज सिंह ने विपक्ष को बताया सनातन विरोधी

# कहा- चंदन लगाने से सनातनी नहीं होता, बंगाल को बांग्लादेश बनाने की साजिश

निज संवाददाता। बक्सर

बीजेपी नेता गिरिराज सिंह एक दिवसीय दौरे पर बक्सर पहुंचे। जहां उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। जिसमें बंगाल सरकार, राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, ओवैसी का नाम शामिल है। मंत्री ने सभी बातों को बक्सर सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गिरिराज सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियों की गिनती करवाया। इसके साथ ही बंगाल में हुए काली पूजा और राजद को लेकर बातचीत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि विपक्ष के सभी लोग सनातन विरोधी हैं।



**बंगाल को बांग्लादेश बनाने की साजिशः** गिरिराज सिंह ने बताया कि बंगाल के हिन्दू अब पलायन कर रहे हैं। इसको लेकर तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव की जुबान क्यों नहीं खुल रही है। वहां काली पूजा में मुसलमानों ने जो किया है। ममता दीदी तो अंधी हो गई हैं। कुर्सी की लालच, वोट की लालच में बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। लेकिन इसका जवाब विपक्ष के सभी नेता जवाब दे। कोलकाता के अंदर काली पूजा नहीं होगी। वहां विसर्जन नहीं होगी तो कहां होगी। ये लोग बताएं कि क्या हमलोगों ने ताजिया पर एक भी पत्थर फेंका। देश को यह बर्दाश्त नहीं है। बंगाल को बांग्लादेश बनाने की साजिश की जा रही है।

**त्रिपुंड चंदन लगाने से सनातन नहीं हो जातेः** कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सनातन की परिभाषा कांग्रेस को कहां से पता रहेगा। त्रिपुंड लगाने से कोई सनातनी नही हो जाता। नेहरू जी ही कहते थे कि बाई डिफॉल्ट हम हिंदू हो गए। वहीं, बाबा बागेश्वर सनातन हिंदुओं को एक करने के लिए पद यात्रा निकाल रहे हैं। जिसको लेकर उनका कहना है कि उनका समर्थन देश के सारे संतो को निकलकर के देना चाहिए। क्योंकि पाकिस्तान में हिंदू बचे नहीं। बंगाल में जिस तरीके से हिंदुओ के साथ हो रहा है। कांग्रेस के लोग भी कह रहे हैं। कि बांग्लादेश यही होगा।

**राजद और लालू यादव पर जमकर हमलाः** राजद और तेजस्वी यादव पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि राजद पूछती हैं कि भारत सरकार ने क्या किया है। तो उनकी बता दूं कि बिहार में गंगा नदियों पर 17 पुल दिया है। मोदी जी के कार्यकाल में मधेपुरा से लेकर माहरौड़ा तक दो रेल की फैक्ट्री लगी है। किसानों को मक्का की कीमत 10 रूपया मिलता था। जो आज 25 से 30 रूपया मिल रहा है। मनरेगा में जिस कांग्रेस के गोदी में लालू जी खेल रहे हैं। केवल 9 हजार करोड़ रुपया दिया था 10 साल में। वहीं, भारत सरकार ने 44 हजार करोड़ रुपया मनरेगा में दिया है। आगे कहा कि चमचमाती हुई फोरलेन और सिक्सलेन जो दिख रही है। जो लालू जी ने कभी सोचा नहीं होगा। ये आज सभी के घरों में बिजली चमक रही है। ये लालू जी के घर से नहीं आया है। मोदी सरकार द्वारा देश में लाया गया है। इसके अलावा आज के समय में बेटियों की आजादी को लेकर नीतीश सरकार को आभार जताया। साथ ही बक्सर की बेटी दीक्षा कुमारी के गोल्ड मेडल जीतने को लेकर बधाई दी।

### छोटी आंत और बच्चेदानी काटकर डॉक्टर फरार, अस्पताल में अबॉर्शन कराने आई थी महिला

**आरा।** आरा के एक नर्सिंग होम में डॉक्टर की लापरवाही से एक महिला जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। अबॉर्शन के दौरान झोलाछाप डॉक्टर ने छोटी आंत और बच्चेदानी को काट दी। जिस कारण महिला की तबीयत ज्यादा खराब है। उसे दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नर्सिंग होम के डॉक्टर ने परिजनों से वादा किया था कि सारा खर्च हम उठाएंगे, लेकिन दो दिन का पैसा देकर अब कंपाउंडर और डॉक्टर दोनों फरार है। छोटी आंत नहीं होने के कारण महिला को खाने में तकलीफ है। पीड़ित महिला भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत धुन्धुआ गांव निवासी इंद्रजीत कुमार की 22 वर्षीय पत्नी ज्योति कुमारी है। परिजनों ने थाने में शिकायत की है। ज्योति कुमारी के पति इंद्रजीत कुमार ने बताया कि हमारी शादी 2022 के मई में हुई थी। एक साल के बाद ज्योति ने एक बेटी को जन्म दिया। 26 अक्टूबर को ज्योति शौच के लिए जा रही थी। तभी उसका पैर फिसल गया था। वो साढ़े तीन माह की गर्भवती थी। इस वजह से महिला को पेट में काफी दर्द होने लगा।

## गोलीबारी मामले में 6 नामजद, 1 को किया गिरफ्तार

# दीपावली के दिन घर में दीप जला रहे युवक को मारी थी गोली, अन्य आरोपियों की तलाश

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव में दीपावली के दिन दीप जला रहे एक युवक को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घायल युवक के बयान पर प्राथमिकी में पट्टीदार रौनक उर्फ रोमित, रोहित और उमेश सिंह समेत छह को नामजद आरोपित किया गया है। पुलिस ने उमेश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़ा गया आरोपी सेवगार गांव का निवासी है। अन्य की तलाश जारी है।



**पटना में चल रहा इलाजः** घायल 18 वर्षीय नीरज कुमार सिंह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव निवासी रविंद्र सिंह का बेटा है। जख्मी युवक को गोली दाएं साइड सिर में लगी है। इलाज पटना के निजी अस्पताल में चल रहा है। मालूम हो कि गुरुवार को दीपावली की शाम जब नीरज कुमार सिंह अपने घर के बाहर दरवाजे पर दीप जला रहे थे, तभी आरोपी ने फायरिंग कर दी।

**केस मैनेज करने के लिए चल रहा था विवादः** घायल को पहले आरा के अस्पताल में ले जाया गया था। वहां से पटना रेफर कर दिया गया। जख्मी नीरज कुमार सिंह के परिजन ने भूमि विवाद और केस उठाने से मना करने पर पट्टीदार ने वारदात को अंजाम दिया। 2022 से 12 डिसमिल जमीन को लेकर अपने ही पट्टीदार से विवाद चला आ रहा है। पूर्व में भी भूमि विवाद को लेकर उक्त पट्टीदार ने गोलीबारी की थी। जिसमें उनकी बहन मधुबाला को गोली लग गई थी। इसे लेकर उस समय 11 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिक कराई थी।

# भोजपुर में पिता-बेटे की हत्या करने वाला गिरफ्तार, दोनों को मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना पुलिस ने पिता-पुत्र की हत्या की गई थी। मामले में एक और वांछित आरोपित मनीष कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को एसपी राज ने बताया कि पकड़ा गया नामजद आरोपित संदेश थाना के जमुआंव गांव का निवासी है। पूर्व के आपराधिक इतिहास के बारे में पता लगाया जा रहा है। विगत सात महीने से पुलिस को उसकी तलाश थी। इससे पहले पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों विनोद यादव व जज यादव को पकड़ा था। दोनों को मुठभेड़ में गोली भी लगी थी। इस कांड में अभी तक तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। मालूम हो कि दो अप्रैल 2024 की सुबह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव में पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतकों में रघुनीपुर निवासी 65 वर्षीय रामाधार यादव और 30 वर्षीय उनके पुत्र मुकेश यादव शामिल थे।





♦ 2 अप्रैल को वारदात को दिया था अंजाम

**50 राउंड से अधिक गोली चली थीः** भूमि विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया था। एसपी प्रमोद यादव के नेतृत्व में तत्काल घेराबंदी की गई थी। मुठभेड़ में विनोद यादव और जज यादव नामक दो बदमाशों को गोली लगी थी, जिन्हें बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इस दौरान एक रायफल, एक बंदूक व 26 कारतूस बरामद हुए थे। मुठभेड़ में दोनों तरफ से करीब 50 राउंड से अधिक गोली चली थी। हत्या व मुठभेड़ को लेकर दो प्राथमिकी हुई थी। हत्या के मामले में 13 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। इस बीच थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में संदेश के जमुआंव गांव में पुलिस ने छापेमारी कर वांछित मनीष कुमार यादव को पकड़ा।

# तीन खतरनाक घाटों पर लगी रोक

निज संवाददाता। आरा

चार दिवसीय छठ महापर्व के लिए मात्र तीन दिन ही शेष रह गए है, लेकिन अभी भी कई घाटों की साफ़-सफाई तक नहीं की गई है और न हीं सभी घाटों पर सुरक्षा के मद्दे नजर बैरिकेडिंग ही की गई है। कई घाट अभी भी गंदगी पसरा हुआ है। कई घाटों के इर्द-गिर्द बड़े होल व अंदर से खोखला दिखाई पड़ रहा है जो खतरनाक साबित हो सकता है। शनिवार को एसडीओ व नगर आयुक्त ने शहर के सभी छठ घाटों के निरीक्षण के उपरान्त भलुहीपुर, बेगमपुर और मीरा चक घाट पर दल-दल और गहरा पानी होने के कारण इन घाटों को डेंजर घोषित कर दिया है। नगर आयुक्त के अनुसार इन घाटों पर व्रत नहीं किये जाने के लिए बैन भी लगाया है, इसके लिए बोर्ड भी लगाया जाएगा। इन दो घाटों पर बैन की घोषणा के बाद, भलुहीपुर और मीरा चक घाट पर व्रत करने



वाले वाले छठ व्रतियों के बीच संशय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगो का कहना है कि इन घाटों पर लगातार करीब 50 वर्षों ऊपर से छठ होते आ रहा है। नगर निगम व जिला प्रशासन सफाई व सुरक्षा का इंतेजाम नहीं कर सिर्फ खतरनाक घाट घोषित कर अपना पल्ला झाड़ लेती है। हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी स्थानीय लोग की मदद से सफाई शुरू की है। छठ महापर्व तक घाट को हमलोग पर्व करने लायक बना देंगे। जबकि नगर निगम का दावा है कि दो खतरनाक घाटों को छोड़कर महापर्व छठ तक शहर के सभी प्रमुख 22 घाटों की साफ़-सफाई एवं सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग कर दी जाएगी। कई घाट अभी हैं असुरक्षित मोती टोला घाट पर जाने के रास्ते खतरनाक साबित हो सकते है। नहर घाट पर अभी भी गंदगी पसरा हुआ है। छठिया घाट के दक्षिणी किनारे पर ओवर ब्रिज के शुरआत के घाट के समीप बड़ा सा होल बना है, उसके निचे की जमीन भी खोखली हो चुकी है जो दुर्घटना का कारण बन सकता है। मीराचक, भलुहीपुर, बेगमपुर घाट व बघउतपुर घाट की निगम की तरफ से कोई सफाई नहीं होने से गंदगी से भरा पड़ा है। श्रद्धालु कई घाटों पर अपने से साफ-सफाई व मिट्टी भराई कर रास्ता बनाने में जुटे है। खतरनाक घोषित घाटों पर जुटेंगे 5 हजार लोग मीराचक निवासी पूर्व वार्ड पार्षद दीपक कुमार उर्फ़ दीपू ने बताया कि भलुहीपुर, मिराचक, बघउतपुर व बेगमपुर घाट मिलाकर करीब 600 रिवार छठ करते है। यहां करीब 6000 की संख्या में लोग घाट किनारे जुटते है। जिला प्रशासन व नगर निगम घाट को दुरुस्त करवाने की बजाय खतरनाक घोसित कर पल्ला झाड़ लेता है। इन घाटों का निर्माण व सफाई के लिए प्रत्येक वर्ष नगर निगम आवाज उठाई जाती है, लेकिन इसका निदान नहीं निकलता है। इन घाटों पर कई पीढ़ी से लोग छठ करते आ रहे है।

> नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 22 प्रमुख घाटों की सफाई की जा चुकी है। कुछ घाटों पर जो भी सफाई बाकी रह गई है, उसे एक से दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। घाटों पर सुरक्षा के मद्दे नजर बैरिकेडिंग का काम भी शुरू हो गया है। चेंजिंग रूम, रौशनी समेत सभी व्यवस्था को महापर्व शुरू होने से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा।
>
> **- निरोज कुमार भगत, नगर आयुक्त**

# खेलते समय टूटी हड्डी, मिला हाफ पैंट का ताना, गोल्ड मेडल जीतकर दी जवाब

निज संवाददाता। बक्सर

सीनियर वुशु अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप जॉर्जिया 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली बक्सर के किसान बलवंत सिंह की बेटी दीक्षा ने भारत समेत अपने राज्य और जिला का मान बढ़ाया है। अपनी जीत के बाद वो अपने पैतृक गांव बक्सर पहुंची। जहां उन्हें बधाई देने के लिए लोगों की लाइन लगी हुई है। दीक्षा ने इंटरनेशनल वुशु टूर्नामेंट में 48 किलो भार वर्ग प्रतिद्वन्दी इंडोनेशिया के खिलाड़ी को मात दी।

**खेलते समय टूट गई थी हड्डीः** दीक्षा ने बताया कि गोल्ड मेडल तक पहुंचाने के लिए संघर्ष तो बहुत करना पड़ा है। 2015 से ही अपने बहन के साथ इस गेम को स्टार्ट कर दिया था। शुरुआत के दिनों में पहले स्कूल में खेलना शुरू की। स्कूल से डिस्ट्रिक्ट लेवल पर खेलने लगी। फिर स्टेट लेवल पर खेली। बहुत बार हार का समाना कराना पड़ा। नेशनल चैम्पियनशिप के दौरान मेरी गर्दन के पास कैपिकल की हड्डी टूट गई थी। उसके बाद मैं दो साल तक बैठी हुई थी। जब तक ठीक नही हो जाती तब तक मैं कुछ नहीं खेल सकती थी। लेकिन मेरे पापा और मेरे बहन निधि कुमारी ने कहा की आप कर सकते हो। इसके बाद मैने आगे फिर से शुरुआत की। जिसमें मेरे कोच ने बहुत स्पोर्ट किया। बक्सर के मुकेश सर का बड़ा हाथ है। जिनके कारण आज मैं गोल्ड मेडल लाने में सफल हो पाई हूं। फिलहाल मणिपुर में स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में ट्रेनिंग ले रही हूं।

**हाफ पैंट का मिला ताना, मैडल से दी जवाबः** दीक्षा ने बताया कि सभी लड़कियों की तरह खेल-खेल में इसकी शुरुआत की। उतना तो नहीं लेकिन कुछ लोगों ने कहा कि लड़की है। हाफ पैंट में घूमेगी। उस वक्त मेरे परिवार ने मुझे सपोर्ट किया था। जिससे मुझे सोचने का समय ही नहीं दिया कि मैं हाफ पैंट में खेलूंगी। हाफ पैंट में जाकर बाहर ट्रेनिग करूंगी। कोई अगर कुछ बोलता था तो पापा बोलते थे कि कोई बात नहीं। बोलने दो तुम मेडल लाओ और उसका जवाब दो। वहीं, अगर दूसरे देश की लड़कियों को हराने में कामयाब हुई हूं तो इसमें मां और मौसी के हाथ का हेल्दी खाना का भी कुछ कमाल है। क्योंकि दोनों सफल गृहिणी हैं। जब मैं खेलने के लिए जर्जीया गई थी तो



मां रीता देवी, देवी माता के सामने बैठ प्रार्थना कर रही थी।

**गांव के माता-पिता अपनी बेटियों को खेल में आगे बढ़ाएः** बातचीत के दौरान गोल्ड मेडलिस्ट दीक्षा कुमारी ने ग्रामीण क्षेत्र के मां बाप से हाथ जोड़ के अपील करते हुए कहा कि गांव की जो लड़कियां हैं। उनके माता पिता उनको बाहर जाने से रोकते हैं। माता पिता का कहना है जितना पढ़ाई करना है करो यानी उनको पढ़ाई तक ही सीमित रखते है। तो मैं उनसे एक आग्रह करना चाहूंगी कि कम से कम वो अपनी बेटियों को घर से बहार निकाले। खेल की दुनिया में उतार कर देखे उनके पीछे पूरा गांव है। देश है। हमारी सरकार है। मैं चाहती हूं कि मेरे जैसी सैकड़ों लड़कियां खेल क्षेत्र में निकले।

**डीएम से मिला सम्मानः** बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने दीक्षा और उनकी बहन निधि को सम्मानित किया है। कहा कि न केवल बिहार अपितु पूरे देश को गौरवान्वित किया है। जॉर्जिया में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में इन्होंने इंडोनेशिया के धुरंधर खिलाड़ी को हराकर प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत अनुशासन और अटूट समर्पण का प्रमाण है। सफलता के इस संघर्ष एवं कठिनाइयों के सफर में बिहार खेल प्राधिकरण का भी योगदान रहा है। जिसको लेकरउन्हें पुरस्कृत करते हुए हौसला बढ़ाया गया है।

**नाक नहीं टूटने और झुकने दूंगी का किया था वादाः** बता दें कि बक्सर के किसान बलवंत सिंह की दो बेटियां हैं। दीक्षा और निधि दोनों वुशू खेल की चैंपियन हैं। बड़ी बेटी निधि नेशनल लेवल पर कांस्य पदक विजेता है। वहीं, छोटी बेटी दीक्षा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जॉर्जिया के बटूमी में आयोजित 2024 वुशू में स्वर्ण पदक जीती हैं। दीक्षा की प्रारंभिक शिक्षा बक्सर से ही शुरू हुई है। आचार्य देव नंद मध्य विद्यालय में क्लास 8 तक पढ़ाई की। उसके बाद पल्स टू तक की पढ़ाई बक्सर एमपी हाई स्कूल से की। फिलहाल बक्सर MV कॉलेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही हैं। दीक्षा इस साल बीए पार्ट थर्ड की छात्रा हैं। जहां के खेले टीचर अरविंद कुमार का भी इस मैडल में काफी सहयोग मिला है। वहीं, इस जीत को लेकर दीक्षा के भाई विनय कुमार सिंह का कहना है कि अपनी बहन की इस सफलता पर काफी खुश हूं। बहुत दिनों से जीत और हार रही थीं। लेकिन उसे जो मुकाम चाहिए था वह मिला है। हम इससे बोले थे कि हमको बाहर से मेडल ला के दो। साथ ही कहा था कि अपना नाक बचा के खेलना। इसने मुझसे वादा किया था कि न मैं नाक टूटने दूंगी और ना ही नाक झुकने दूंगी। बहन ने अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर मुझे दिया है। मैं भगवान से प्रार्थना करूंगा की हर जन्म में यह मेरी बहन रहे और मैं इसका भाई रहूं।

### भोजपुर में पलटा ऑटो, एक की मौत, बाइक की टक्कर से हादसा, दुर्घटना में तीन लोग घायल

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरांव गांव के समीप शनिवार की रात एक ऑटो पलट गया। बाइक की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित हो गया था। हादसे में ऑटो सवार एक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। सभी को आरा सदर अस्पताल लाया गया। एक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

वहीं, घायलों में एक की स्थिति गंभीर है जिसे पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव वार्ड नंबर-10 निवासी 50 वर्षीय शिव कुमार पासवान है। घायलों में उनके बड़े भाई 60 वर्षीय राजेश्वर पासवान समेत दो अन्य लोग शामिल हैं। मृतक शिवकुमार पासवान के नाती विशाल कुमार ने बताया कि वह अपने बड़े भाई राजेश्वर पासवान की बेटी सरस्वती देवी की शादी का डेट तय करने के लिए रोहतास जिला के गोड़ारी थाना क्षेत्र के बुढ़वल गांव गए थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### महिला के साथ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**तारापुर**। तारापुर थाना के नवटोलिया गांव में शराब छुपा कर रखने से मना करने पर महिला के साथ मारपीट के नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को घटना में शामिल नवटोलिया गांव का अभिनंदन उर्फ प्रज्ञा यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नवटोलिया की कल्पना देवी ने 30 सितंबर को तारापुर थाना में आधे दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध उनके और उनके परिवार के साथ मारपीट कर जख्मी किए जाने का केस दर्ज किया था। महिला का आरोप था कि आरोपित उनके बगीचा में शराब छुपा कर रखता था और कारोबार करता था। जिसका यह बराबर विरोध करती थी। उसी के फलस्वरूप इसके साथ मारपीट की गयी।

### 10 नवंबर तक बंद रहेगा मुंगेर विश्वविद्यालय

**मुंगेर**। 31 अक्टूबर से लेकर 9 नवंबर तक विश्वविद्यालय एवं उसके अंतर्गत सभी कॉलेज बंद रहेंगे। 10 नवंबर को रविवार है। इसलिए अब 11 नवंबर को ही विश्वविद्यालय खुलेगा। विवि द्वारा बुधवार को जारी किए गए सूचना के अनुसार दीपावली, चित्रगुप्त पूजा, भाई दूज, छठ महापर्व के अवसर पर मुंगेर विवि मुख्यालय एवं उसके अंतर्गत आनेवाले सभी महाविद्यालय एवं कार्यालय बंद रहेंगे।

### 18 वर्ष के युवा बनवा सकते हैं वोटर कार्ड

**मुंगेर**। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम को लेकर 29 अक्टूबर से मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम शुरू हो गया है। 1 जनवरी 2025 के आधार पर फोटो निर्वाचक सूची में नाम युवा वर्ग जुड़वा सकते हैं। उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बीएलओ की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जहां आप स्वयं भी उनके माध्यम से नाम निर्वाचक सूची में जुड़वा सकते हैं। 18 वर्ष की उम्र सीमा पार करने अथवा अधिक उम्र वाले युवा व युवती मतदाता सूची में नाम पंजीकृत करा सकते हैं। सूची में नाम जोड़ने का काम 28 नवंबर तक चलेगा। 2 और 3 नवंबर के अलावा 23 और 24 नवंबर को विशेष अभियान चलाकर युवा मतदाताओं को पंजीकृत किया जाना है।

### श्रीकृष्ण वाटिका को सुदृढ़ करने को लेकर वन विभाग को सौंपा ज्ञापन

**बरियारपुर**। आजाद हिंद सामजिक संगठन के सदस्यों द्वारा ऋषिकुंड हॉल्ट के समीप रेल पटरी किनारे बसे गंगा कटाव से पीड़ित जो बाढ़ से ग्रसित थे ऐसे जरुरतमंद परिवारों के बीच दीपावली से पूर्व मिठाई, मिट्टी के दीपक, तेल, बत्ती, फुलझड़ी, लावा व मूढ़ी आदि सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के संस्थापक मोहित चौधरी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि संगठन के द्वारा जो सहयोग किया जा रहा है, वह संगठन के सभी सदस्य एवं आम नागरिकों से सहयोग लेकर किया जा रहा है। उन सभी लोगों को धन्यवाद, जो उन्होंने इन जरूरतमंदों के दर्द को समझते हुए इनके सहयोग के लिए आगे आए। मौके पर यशवंत गौरव, शिवम, नीतीश, कौशल, करण, आदित्य जयसवाल, जितेन्द्र, राहुल, प्रदुम्य कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### बड़े भाई पर गोली चलाई, छोटे को चाकू घोंपा

**भागलपुर**। मोजाहिदपुर में बेलगाम अपराधियों का आतंक देखने को मिला। अपराधियों ने दिन में बड़े भाई पर हत्या की नीयत से गोली चलाई और फिर रात में उसके छोटे भाई के सिर में चाकू घोंप दिया। इस बीच बड़ी बहन को भी लाठी-डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया गया। दोनों जख्मी भाई-बहन का इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने मोजाहिदपुर थाना में आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत की। घटना मोजाहिदपुर के मौलानाचक स्थित कसाई टोला की है। गोली चलाने का मामला शुक्रवार दोपहर का है। चाकूबाजी की घटना नौ बजे रात के करीब की है।



जख्मी युवक मो. सरीक (20) मौलानाचक निवासी मो. मंजूर का छोटा बेटा और बेटी बीवी गुलफसा शामिल है। मो. मंजूर ने बताया कि मेरे घर के पास रहने वाले एक शख्स का मोबाइल व गहना चोरी हो गया था। घटना के बारे बड़े बेटे मो. अशरफ को जानकारी हुई। उसने अपने स्तर से छानबीन कर मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी से सामान वापस करने को कहा। उसके कहने पर आरोपियों ने मोबाइल व गहना वापस कर दिया। लेकिन इसी बात को लेकर दोपहर में हुसैनपुर के कुछ आपराधिक तत्व ने मेरे बड़े बेटे अशरफ पर फायरिंग कर दी। उसमें वह बच गया। मामले में हमलोगों ने थाना में लिखित शिकायत की थी। फिर शाम में वहीं अपराधी 25-30 की संख्या में मेरे घर पर हमला कर दिया। मेरे छोटे बेटे सरीक के सिर में चाकू घोंप दिया। मेरा बेटा खस्सी बेचने का काम करता है।

### अगले सत्र से पिछड़ा व अतिपिछड़ा वर्ग की 520 छात्राएं करेंगी पढ़ाई



**शाहकुंड**। प्रखंड मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर 33 करोड़ 89 लाख रुपए की लागत से 520 बेड वाले पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के लिए कन्या आवासीय प्लस टू विद्यालय बनकर लगभग तैयार हो गया है। इसके जल्द ही प्रारंभ होने के संकेत डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने दिए हैं। डीएम शनिवार को विद्यालय की जांच करने पहुंचे थे। उन्होंने भवन निर्माण विभाग के अधिकारी और ठेकेदार को शेष कार्य को 10 दिन में हरहाल में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल के हर पहलूओं पर अधिकारियों से चर्चा की। आवासीय विद्यालय में बिजली की व्यवस्था करने, किचन के बचे कार्यों को जल्द पूरा कराने को कहा। आवश्यकता के अनुसार एसी लगाने की भी बात कही गई। खुले ग्राउंड पर ग्रास कार्पेरिट वाले काम कराने के निर्देश ठेकेदार को दिए। छात्राओं के लिए खेल मैदान व जिम की व्यवस्था करने को लेकर निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि अगले सत्र में निश्चित रूप से यहां पढ़ाई शुरू कराई जाएगी। यहां 520 छात्राओं का नामांकन होगा। उनके रहने और भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। डीएम ने जिस तरीके से स्कूल के हर पहलूओं का बारीकी से निरीक्षण के बाद निर्देश दिए हैं, ऐसी संभावना जताई जा रही है, कि सीएम स्कूल का उद्घाटन कर सकते हैं। लोगों में ऐसी चर्चाएं भी हैं। लेकिन पूछे जाने पर उन्होंने इस तरह की कोई भी सूचना नहीं होने की बात कही है। स्कूल के निरीक्षण के बाद डीएम प्रखंड कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पूरे कैंपस का मुआयना किया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के लिए पूर्व प्रेषित नए भवन निर्माण के प्रस्ताव के आलोक में डीएम ने डीडीसी को नए भवन के निर्माण के लिए आवंटन प्राप्त करने को विभाग से समन्वय स्थापित करने तथा उपयुक्त स्थल चिह्नित कर भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को नए भवन का नक्शा बनाने को कहा। साथ ही शाहकुंड सीओ को पूरे प्रखंड कार्यालय परिसर का सीमांकन करने, कितनी जमीन है इससे अवगत कराने का निर्देश दिया। गौर हो कि शाहकुंड प्रखंड कार्यालय के सभी भवन जर्जर हो चुके हैं। छत का प्लास्टर गिरने से एक कर्मचारी घायल भी हो गया था। कार्यालय की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। प्रखंड कार्यालय के पीछे उद्यान विभाग की लगभग 17 से 18 एकड़ में स्थित परियोजना बाग में पौधे लगाने के लिए डीडीसी को मनरेगा व उद्यान विभाग को निर्देश दिए।

# भागलपुर में पूजा समितियों के बीच विवाद, फेंकी कुर्सियां

**अपशब्द कहने पर बढ़ा आक्रोश, मामला शांत कराने के लिए पुलिस को लेना पड़ा हथियार का सहारा**

निज संवाददाता। भागलपुर

परबत्ती की काली प्रतिमा स्टेशन चौक पर पहुंची। जिसके बाद परबत्ती की पूजा समिति और केंद्रीय पूजा समिति के बीच जमकर विवाद हुआ। कुर्सियां भी फेंकी गई। एक पुलिस वाले ने मामला शांत कराने के लिए पिस्टल निकाल ली। बाद में मामला किसी तरह शांत हुआ। केंद्रीय पूजा समिति के लोग स्टेशन चौक पर मंच से अपनी बातें रख रहे थे। इसी दौरान पूर्व मेयर वीणा यादव का भाषण चल रहा था। तब तक परबत्ती की प्रतिमा वहां पहुंची। इसी बीच केंद्रीय पूजा समिति की ओर से जुटी भीड़ में से किसी ने परबत्ती के लोगों के प्रति अपशब्द और असामाजिक तत्व कह दिया।



**पुलिस वाले को निकालनी पड़ी पड़ी पिस्टलः** इससे नाराज परबत्ती पूजा समिति के विश्वेष आर्या ने विरोध जताते हुए कहा कि इस तरह की बात गलत है। तभी केंद्रीय पूजा समिति के ब्रजेश का नाम किसी ने लिया। ब्रजेश साह ने भी आपत्ति जताई और कहा कि उनका नाम क्यों लिया गया। इतने में ब्रजेश शाह के पास खड़े एक युवक ने तलवार पटक दी। इससे मामला और बिगड़ गया। परबत्ती के युवकों ने गुस्से में मंच पर कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दी। मंच पर मौजूद मेयर डॉ. वसुंधरा लाल और कई लोग मंच से उतरकर चले गए। मामले को शांत कराने के लिए एक पुलिसकर्मी ने अपनी पिस्टल निकाल ली।

**तीन घंटे तक रहा तनावः** दोनों पक्ष में तनाव की स्थिति करीब तीन घंटे तक बनी रही। मौके पर भागलपुर के सिटी डीएसपी-टू राकेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार सिंह समेत कई थाने की पुलिस पहुंची। फिलहाल स्थिति सामान्य है। सिटी डीएसपी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी युवक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। स्थिति नियंत्रण में है।

## मेला देखने जा रहे युवक को बनाया बंधक

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में शनिवार की देर रात मेला देखने जा रहे युवक को बंधक बना लिया गया। प्रेमिका पर आरोप है कि सड़क से खींचकर अपने घर ले गई और उसे बंधक बना लिया। युवक की पहचान रोहित कुमार (28) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है की प्रेमिका करिश्मा शादीशुदा है और उसका प्रेमी पड़ोसी है। प्रेमिका की शादी के बाद पति एक (रेप) केस में जेल में है। बताया जा रहा है कि कई दफा दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा जा चुका है। लोगों के बीच चर्चा है कि करिश्मा रोहित से शादी करना चाहती है, लेकिन रोहित शादी करने से इनकार कर रहा। मामला मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के भदोरिया पंचायत स्थित गंगा प्रसाद टोला का है।

**किसी भी हाल में शादी नहीं कराएंगेः** लड़की के पिता कंपनी यादव ने कहा कि करिश्मा और रोहित को घर में देखा। जिसके कारण बंधक बनाया गया। कोई सड़क से किसी को कैसे खीचेंगा। कई बार दोनों को एक साथ पहले भी पकड़ा जा चुका है। लड़के की मां ने कहा कि काली मंदिर में प्रतिमा देखने के लिए जा रहा था। रोहित करिश्मा के घर होकर गुजर रहा था। करिश्मा जबरदस्ती उसको खींचकर अंदर ले गई और कमरे में बंधक बना लिया। हल्ला करना शुरू कर दिया। पिता ओमप्रकाश यादव का कहना है की शादी किसी भी हाल में नहीं कराएंगे।

**स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी जानकारीः** आसपास स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मधुसूधनपुर थानेदार सफदर अली अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय वार्ड, सरपंच और गांव के बुजुर्ग भी आएं। मामले को शांत कराते हुए युवक और युवती को थाना लाया गया। लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं है।

## भागलपुर में ड्यूटी पर लौटे एंबुलेंस चालक

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में वेतन भुगतान समेत अन्य मांगों को लेकर एंबुलेंस चालक हड़ताल पर थे। जो अपने काम पर लौट गए हैं। दरअसल, शुक्रवार को जिला एंबुलेंस संघ के आह्वान पर बिहार के 15 जिलों में करीब 232 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल शुरू हुई थी। जो शनिवार को समाप्त हो गया। भागलपुर जिले में हड़ताल के कारण 60 एंबुलेंस का संचालन ठप हो गया था। करीब 24 घंटे तक चली हड़ताल में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्राइवेट एंबुलेंस चालकों पर बढ़ गई थी। मरीज के परिजनों को मोटी रकम भी देनी पड़ रही थी।



**लिखित रूप से आश्वासन दियाः** इधर, जिला एंबुलेंस संघ की मांगों को देखते 102 के जिला ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार के आश्वासन के बाद एंबुलेंस चालक फिर से अपनी ड्यूटी पर आ गए हैं। अब मरीजों को परेशानी नहीं होगी। बाकायदा मुकेश ने कागज पर लिखित रूप से दिया है कि नई एंबुलेंस आने के बाद सभी को काम पर वापस बुलाया जाएगा। बकाया वेतन का भुगतान भी जल्द कर दिया जाएगा। एंबुलेंस संघ के अध्यक्ष लालू यादव ने बताया कि एक नवंबर से पूरे राज्य में सरकार ने नई एजेंसी को 102 एंबुलेंस के संचालन का जिम्मा दे दिया। भागलपुर के 80 चालकों को घर बैठने को कहा गया।

## रात में मेला देखकर लौटा घर, सुबह मिली लाश, भागलपुर में कमरे में फंदे से लटका मिला युवक

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में फंदे से झूलकर एक युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक ने रस्सी के सहारे घर के एक कमरे में घटना को अंजाम दिया है। हालांकि, फंदे से झूल रहा युवक का पैर जमीन में सटा हुआ है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची लोगो के भीड़ में कई तरह की चर्चा है। हालांकि इस मामले में परिजनों का कहना है कि उन्होंने आत्महत्या किया है। हालांकि आत्महत्या क्यों किया है परिजन खुलकर नहीं बता रहा है, घटना की सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। मामला सबौर थाना क्षेत्र के राजांदीपुर वार्ड संख्या - 6 का है। जहां रविवार को मृतक के परिजनों ने घर के एक कमरे में फंदे से लटकता हुआ सूरज का शव देखा। इसके बाद मृतक के बहन ने शोर मचाकर कर



अन्य परिजन व लोगों को जानकारी दी। मरने वाले की पहचान बागेश्वर मंडल के पुत्र सूरज कुमार(20) के रूप में की गई है। इधर, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शनिवार की रात सूरज काली विसर्जन को देखने के लिए गया हुआ था। पिता बागेश्वर मंडल ने उनको रुपए भी दिया था देर रात वापस आने के बाद उन्होंने कब फंदे लगाकर खुदकुशी किया या परिजनों को पता नहीं है। बताया जा रहा है कि घर में सिर्फ मृतक के बहन और उसकी मां थी। पिता कहीं गया हुआ था। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन कर रही है। मामले को लेकर पिता

**♦ पैर जमीन से था सटा**

बागेश्वर मंडल ने बताया कि देर रात वह मेला देखने के लिए गया। सूरज को रुपए भी दिए गए थे। फिर हम घर से घूमने चले गए। रविवार को पता चला कि सूरज ने खुदकुशी कर लिया। उन्होंने आगे बताया कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं है।

ना ही सूरज डिप्रेशन के बारे में हम लोगों को कुछ बताया था। आत्महत्या उन्होंने क्यों कि इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। इधर, सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सबौर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुटी हुई है। सबौर थाना अध्यक्ष विवेक जायसवाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।।

## मुआवजा नहीं मिलने से बाढ़ पीड़ित नाराज, भागलपुर में प्रखंड कार्यालय का ग्रामीणों ने किया घेराव

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय का घेराव करते हुए हंगामा किया। ये अंचल कार्यालय के बाहर धरना पर भी बैठ गए। लोगों का आरोप है कि अंचला अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी की मिली भगत से सरकार से मिलने वाले बाढ़ पीड़ितों के मुआवजा राशि का बंदर बांट हुआ है। मालूम हो कि पुलिस जिला नवगछिया के दर्जनों पंचायत बाढ़ की चपेट में आया था। इससे करीब 50 हजार आबादी प्रभावित हुआ था। शनिवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में गोपालपुर प्रखंड के इस्माइलपुर इलाके के 200 से अधिक संख्या में लोग प्रखंड कार्यालय पहुंचे। वहां पर जमकर हंगामा किया। करीब 3 घंटे तक लोगों ने प्रखंड कार्यालय में हंगामा किया। गुस्साए ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग बाढ़ पीड़ित

**50 हजार आबादी बाढ़ से थी प्रभावित**



है। लेकिन, सरकार ने मिलने वाले मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। जिला अधिकारी नवल किशोर चौधरी ने दुर्गा पूजा के पहले मिलने की मुआवजा मिलने की बात कही थी। लेकिन, दुर्गा पूजा बीत गया। अभी तक हम लोगों को मुआवजा नहीं मिला है। वहीं, उन्होंने आगे बताया कि अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी के मिली भगत से हम लोगों को मिलने वाली मुहावजा राशि दूसरे गांव के उन लोगों को भी बांट दिया, जो नाबालिग और जिसकी मौत हो चुकी है।

**बाढ़ की चपेट में आने से फसल बर्बादः** ग्रामीण आगे बताते है कि बाढ़ के चपेट में हम और हमारा जमीन आया था। किसानों का कहना है कि बाढ़ की चपेट में आने से फसल बर्बाद हो गई। घर तबाह हो गया। घर में रखे राशन से लेकर माचिस तक नहीं बचा। लेकिन, हमें ही सरकार से मिलने वाले मुआवजा की राशि नहीं मिली। मुहावजा राशि उन लोगों को मिला, जिनकी कई साल पहले मौत हो चुकी है। जो अभी नाबालिग है। यह सब कुछ संभव अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी के मिली भगत से हो पाया है। हम लोग प्रखंड कार्यालय का बार-बार चक्कर लगाते हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। गुस्साए लोगों ने यह भी कहा कि यदि जल्द ही इसका निराकरण नहीं किया गया, तो हम लोग जिला स्तर पर भी अपनी मांग को रखेंगे।

## 3 युवक को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, 2 की मौत

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में सड़क हादसा हुआ है। बाइक सवार तीन युवक को ईंट लदे ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवक की इलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में मौत हो गई है। जबकि एक युवक का इलाज चल रहा है घटना सुल्तानगंज असरगंज मुख्य मार्ग के शिवनंदनपुर गांव के समीप शनिवार की शाम हुई। हादसे के बाद लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना के बाद मौके पर सुल्तानगंज थाना अध्यक्ष प्रियरंजन कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बाइक को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**घायल खतरे से बाहरः** मरने वाले की पहचान बांका के रजौन निवासी रूपेश कुमार और मुंगेर के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के चंदनिया गांव निवासी धनंजय सिंह के बेटे प्रिंस कुमार (22) के रूप में की गई है। जबकि, जख्मी सुल्तानगंज के आशियाचक नवीन टोला के मनजीत कुमार का इलाज जारी है। उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि तीनों दोस्त एक बाइक पर सवार होकर सुल्तानगंज स्थित गंगा स्नान कर असरगंज की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही ईंट लदे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी।

## महिला से अभद्र व्यवहार करने पर मारपीट

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के बरियारपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार को रोकने पर हिंसक घटना घटी है। जिसका वीडियो सामने आया है। घटना 30 अक्टूबर की बताई जा रही है। वहीं पीड़ित पक्ष ने थाने में आवेदन देते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि 30 अक्टूबर को पड़ोसी संजय पांडे के बेटे निलय कुमार उर्फ सोनू कुमार ने उसके घर में घुसकर अभद्रता की। महिला ने शोर मचाया, जिस पर बाहर काम कर रहे उसके पति और बेटे ने दौड़कर आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी ने महिला और उसके परिवार पर हमला कर दिया, जिससे महिला के सिर पर गहरी चोट आई और उसके पति का हाथ टूट गया। महिला का बेटा भी इस हमले में घायल हो गया। पीड़िता का दावा है कि आरोपी उसके



घर से 6500 रुपए नकद और कुछ जेवरात लेकर फरार हो गया। घटना के बाद महिला ने बरियारपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में पहले भी रास्ते को लेकर विवाद होते रहे हैं। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालयः अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गढ़वा।**
**(गोपनीय शाखा)**
**सामान्य-आदेश**

प्राप्त सूचनानुसार दिनांक 04.11.2024 को श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार का गढ़वा में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस क्रम में माननीय प्रधानमंत्री महोदय दिनांक 04.11.2024 को गढ़वा सदर प्रखण्ड के चेतना ग्राम स्थित मैदान में एक जनसभा हेतु पहुचेंगे। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से उक्त स्थल के आस-पास के क्षेत्रों में **No Flying Zone/Red Zone** घोषित करने का निदेश प्राप्त है।

अतः सुरक्षा के दृष्टिकोण से निषेधात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है। इसी आलोक में **मै संजय कुमार, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गढ़वा (सदर)** संतुष्ट होकर **बी0एन0एस0एस0 की धारा-163** के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा जारी करता हूं कि:-

1. दिनांक 04.11.2024 को गढ़वा के चेतना ग्राम के उक्त मैदान से 2 किलोमीटर की परिधि को **Drones, Paragliding and Hot Air Balloons** के संदर्भ में '**No Fly Zone**' घोषित किया जाता है तथा उक्त क्षेत्र में एवं उसके उपर Drones, Paragliding and Hot Air Balloons को उड़ाना पूर्णतः वर्जित रहेगा।

यह निषेधाज्ञा दिनांक 04.11.2024 के प्रातः 05:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक के लिए लागू रहेगी।

**यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।**

संजय कुमार, झा0प्र0से0
अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सदर गढ़वा।

PR 339816 (Garhwa)24-25*D

# छोटे भाई के मौत की खबर सुनकर बड़े भाई की सदमे से हुई मौत

- दोनों भाई अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए
- रांची में आंत में इन्फेक्शन की वजह से भर्ती थे छोटे भाई

निज संवाददाता | छतरपुर (पलामू)

रविवार को भाईदूज के दिन दो भाइयों की मौत ने गांव का माहौल गमगीन कर दिया, घटना छतरपुर के मुंकेरी गांव अंतर्गत मनहू टोला की है। मुंकेरी निवासी नंदू साव जो कि तीन दिनों से रांची में आंत में इन्फेक्शन की वजह से भर्ती थे, रविवार को उनकी मौत हो गई। छोटे भाई की मौत की खबर सुन बड़े भाई झगडू साव इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाए और दिल का दौरा पड़ने की वजह से उनकी भी मौत हो गई। इस घटना ने हर किसी को झकझोर के रख दिया, दोनों भाई अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। घटना की सूचना पर पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने भी गांव में पहुंच परिवार को सांत्वना दिया।

## बाईक सवार युवक ने हाईवा ट्रक को मारी ठोकर, युवक गंभीर

निज संवाददाता | गोपीकांदर

गोपीकांदर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर-साहेबगंज हाइवे पर गमहरिया के पास रविवार को एक बाईक सवार युवक ने अपने से आगे चल रहे हाईवा ट्रक के पीछे ठोकर मारने से बाईक सवार युवक गंभीर से घायल हो गया है। बता दें कि घायल युवक कुडुम्बा गांव के बाबूराम हेंब्रम (30) वर्ष बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन के द्वारा घायल को इलाज हेतु गोपीकांदर सीएचसी लाया गया जहां पर डां सुमित आनन्द के द्वारा प्रथमिक उपचार कर बेहतर इलाज दुमका फूलों-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

घायल बाबूराम के धर्मपत्नी मालोती मुर्मू ने बताया कि बाबूराम अपना दुकान के लिए बाईक से कुडुम्बा से आमरापाड़ा पेट्रोल पंप पेट्रोल लेने जा रहा था आमरापाड़ा जाने के दौरान गमहरिया के पास आगे चल अज्ञात हाईवा के द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से बाबूराम का संतुलन खोने से वह अपने से आगे चल रहे हाईवा में ठोकर मार दिया। जिससे बाबूराम रोड में बना गड्ढा में गिर गया। गड्ढा में गिरने से बाबूराम गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सक डॉ सुमित आनन्द ने बताया कि बाबूराम के सिर और दाये पैर में गंभीर चोटे आई हैं।



# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने पुलिस ठहराव केंद्र का किया निरीक्षण

निज संवाददाता | पथरगामा




आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने पथरगामा प्रखंड में पुलिस ठहराव केंद्रों का निरीक्षण किया। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण में गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास, महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद, और थाना प्रभारी रामसूरत यादव अपने दल बल के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ठहराव केंद्र में स्थापित शौचालय, पानी, बिजली, और अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पथरगामा के विभिन्न स्थलों का भी निरीक्षण किया, जिनमें एनजी उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, बालक मध्य विद्यालय, इंटर कॉलेज, एसबीएसएसपीएस पथरगामा कॉलेज, और चिहारी पहाड़ विवाह भवन शामिल हैं। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव की तैयारियों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना है, ताकि चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की ठहराव की आवश्यकता को पूरी किया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया है, जिससे चुनाव की प्रक्रिया सुचारू और सुरक्षित हो सके। इस प्रकार के निरीक्षण से यह स्पष्ट है कि प्रशासन चुनाव के दौरान सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और सुविधा के स्तर को बनाए रखने के लिए तत्पर है। प्रशासन की इस सक्रियता से स्थानीय निवासियों में भी सुरक्षा की भावना बढ़ी है, और यह उम्मीद की जा रही है कि चुनाव शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न होगा।

## भक्तों ने नम आंखों से माता काली को दी विदाई

निज संवाददाता | गोड्डा

आदिशक्ति मां काली पूजा समापन के पश्चात भक्तों ने माता को नम आंखों से विदा किया। काली पूजा में दो दिनों के अनुष्ठान के बाद रविवार को जब माता के विदाई की बेला आई तो मां से दूर होने का गम कमोबेश हर भक्तों के आंखें मे आसु स्पष्ट दिखा रही थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने काफी मायूसी के साथ माता को विदा किया। वहीं काली पूजा उत्सव को लेकर पूरा गांव मां की अंतिम विदाई के दौरान उमड़ पड़ा। भक्तों की अश्रुपूरित आंखे विदाई के दौरान माता से सुख-समृद्धि और निरोग रहने की कामना कर रही थी। हनवारा थाना क्षेत्र के विश्वासखानी गांव में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां काली को विदाई दिया। वहीं महिला एवं पुरुष एक दूसरे को अमीर व गुलाल लगाकर विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने मां से सुख समृद्धि की कामना की।

इस बाबत गांव के गलियारे से शोभा यात्रा निकालकर माता के जयकारे लगाए सुबह से ही पूजा पंडालो में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जैसे-जैसे माता की विदाई की बेला करीब आई लोगों की आंखें नम हो गई विदाई से पहले महिलाओं ने माता का सिंगार किया, इस दौरान पंडालो में भावुक करने वाली विदाई गीत बजती रही। वहीं पंडालो का नजारा ऐसा था जैसे मायके से बेटी की विदाई हो रही है। मौके पर पूजा समिति के सदस्य अनूप लाल सिंह, दीपक सिंह, राकेश सिंह, राजकुमार पासवान, विष्णु कुमार ठाकुर, रमेश भगत, पीयूष कुमार, राहुल कुमार एवं हनवारा थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ विसर्जित किया, इससे पहले दुर्गा मंडपों मे महिलाओं ने सिंदूर खेल की रस्म को पूरा किया मां की विदाई के मौके पर मंडपों और पंडालो के भीतर महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं देती नजर आई। वहीं विसर्जन में सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे- चप्पे पर पुलिस बल की तैनात दिखे।

## गिरने से ट्रैक्टर चालक की मौत

**गढ़वा (नि. सं.)।** थानांतर्गत रानीचेरी गांव स्थित जोगीचुइयां के पास ट्रैक्टर से गिरने से चालक 32 वर्षीय राजेश कोरवा की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि चिनिया निवासी चालक राजेश कोरवा खाली ट्रैक्टर लेकर वापस लौट रहा था। उसी क्रम में यह घटना हुई। चालक को मिर्गी की बीमारी थी। उक्त वजह से चलते ट्रैक्टर में नीचे गिर गया। गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर बाद उसे एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# रानीघाघर पंचायत अंतर्गत एक दिवसीय बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | दुमका



प्रखंड के रानीघाघर पंचायत अंतर्गत मोहलबना आम बागान में रविवार को एकदिवसीय बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता वासुदेव टुडु ने किया। जिसमें दुमका सांसद नलिन सोरेन व दुमका विधानसभा प्रत्याशी बसंत सोरेन उपस्थित रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन में मसलिया पश्चिमी के दस पंचायतों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि झामूमो का युवा कर्मठ उम्मीदवार आपके सामने है । इसे जिताने का काम करें। हाल ही में मसलिया में जगह जगह रोड पुल पुलिया बनाने का काम किये हैं। हम सभी ने जो काम नहीं कर पाया वह बसंत ने कर दिखाया है। मसलिया में नेतरहाट के तर्ज पर विद्यालय, एकलव्य विद्यालय बनाकर यहां के बच्चों के भविष्य बनाने का काम किया है। बसंत सोरेन ने कहा कि आधे मसलिया में मेगा लिफ्ट परियोजना के तहत किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का काम चालू है। हम यह योजना बना रहे हैं कि पूरे मसलिया में इस मेगा लिफ्ट परियोजना के तहत पाइप बिछा कर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का काम करेंगे। जिससे किसानों को साल भर खेती करने का काम मिलेगा और बाहर पलायन को विवश नहीं होगा। दर्जनों भाजपाई ने लिया झामुमो की सदस्यताः पार्टी के विचारों से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों दायित्व वान कार्यकर्ताओं ने झामुमो का दामन थामा। जिसमें मसलिया पश्चिमी मंडल भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष लता देवी,गोमस हांसदा, बलदेव हांसदा, बालेश्वर बास्की, दुबई मुर्मू सुख सेन हांसदा, नकुल राणा, गणेश टुडू, बाबूली मुर्मू, शिव शंकर सिंह, सुबल मंडल, सुनील भंडारी, खगेश सिंह आदि ने झारखंड मुक्ति मोर्चा में सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बासुदेव टुडु,विधायक प्रतिनिधि निशित वरन गोलदार, प्रखंड सचिव असित वरन गोलदार, पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज यादव, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, विरेन किस्कू, सुरेश बास्की, दिनेश दत्ता, कादिर रजा, जितेंद्र दास, बिमल मंडल, अर्जुन पंडित, सुनीता मुर्मू, खोकन मंडल आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया चित्रगुप्त पूजनोत्सव

निज संवाददाता | दुमका



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दुमका के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष दयानंद श्रीवास्तव के निर्देशन पर पोखरा चौक, बाँधपाड़ा स्थित श्रीचित्रगुप्त मंदिर में रविवार को चित्रगुप्त पूजनोत्सव पर यजमान राजाराम और आदित्य राज को पंडित सरोज पाण्डेय (पिण्टू बाबा) ने संकल्पित कराया। पूजन स्थल पर सत्येन्द्र नारायण प्रसाद, रमण कुमार वर्मा, मनोज कुमार सिन्हा, शोभा वर्मा, अनुपमा वर्मा ने यजमान के साथ चित्रगुप्त पूजा किया। पूजन एवं हवन के समय संजय कुमार घोष, राजीव कुमार श्रीवास्तव, निशिकांत बरियार, सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, भवानी शंकर प्रसाद, डाँ.मनोज कुमार घोष, प्रदीप कुमार सिन्हा, ज्योति सिन्हा, प्रशांत सिन्हा, सार्थक सिन्हा, विजय प्रकाश कर्ण, रामाशंकरा सिन्हा, आलोक कुमार, अमरेंद्र सुमन, वन्दना सिन्हा, राजीव नंदन प्रसाद, विनय कुमार, संजय वर्मा, अंजना वर्मा, राहुल, प्रीति, राजेश सहाय, तुषार सिन्हा, उपस्थित हुए। क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है। अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य/सफलता प्राप्त करने वाले चित्रांशों/चित्रांशियों को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दुमका की ओर से महासभा के वरीय सदस्य श्री प्रदीप कुमार सिन्हा (पन्ना बाबू) की पुत्रवधु श्रीमती रूपा सिन्हा, (पति--श्री पारस कुमार सिन्हा, जिला जज, झारखण्ड जुडिसियल सुपीरियर सर्विस) द्वारा संध्या काल में शिष्टाचारिता के तहत मोमेन्टो, सर्टिफिकेट, मेडल और कलम देकर सम्मानित किया जाना है। मौके पर काजल कुमारी, नंदिनी प्रसाद, पुष्कर नंदन प्रसाद, अमरेश कुमार, संजय कुमार वर्मा, सुमित कुमार, शैलिका सिन्हा, प्रतिमा अम्बष्ट, गोपेन्द्र अम्बष्ट, गजेन्द्र कुमार, उत्तम गुड्डु, श्याम कुमार, दिव्या सिन्हा, शिवम कुमार, शाम्भवी सिन्हा, समीर कुमार सिन्हा, अंजु सिन्हा, मिथिलेश कुमार सिन्हा, शैलेश कुमार सिन्हा, अंजनी शरण, जय प्रकाश सिन्हा और सैकड़ों चित्रांश उपस्थित हुए।

## भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के कार्यकर्ता

**हरिहरगंज (नि.सं.)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने रविवार को पिपरा प्रखंड के दमवा मोड समीप एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य कराया है। क्षेत्र की जनता के लिए हर समय वह उपलब्ध रहे हैं। तीसरी बार जनता का आशीर्वाद मिलता है, तो विकास का कार्यों को आगे भी जारी रखेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके द्वारा ही पिपरा प्रखंड का दर्जा दिलवाकर ब्लॉक व थाना का निर्माण करवाया। कार्यक्रम के दौरान बसपा सहित विभिन्न दलों को छोड़कर दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। जिन्हें विधायक प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेकपोस्ट पर वाहन जांच में 52,500 रुपए नकद जब्त

निज संवाददाता | देवघर

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर देवघर जिले के चितरा थाना क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में सीमा पर स्थित घौंसी चेकपोस्ट पर एसएसटी टीम ने शनिवार शाम को वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान एक बलेनो कार से 52,500 रुपए नकद बरामद किए गए। वाहन चालक मोहम्मद नजरुद्दीन अंसारी, जो करमाटांड़ थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव का निवासी है, द्वारा नकद राशि के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने के कारण पुलिस ने उक्त राशि जब्त कर ली है और इसे थाना ले जाया गया है। चुनाव के दौरान सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। एसएसटी टीम द्वारा चलाए गए इस वाहन जांच अभियान का उद्देश्य नकद राशि और अवैध गतिविधियों पर नजर रखना और चुनाव में किसी भी प्रकार की अवांछनीय हस्तक्षेप को रोकना है।

चुनाव आयोग के निर्देश पर चेकिंग अभियान के दौरान नकदी ले जाने वाले सभी व्यक्तियों को उपयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने की अनिवार्यता है। पुलिस ने बरामद नकद राशि को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद की गई राशि का स्रोत क्या है और इसका चुनावी प्रक्रिया से कोई संबंध है या नहीं। देवघर पुलिस ने इस मौके पर सभी नागरिकों से अपील की है कि वे चुनाव के दौरान बड़ी राशि ले जाने पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ यात्रा करें।

अगर कोई व्यक्ति बिना साक्ष्य या उचित दस्तावेज के नकद राशि के साथ पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार के चेकिंग अभियान से न केवल चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, बल्कि अवैध गतिविधियों पर भी रोक लगेगी। पुलिस की इस सख्त निगरानी से चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहूलियत होगी, जिससे आम जनता का पुलिस और प्रशासन में विश्वास बढ़ेगा।

# छापेमारी के दौरान नकली नोट कारोबारी चढ़ा पुलिस के हत्थे

निज संवाददाता | देवघर

नगर थाना पुलिस ने थाना अंतर्गत प्राइवेट बस स्टैंड-सारवां मोड़ के बगल अवस्थित एक होटल में छापेमारी कर नकली नोटों के कारोबार के आरोप में एक युवक को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिया गया युवक सीमावर्ती राज्य बिहार का रहने वाला है। जो देवघर में नकली नोटों का व्यापार करता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार को गुप्त सूचना मिली। उसके बाद थाना प्रभारी ने टीम के साथ होटल में छापेमारी की। पुलिस को जानकारी दी गयी थी कि युवक ने स्थानीय एक होटल संचालक व शोरुम मालिक से लाखों रुपए लेकर कुछ ही दिनों में डबल रुपए देने की बात कहकर रुपए लिए थे। उसके बाद उसने तय समय पर उनलोगों को नकली नोट थमा दिया था। पीड़ित ने मामले के बारे में पुलिस को शिकायत दी, आरोप लगाया कि नकली नोट देकर ठगा गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने युवक को होटल के एक कमरे से दबोच लिया है। उसके पास से कुछ नकली नोट भी बरामद किए जाने की सूचना है, पुलिस उसकी जांच कर रही है। मामले में पुलिस किसी प्रकार की जानकारी देने से परहेज कर रही है। नोट जब्त करने की भी पुष्टि पुलिस नहीं कर रही है। पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है ताकि इससे जुड़े अन्य का पता लगाया जा सके। सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान युवक ने कुछ बातें स्वीकार की है। बिहार से देवघर आकर नकली नोटों के कारोबार की जानकारी दी है। आरोपी से पूछताछ के बाद रविवार को पूरे मामले का पर्दाफाश किया जा सकता है।

# चलती ट्रेन से गिर कर एक व्यक्ति गंभीर रुप से हुआ घायल

निज संवाददाता | रामगढ़

गोला मुरी बरकाकाना रेल खंड के गोला रेलवे स्टेशन के पास एक दुःखद घटना में एक व्यक्ति चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान गोला कुम्हार टोला निवासी एमडी अख्तर, पिता स्व. सेराजुद्दीन अंसारी (50 वर्ष) के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार, एमडी अख्तर कपड़े की दुकान चलाते हैं और वह कपड़ा खरीदने के लिए रामगढ़ जा रहे थे। जब वह रेलवे स्टेशन पहुंचे, तभी उन्हें अपनी ट्रेन का समय देखते हुए जल्दबाज़ी में ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करनी पड़ी। दुर्भाग्यवश, वह चलती पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने के दौरान फिसलकर नीचे गिर गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के तुरंत बाद आस-पास के लोगों ने घायल व्यक्ति को गिरते देखा और इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और एमडी अख्तर को बेहोशी की हालत में सीएचसी में भर्ती करवाया। यहां पर डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स (राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) रेफर कर दिया। अख्तर की स्थिति को लेकर परिवार और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। यह घटना रेलवे सुरक्षा और यात्रियों की सतर्कता पर एक बार फिर प्रश्न उठाती है। लोग यह सोचने पर मजबूर हैं कि क्या रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए और उपाय किए जा सकते हैं।

# आजसू पार्टी प्रमंडलीय कार्यालय दुमका में सचिन कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक

निज संवाददाता | दुमका




आजसू पार्टी परमंडलीय कार्यालय दुमका में सचिन कुशवाहा कि अध्यक्षता में रविवार को आयोजित की गई बैठक। इस बैठक में दुमका जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुमका विधानसभा से सुनील सोरेन, जामा विधानसभा से सुरेश मुर्मू एवं शिकारीपाड़ा विधानसभा से परितोष सोरेन उपस्थित हुए। बैठक में यह तय हुआ कि दुमका जिला के चार विधानसभा में दुमका विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी पूर्व सांसद सुनील सोरेन, जामा विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी सुरेश मुर्मू, जरमुंडी विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी, देवेंद्र कुँवर, शिकारीपाड़ा विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी परितोष सोरेन के चुनाव प्रचार अभियान में आज से अपने-अपने क्षेत्र में लग जाएंगे, जो 18 नवंबर तक चलेगा। सुनील सोरेन ने कहा है कि मेरा जन्म शिबू सोरेन को परिवार को हराने के लिए ही हुआ है। सुरेश मुर्मू ने कहा कि यह ठगबंधन को सरकार है और युवाओं के भविष्य को गर्त में डाला है। परितोष सोरेन ने कहा कि राजनीति हमें विरासत में नहीं मिली और पार्टी में निम्न स्तर के कार्यकर्ता से ऊपर उठते हुए पार्टी इस बार फिर मुझे मौका दिया है।

आजसू पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सचिन कुशवाहा ने कहा महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में जनता त्रस्त हो चुकी है राज्य में डबल इंजन की सरकार की जरूरत है। उन्होंने युवा बेरोजगारी महिला सुरक्षा और शिक्षा की कमी जैसे अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। केंद्रीय सचिव सुमित दे, केंद्र समिति सदस्य कुमार राज, विश्वजीत आनंद, जिला अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष राकेश महतो जिला उपाध्यक्ष प्रेमानंद झा जिला संगठन सचिव जयदेव मंडल, प्रखंड अध्यक्ष बसंत बैद्य, सपन देहरी, रायसेन टुडू, आनंद मांझी, असित कुशवाहा, कर्पूरी ठाकुर, अरविंद राउत, कलाम कादरी, सितेन मंडल, शालिग्राम यादव, जियाधर मंडल,कृष्ण मांझी, नारायण वैध, प्रदुमन यादव, पांडव मांझी, हेलो अनंनय मंडल, नंदलाल यादव, मालिन सोरेन, परितोष मंडल, सुकुर मुनि मुर्मू, बहमनी टुडू, अनीता बेसरा आदि सैकड़ो की संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हमारी अपनी संस्कृति और पर्व-त्योहार को बचाकर रखना हम सब लोगों की जिम्मेदारी : दिनेश महतो

निज संवाददाता | गोड्डा



पथरगामा प्रखंड के पीपरा पंचायत होपना टोला गाँव में बरदखूंटा का आयोजन किया गया। वहीं टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि हमलोगों का सोहराय परब शुरू होते ही कई तरह के कुड़मी समाज के लोग अपने नेगाचारि करते हैं कांचा दिया जलाकर शुरुआत होती है उसके बाद दूसरे दिन गोहायल पूजा, चक पूरा, गाय चुमा, खेत से धान लाकर मड़रई बांधा जाता है पुआ पकवन बना कर पूजा किया जाता है तीसरे दिन बरदखूंटा होता है पूरे झारखंड में बरदखूंटा के दिन मांदर की थाप से झूमर गाकर बैल को सिन्दूर, काजल, फूल माला से सजा करके बरदखूंटा का आयोजन किया जाता है और बैल को नचाता है जितने भी परब हमलोगों के बारह मासे तेरह परब होता है उनमें से एक सोहराय/बांधना परब है जो लोग ढोल, मांदर, नगाड़ा और झूमर गाते हैं मस्ती करते हैं। वहीं नजारा होपनाटोला में देखने को मिला कुड़माली झूमर टीम ने सोहराय गीत, अहिरा गीत और कई तरह के गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया चलें जाबय के सजनी बरदखूंटा देखेलाय इस गाने को सुनकर गाँव के अगल बगल के लोगों की भीड़ जुटने लगी और भीड़ 09 बजे रात तक लोग जमकर बैठें रहे और बरदखूंटा का मजा लिया। बरदखूंटा को सफल बनाने में अहम योगदान राधिका देवी प्रेमलाल महतो ट्रस्ट के अध्यक्ष दिगम्बर महतो का बहुत ज्यादा सहयोग राहा। कुड़मालि नेगाचारि जुग जुग जियाय राखा गो बरदखूंटा में सभी को जोहार करते हैं। मौके पर उपस्थित कुड़मी विकास मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष दीपक कुमार महतो, प्रखंड सचिव अजय डुंगरीआर, शिवकुमार महतो, राकेश महतो, दीपक महतो, रामप्रसाद महतो, सुनील महतो, रविन्द्र महतो, गौतम महतो, रतन महतो, मुन्ना महतो, कन्हाई महतो, जुगेश महतो, राजकिशोर महतो, धौनी, मुकेश, कलावती महतो, सोनी महतो, दीप्ति श्री महतो, माधुरी महतो, राधिका देवी, प्रमिला महतो, प्रिया महतो आदि हजारों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# पारंपरिक रीति-रिवाज व हर्षोल्लास के साथ मना भाई दूज का पर्व



**गोपीकांदर (नि. सं.)।** भाई दूज का पर्व इस वर्ष प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रीति-रिवाज और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष दिन का धूम-धाम बंगला समुदाय के लोगों में विशेष रूप से देखने को मिला। भाई दूज के मौके पर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना की। इस अवसर पर बहनों ने कई धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का पालन करते हुए अपने भाइयों के ललाट पर चंदन का टीका लगाया। साथ ही, वे मंत्रोच्चारण करते हुए भाई के लिए आरती उतारकर उनकी दीर्घायु की प्रार्थना की। सामुदायिक सद्भाव और भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती को प्रदर्शित करते हुए, बहनों ने अपने भाइयों को विशेष रूप से तैयार किए गए पकवानों का भोग अर्पित किया। इस दिन को खास बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की मिठाइयों और व्यंजनों का भी आयोजन किया गया। भाई दूज का पर्व न केवल भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत बनाता है, बल्कि यह सामाजिक मेलजोल और सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा देता है। इस दिन को मनाने के लिए परिवारों में उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर्व की रौनक देखने लायक थी, जहां हर जगह भाई दूज की खुशियाँ बिखरी हुई थीं। इस प्रकार, भाई दूज का पर्व गोपीकांदर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया, जिससे सभी ने एक-दूसरे के साथ मिलकर इस खास दिन को यादगार बनाया।

सीमा सुरक्षा बल के जवान कर रहे वाहनों की गहन जांच

# विस चुनाव के मद्देनजर झारखंड बिहार बॉर्डर के चेकपोस्ट पर बढ़ी चौकसी

निज संवाददाता | गोड्डा



आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले भर में पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड पर है। विधान सभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे प्रशासनिक गतिविधि तेज हो रही है। वैसे तो पूर्व से ही चौकसी बढ़ गई है किंतु इन दिनों काफी चौकसी बढ़ा दी गई है। बता दे की जिला के कई ऐसे सीमावर्ती क्षेत्र हैं, जो बिहार से जुड़ते है। खास तौर पर इस जिले से भागलपुर काफी लोगों का आना जाना होता रहता है। क्योंकि भागलपुर बाजार काफी बड़ा बाजार है। यहां के व्यवसायी भी अपने कारोबार के सिलसिले में भागलपुर आया जाया करते हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड बिहार के सीमावर्ती इलाका खतनई और पंजवारा पड़ता है। दोनों ही सीमावर्ती पॉइंट पर पूरे साल जिला पुलिस बल के जवानों की चेकिंग रहती है। मगर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर खटनई सीमा पर सुरक्षा बल के जवानों को तैनाती कर दी गई है। इन जवानों की ओर से बिहार से झारखंड और झारखंड से बिहार की ओर जाने वाली वाहनों का काफी मुस्तैदी से चेकिंग किया जा रहा है। इतना ही नहीं यहां पर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से एक एएसआई की प्रतिनियुक्ति जवानों के साथ रहती है। दूसरी और विधि व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु यहां पर मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। हर आने जाने वालों को मजिस्ट्रेट के समक्ष अपने-अपने वाहनों का नंबर, मोबाइल नंबर और नाम रजिस्टर में दर्ज करना पड़ता है। जानकारी के मुताबिक यहां पर ड्यूटी रोटेशन के हिसाब से अलग-अलग मजिस्ट्रेट के साथ सीमा सुरक्षा बल एवं जिला पुलिस बल के जवान तथा गृहरक्षक ड्यूटी में तैनात रहते हैं। मोटे तौर पर कहे तो बिहार झारखंड का सीमा पूरी तरह से विधानसभा चुनाव को लेकर शील हो गया है। अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने के दिशा में प्रशासन की यह कवायद है। बताया जाता है कि समय के अंतराल पर इस चेक पोस्ट का सामान्य प्रेक्षक द्वारा भी गहन निरीक्षण किया जाता है। सीमावर्ती इलाकों का जांच अभियान एक चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा है, मगर इस राह से आने- जाने वाले आम लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़

# बिहार जा रहे एक ही नंबर के दो गिट्टी लोड हाईवा को पुलिस ने किया जप्त

निज संवाददाता | हंसडीहा



जिले से होकर किस कदर गिट्टी व बालू की अवैध खनन और परिवहन हो रही है। इसका खुलासा यूं तो समय समय पर होते रहता है लेकिन शनिवार को हंसडीहा की सड़क पर एक ही नंबर की दो गिट्टी लोड हाईवा जब सड़क पर दिखाई दी तो लोग अचंभित हो गए। जिसके बाद एक स्थानीय व्यक्ति ने इसकी सूचना हंसडीहा को पुलिस को दी। हंसडीहा के रास्ते बिहार जा रही गिट्टी लोड दो हाईवा जिसमें एक ही नंबर प्लेट था को पुलिस ने चालक सहित पकड़ा। जानकारी के अनुसार बीआर 08 जी 7046 गिट्टी लोड हाईवा हंसडीहा के रास्ते बिहार जा रहा था। जानकारी के अनुसार उपरोक्त हाईवा की जानकारी मिलने पर गस्ती टीम को रामगढ़ मोड़ व बनियारा में चेकिंग के लिए लगाया गया। जिसमें एक हाईवा रामगढ़ मोड़ तथा दूसरा बनियारा के पास पकड़ाया। दोनों वाहनों को एक जगह लाने पर दोनों हाईवा में एक ही निबंधन का नंबर प्लेट लगा हुआ मिला। जबकि दोनों वाहनों में चेचिस नंबर अलग अलग अंकित है। इसके बाद चालकों से उपोरोक्त वाहनों के साथ गिट्टी के बारे में पूछताछ किया तो किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मामलें को लेकर हंसडीहा थाना में कांड संख्या 107/24 धारा 303(2), 317(5), 318(4), 61(2) बीएनएस के तहत दर्ज कर दोनों वाहनों के चालक चंदन कुमार राम एवं संजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# सहायक नगर आयुक्त ने देवघर नगर निगम क्षेत्र स्थित चिन्हित छठ घाटों का किया निरीक्षण

निज संवाददाता | देवघर

नगर आयुक्त सह प्रशासक रोहित सिन्हा के निर्देशनुसार नगर निगम द्वारा दो टीम बनाकर देवघर नगर निगम क्षेत्र स्थित चिन्हित छठ घाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त रंजीत कुमार सिंह एवं गौरव कुमार द्वारा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर छठ घाटों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। इसके साथ ही नगर प्रबंधक द्वारा कुंडा छठ घाट तालाब में निरीक्षण किया गया। साथ ही कन्हैया राम रोड सरकार एवं वार्ड जमादार विभीषण पंडित के देखरेख में कुंडा छठ घाट तालाब का जेसीबी के माध्यम से साफ-सफाई का कार्य किया गया। मौके पर जेसीबी चालक मुन्ना अंसारी व 7 रोड कुली द्वारा कुंडा तालाब छठ घाट तालाब के आसपास झाड़ी का कटाई किया गया और छठ घाट की सफाई की गयी। इस दौरान डढ़वा नदी तट छठ घाट, माथा बांध छठ घाट, रामपुर तालाब छठ घाट निरीक्षण के क्रम में सहायक नगर आयुक्त द्वारा छठ घाट की सफाई से निकले कूड़े-कचरे का उठाव करवाने का निर्देश सफाई एजेंसी के कर्मी जयप्रकाश को दिया गया।

निरीक्षण के क्रम में पवित्र शिवगंगा तालाब छठ घाट पूरी तरह से स्वच्छ पाया गया। वहीं नगर आयुक्त सह प्रशासक ने शहरवासियों से अनुरोध किया है कि श्रद्धालु तालाब के गहरे पानी में नहीं जाएं। इसके लिए नगर निगम द्वारा छठ पूजा से दो दिन पूर्व गहरे तालाब में फीता लगाकर बेरिकेटिंग किया जाएगा। ताकि निगम द्वारा लगाए गए फीता से बाहर श्रद्धालु नहीं जाएं। वहीं नगर आयुक्त सह प्रशासक के निर्देश पर नगर प्रबंधक सतीश कुमार के नेतृत्व में नगर निगम के जसीडीह सफाई प्रभारी कर्मवीर वर्मा के देखरेख में वार्ड जमादार चंदन सिंह एवं जेसीबी चालक राजेश कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन कार्य को देखते हुए कुमैठा स्टेडियम में वाहन कोषांग व वाहन वितरण स्थल का जेसीबी के माध्यम झाड़ियों को हटाए जाने का कार्य शुरू किया गया है। अगले तीन से चार दिन में पूरे स्टेडियम से झाड़ी की कटाई कर साफ कर दिया जाएगा।

## तीन टन अवैध कोयला लदा स्कोर्पियो जप्त, चालक गिरफ्तार, जेल

रामगढ़ (नि.सं.)। रजरप्पा पुलिस ने शनिवार अहले सुबह छापेमारी अभियान चला कर करीब तीन टन अवैध कोयला लदा काले रंग के स्कोर्पियो (जेएच02एफ-2491) को जप्त किया। इस दौरान वहां से चालक बारलौंग (हरगाडीह) के कोयला व्यवसायी राहुल कुमार पिता स्व भगवान दास महतो को गिरफ्तार किया गया है। जिसे पूरी कागजी कार्रवाई करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान का नेतृत्व रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने किया। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि काले रंग के स्कोर्पियो में अवैध कोयला लोड कर नयामोड होते हुए सिकिदीरी घाटी की ओर ले जाया जा रहा है।

# झामुमो प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने जामा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क अभियान किया तेज

निज संवाददाता | जामा



विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने रविवार को जामा प्रखंड क्षेत्र के थानपुर पंचायत अंतर्गत थानपुर, ऊपर सीतवा, हैठ मांझियानडीह , पहरू, गुड़ियारी समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से जीत का आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क अभियान में महिलाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। जनसंपर्क कार्यक्रम में ज्यादा तादाद में महिलाओं की भीड़ दिखी। जनसंपर्क कार्यक्रम में पहरू और गुड़ियारी गांव में पारंपरिक रीति रिवाज से जेएमएम प्रत्याशी डॉ लुइस मरांडी का महिलाओं ने स्वागत किया| मौके पर डॉ लुइस मरांडी भी महिलाओं के साथ स्वागत नृत्य करती नजर आई। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरु जी ने उनके ऊपर भरोसा जताया है। उनके भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। जामा में विकास योजना धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं रखूंगी। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हरेक परिवार तक पहुंचाने का आश्वसन दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो युवक-युवतियों को रोजगार मुहैया कराएंगे ताकि पलायन को रोका जा सके। जहां सड़क और बुनियादी ढांचा बनाने की आवश्यकता होगी वहां पर विकास योजना धरातल पर उतारने का भरसक प्रयास करूंगी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, सचिव सत्तार खान, बुदीलाल मरांडी, निर्मल बेसरा, बाबुल यादव मुखिया शंकर कोल, नरेश लायक़, पप्पू राय, मनोज दर्वे, निखिल यादव, कालेश्वर कोल सहित दर्जनों जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्वर्गीय शिवरूप हांसदा के परिजनों को संघर्ष मोर्चा शिकारीपाड़ा ने दिया 75 हजार का आर्थिक सहयोग

निज संवाददाता | शिकारीपाड़ा



सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई शिकारीपाड़ा के द्वारा जिला सचिव संतोष कुमार पंडित, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब तथा प्रखंड कमेटी के गरिमामयी में उपस्थिति में दिवंगत शिवरूप हासदा के परिजनों को रविवार को प्रखंड इकाई द्वारा 75000 रुपये का आर्थिक सहयोग किया गया। विदित हो कि शिव रूप हासदा का 22 सितंबर 2024 को ब्रेन हेमरेज की बीमारी से आकस्मिक निधन हो गया था। संगठन के सभी जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी के साथी शिवरूप हासदा के अंबाजोड़ा स्थित आवास में पहुंचे और सर्वप्रथम उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। स्वर्गीय हांसदा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपस्थित जिला सचिव संतोष पंडित और जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रकीब ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर सरकार से स्वर्गीय हासदा के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी तथा उनके परिवार को 20 लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा की मांग की है। वर्तमान समय में स्वर्गीय हासदा के बच्चे की पढ़ाई और पालन पोषण भगवान के भरोसे है। इसलिए सरकार यथाशीघ्र आर्थिक मुआवजा की राशि मुहैया कराए। मोके पर मोहम्मद हसीब अंसारी, मोहम्मद खलील अंसारी, सोहन टुडू, तनवीर आलम, मोहम्मद रफीक आलम, वकील मुर्मू, दयामय शाह, राजेश कुमार सिंह, रामसुंदर मडिया साइमन किसको मनोवर जमाल मार्कोस मरांडी रविंद्र कुमार संदीप सिंह उमेश भंडारी परमेंदर भंडारी आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित थे।

# गोला में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बरामद, दो गिरफ्तार

निज संवाददाता | रामगढ़

आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर एसपी रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर गोला व बरलंगा थाना क्षेत्र के कई गांवों में अवैध महुआ शराब के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में जावा महुआ व तैयार शराब बरामद कर उसे नष्ट कर दिया गया। उत्पाद बल व सशस्त्र गृह रक्षकों ने शनिवार को गोला थाना क्षेत्र के रकुवा, कोराम्बे, सुतरी, लिपिया आदि जगहों में छापामारी कर 22 बोतल विदेशी शराब, 12 बोतल बीयर, 6 पीस केन बीयर कुल 8.25 लीटर अवैध विदेशी शराब व 10.80 लीटर बीयर जब्त किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस ने शराब कारोबारी कोराम्बे गांव निवासी अजय कुमार महतो व रकुवा के भजनु महतो को रंगेहाथ गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। जबकि कोराम्बे बरटोला निवासी संजय महतो पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा है। आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा 47ए के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। वहीं बरलंगा थाने की बरलंगा बस्ती में छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में जावा महुआ व शराब बरामद किया है। थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार समेत विनय सिंह, कमलेश कुमार, नंदलाल महतो व अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

निज संवाददाता | रामगढ़

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर देवघर पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नगर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने शनिवार शाम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक व्यापक फ्लैग मार्च का आयोजन किया। इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आम नागरिकों को सुरक्षित महसूस कराना था। यह फ्लैग मार्च नगर थाना से शुरू होकर देवघर शहर के प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरा, जिसमें कुल 60 पुलिसकर्मी शामिल थे। इस मार्च का उद्देश्य जनता के बीच चुनावी माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने का संदेश देना और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पर नियंत्रण रखना था। पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि नागरिकों को उनकी सुरक्षा और चुनावी शांति बनाए रखने में पुलिस की भूमिका का अहसास हो। नगर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के हर नागरिक की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। यह फ्लैग मार्च न केवल पुलिस की चुनावी तैयारियों का एक हिस्सा है, बल्कि इससे जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा का भाव जागृत होगा। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी ने नागरिकों को कुछ आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं, व्यापारियों और सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखें और अगर किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि का पता चलता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# कल से नहाए खाए के साथ शुरू होगा चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ

निज संवाददाता | दुमका



लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय छठ पूजा 5 नवंबर से नहाए खाए के साथ शुरू हो रहा है। शहर के विभिन्न घाटों बड़ा बांध छठ घाट, खूंटा बांध छठ घाट और पूषारों नदी के छठ घाट में तैयारियां युद्ध स्तर से की जा रही है । विभिन्न समितियां द्वारा छठ घाट और तलाब की साफ -सफाई, रंग - रोगन के काम अंतिम रूप दिया जा रहा है। घाटों के आसपास नगर परिषद द्वारा साफ सफाई किया जा रहा है । इस वर्ष खुट्टा बांध छठ घाट में मुख्यद्वार पर इलेक्ट्रॉनिक लाइट की सजावट और भक्ति जागरण व आतिशबाजी आकर्षण का मुख्य केंद्र में रहेगा।

वहीं बड़ा बांध में भी छठ पूजा के अवसर पर लाइटों की सजावट और आतिशबाजी आकर्षण की केंद्र में रहेगा। विभिन्न घाटों पर सजावट और साफ सफाई का काम आस्था के साथ शुरू हो गया है।

## हाईवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

मारगोमुंडा (देवघर) (नि.सं.)। लहरजोरी-मधुपुर मुख्य मार्ग के पिपरा के समीप शनिवार को तेज रफ्तार में जा रहे हाईवा चालक ने आगे जा रहे एक बाइक चालक को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में रामपुर ढीबाडीह निवासी बाइक सवार चूड़ा मुर्मू 58 बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के जुटे और गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए धनबाद भेज दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मारगोमुंडा पुलिस दुर्घटनास्थल पहुंच हाईवा जब्त कर थाना ले गयी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी पक्ष द्वारा आवेदन पुलिस को नहीं दिया गया था।

# देवघर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस चेकिंग अभियान के दौरान 2.84 लाख रुपए नकद जब्त

निज संवाददाता | देवघर

विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र देवघर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है। जिला प्रशासन ने कई सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकपोस्ट स्थापित किए हैं, जहां लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी अभियान के तहत जसीडीह थाना क्षेत्र के बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित अंधरीगादर और दर्दमारा चेकपोस्ट पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलग-अलग चार वाहनों से कुल 2 लाख 84 हजार 880 रुपए नकद जब्त किए हैं। इन बरामद पैसों की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है, और पुलिस द्वारा जांच जारी है। चुनावी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंधरीगादर चेकपोस्ट पर एएसआई मुकेश कुमार मिश्रा और दंडाधिकारी अवधेश कुमार की देखरेख में चेकिंग अभियान चलाया गया, वहीं दर्दमारा चेकपोस्ट पर एएसआई नन्हकू मेहता और अक्षय दत्ता की निगरानी में वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिस का यह अभियान चकाई से देवघर और कटोरिया से देवघर आने-जाने वाले सभी वाहनों पर नज़र रखने के लिए था। जांच के दौरान विभिन्न वाहनों से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। बिहार की दर्दमारा सीमा पर जमुई जिले के सिमुलतल्ला थाना अंतर्गत बरौंदिया गांव निवासी लालधारी यादव के वाहन से 1 लाख 30 हजार रुपए नकद बरामद हुए। इसी प्रकार, खोरीपानन चेक पोस्ट पर चल रही जांच में गिरीडीह जिला के राजा मेहतर से 50 हजार 950 रुपए, जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के धीरज यादव से 53 हजार 800 रुपए, और उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के फतेहेरवा थाना निवासी बेरिस्टर जायसवाल से 50 हजार 130 रुपए नकद जब्त किए गए।

चेकिंग में शामिल अधिकारियों ने कहा कि बरामद नकदी जब्त कर ली गई है, और मामले की गहन छानबीन की जा रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में नकदी का स्रोत क्या है और क्या इसका चुनावी प्रक्रिया से कोई संबंध है। देवघर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार के सघन चेकिंग अभियान का उद्देश्य चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और चुनावी माहौल को सुरक्षित बनाना है। प्रशासन की ओर से ऐसे कदम चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए हैं। अधिकारी ने जनता से भी अपील की है कि वे चुनावी प्रक्रिया में सहयोग दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस प्रकार के सख्त सुरक्षा उपायों से न केवल चुनावी प्रक्रिया सुरक्षित होगी, बल्कि जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा।

# आदर्श आचार संहिता के पालन के तहत पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब किया बरामद, दो गिरफ्तार

निज संवाददाता | रामगढ़

आदर्श आचार संहिता के पालन के तहत रामगढ़ जिले के गोला और बरलंगा थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। एसपी रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर विभिन्न गांवों में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर नष्ट की। शनिवार को गोला थाना क्षेत्र के रकुवा, कोराम्बे, सुतरी, लिपिया और आसपास के क्षेत्रों में उत्पाद बल और सशस्त्र गृह रक्षकों की टीम ने संयुक्त अभियान चलाया, जिसके दौरान अवैध महुआ और विदेशी शराब के ठिकानों पर बड़ी सफलता मिली। इस छापेमारी में 22 बोतल विदेशी शराब, 12 बोतल बीयर, 6 केन बीयर समेत कुल 8.25 लीटर अवैध विदेशी शराब और 10.80 लीटर बीयर जब्त की गई। इसके अलावा, भारी मात्रा में जावा महुआ और तैयार अवैध शराब भी बरामद की गई, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने कोराम्बे गांव के अजय कुमार महतो और रकुवा के भजनु महतो को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

हालांकि, कोराम्बे बरटोला निवासी संजय महतो पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा 47ए के तहत अभियोग दर्ज कर लिया गया है और मामले में आगे की जांच जारी है। बरलंगा थाना क्षेत्र के बरलंगा बस्ती में भी पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में जावा महुआ और अवैध शराब बरामद की। बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस पूरे अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार के साथ पुलिसकर्मी विनय सिंह, कमलेश कुमार, नंदलाल महतो, और सशस्त्र गृह रक्षकों की टीम ने भाग लिया। पुलिस की इस कार्रवाई ने क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त संदेश दिया है और चुनावी माहौल में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एसपी रामगढ़ ने नागरिकों से अपील की है कि वे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें, ताकि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। इस प्रकार की छापेमारी कार्रवाई से पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी अवैध गतिविधि को सहन नहीं किया जाएगा। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई का क्षेत्र के नागरिकों ने स्वागत किया है। इस प्रकार के अभियानों से अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और शांति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## पत्थरचपटी रोड से अवैध गिट्टी लदा दो ट्रैक्टर जब्त

देवघर (नि.सं.)। पुलिस ने थाना क्षेत्र के पत्थरचपटी रोड से अवैध गिट्टी लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टरों को पुलिस थाना ले गई है। पुलिस ने बताया कि गिट्टी लेकर जा रहे दोनों ट्रैक्टर रोक कागजात की मांग की गई, साथ ही गिट्टी से संबंधित पूछताछ की गई। इस संबंध में चालक द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और ना ही गिट्टी से संबंधित कागजात दिखा पाया। उसके बाद ट्रैक्टर जब्त कर थाना ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है।

# अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर वाहन जांच में एक लाख 48 हजार 20 रुपये बरामद

निज संवाददाता | गढ़वा

बड़गड़ स्थित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में एक लाख 48 हजार 20 रुपये नगद बरामद किये हैं। थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जांच के क्रम में ही उक्त राशि बरामद की गई है। राशि बरामदगी मामले में पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि गढ़वा थाना अंतर्गत भदुआ गांव निवासी रउफ अंसारी अपने दो पहिया वाहन से गढ़वा की ओर से बड़गड़ कि ओर आ रहा था। उसी बीच आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बड़गड़ में स्थापित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर वाहन जांच के क्रम में उसके बाइक से उक्त रुपये बरामद किये गये। पुलिस ने रुपये जब्त कर रउफ अंसारी के खिलाफ अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। मौके पर उक्त चेक पोस्ट पर मजिस्ट्रेट के रुप तैनात सुभाष कुमार कुशवाह, बड़गड़ थाने के एएसआई सिंगराय गुंजा, आरक्षी श्रवण कुमार राम, कालीनाथ महतो सहित अन्य उपस्थित थे। मालूम हो कि उक्त चेकपोस्ट झारखंड-छत्तीसगढ़ अंतरराज्यीय सीमा पर अवस्थित है। उक्त कारण हर आने-जाने वाले वाहन व लोगों पर पुलिस द्वारा पैनी निगाह रखी जा रही है। हर तरह के वाहनों की पुलिस सघनता से जांच कर रही है। मालूम हो कि पहले से ही झारखंड-छत्तीसगढ़ अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर रंका थाना के गोदरमाना से भी कि जा रही है। उसी चेकपोस्ट पर 24 अक्टूबर को 81 हजार 600, 23 अक्टूबर को दो वाहनों से 2.81 लाख व 26 अक्टूबर को तीन लाख रुपये पकड़ा गया था।

# विचार-मंथन

## संपादकीय



## वायुसेना की बड़ी ताकत

आजकल किसी देश की सामरिक शक्ति का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाता है कि उसकी वायुसेना के बेड़े में कितने अत्याधुनिक युद्धक विमान हैं, कितनी दूर तक मिसाइलें दागने और दुश्मन की मिसाइलों को भेदने की उसकी क्षमता है। युद्ध क्षेत्र में वह कितनी तेजी से अपने सैनिकों की तैनाती कर सकता है, हथियारों और गोला-बारूद की पहुंच सुनिश्चित कर सकता है। इस मामले में भारतीय वायुसेना की सामर्थ्य लगातार बढ़ रही है। सी-295 विमानों को अपने ही देश में तैयार करने की सरकार की तैयारी इसका अगला चरण है। वायुसेना को लंबे समय से शिकायत रही है कि उसके बेड़े में युद्धक और मालवाहक विमान पुराने पड़ चुके हैं, जिसके चलते वह अपने दुश्मन को ठीक से चुनौती दे पाने में सक्षम नहीं है। इसी के मद्देनजर रफाल विमानों की खरीद की गई थी। स्वदेशी तकनीक से हथियारों के निर्माण पर बल दिया गया। अब छप्पन सी-295 विमानों के निर्माण से वायुसेना को आयुध सामग्री पहुंचाने, सैनिकों और चिकित्सा सुविधाओं की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलेगी। पहली बार है, जब कोई निजी कंपनी भारत में वायुसेना के लिए विमान का निर्माण करेगी। स्पेन की कंपनी एअरबस के साथ टाटा ने समझौता कर इन विमानों के निर्माण की दिशा में कदम आगे बढ़ाया है। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने इसकी निर्माण इकाई का उद्घाटन भी कर दिया है।

इस विमान की खासियत यह है कि इसे उतरने और उड़ान भरने के लिए बहुत छोटी हवाई पट्टी की जरूरत होगी। यानी दुर्गम पहाड़ी जगहों पर भी इसे उतारा जा सकता है। यह तिहत्तर सैनिकों या फिर नौ टन वजन की सामग्री लेकर उड़ान भर सकता है। इसमें आठ सौ किलोग्राम वजन के हथियार भी लगाए जा सकते हैं। यह लगातार ग्यारह घंटे तक उड़ान भर सकता है और इसमें हवा में ईंधन भरा जा सकता है। इस श्रृंखला के सोलह विमान स्पेन में तैयार होंगे और बाकी चालीस गुजरात के वडोदरा में बनाए जाएंगे। स्वाभाविक ही इन विमानों के वायुसेना के बेड़े में शामिल होने से सेना का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि पड़ोसी देशों से मिलने वाली चुनौतियों से निपटने में भी काफी आसानी होगी।

# भारत की किस चाल के आगे बेबस हुआ चीन?

(पूनम पाण्डे)

ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी पर भारत और चीन के बीच करीब साढ़े चार से साल गतिरोध चल रहा है। यह अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन जिन दो पॉइंट्स- देपसांग और डेमचॉक- पर डिसइंगेजमेंट) होना यानी दोनों देशों के सैनिकों का आमने-सामने से हटना बाकी था, वहां इसकी प्रक्रिया अब चल रही है। कुछ ही दिनों में इन इलाकों में सेना की पहले की तरह गश्ती भी शुरू हो जाएगी। इसके लिए लगातार बातचीत चल रही थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस दिन ब्रिक्स समिट के लिए रूस रवाना होने वाले थे, उसके ठीक एक दिन पहले भारत और चीन के बीच सहमति का ऐलान किया गया।

*भारतीय सेना ने दक्षिणी किनारे में कैलाश रेंज की अहम चोटियों पर कब्जा कर लिया। यह आसान नहीं था लेकिन भारतीय सेना ने वहां आनन फानन में टैंक तक पहुंचा दिए और अपनी मजबूत पोजिशन बना ली। इसके बाद चीन कहने लगा कि भारत ने एलएसी पार कर उसके इलाके में कब्जा किया है और उसे वापस जाना चाहिए। कैलाश रेंज की चोटियों पर भारतीय सेना की मजबूत स्थिति ने ही चीन को बातचीत की टेबल पर नरम किया। इसके बाद बातचीत के जरिए ही गलवान एरिया, पैंगोंग के उत्तरी किनारे में फिंगर एरिया, दक्षिणी किनारे में कैलाश रेंज और गोगरा-हॉट स्प्रिंग एरिया में डिसइंगेजमेंट हुआ और वहां बफर जोन बनाए गए।*

### रास्ता कैसे निकला

सहमति बनाने के लिए राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर बातचीत लगातार चल रही थी। इसकी अहमियत का जिक्र विदेश मंत्री एस जयशंकर से लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी किया। समाधान के लिए दोनों देशों के बॉर्डर मामले के लिए तय स्पेशल प्रतिनिधि भी बातचीत कर रहे थे और ब्रिक्स समिट की साइडलाइन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्पति शी चिनफिंग की मुलाकात के बाद विदेश सचिव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि स्पेशल प्रतिनिधि जल्द से जल्द और मीटिंग्स करेंगे। भारत की तरफ से स्पेशल प्रतिनिधि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल हैं।

### शुरुआती आक्रामक रुख

बहरहाल, बातचीत शुरू कैसे हुई और इसमें नरमी कैसे आई इसे भी याद रखने की जरूरत है। अप्रैल 2020 में ईस्टर्न लद्दाख में जब गतिरोध शुरू हुआ तो चीनी सैनिक पैंगोंग एरिया के उत्तर में फिंगर एरिया में काफी आगे तक आ गए थे। चीनी सैनिकों ने वहां कई टेंपरेरी स्ट्रक्चर भी बना लिए थे। उसी साल अगस्त 2020 में चीन ने पैंगोग एरिया के दक्षिणी किनारे में जहां कैलाश रेंज है, वहां भी नया मोर्चा खोलने की कोशिश की। वहां उनके सैनिकों की मूवमेंट देखी गई। इस बीच, उत्तरी किनारे में गतिरोध खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत चल ही रही थी लेकिन चीन का रुख कड़ा था।

### सेना का कमाना

इसके बाद भारतीय सेना ने दक्षिणी किनारे में कैलाश रेंज की अहम चोटियों पर कब्जा कर लिया। यह आसान नहीं था लेकिन भारतीय सेना ने वहां आनन फानन में टैंक तक पहुंचा दिए और अपनी मजबूत पोजिशन बना ली। इसके बाद चीन कहने लगा कि भारत ने एलएसी पार कर उसके इलाके में कब्जा किया है और उसे वापस जाना चाहिए। कैलाश रेंज की चोटियों पर भारतीय सेना की मजबूत स्थिति ने ही चीन को बातचीत की टेबल पर नरम किया। इसके बाद बातचीत के जरिए ही गलवान एरिया, पैंगोंग के उत्तरी किनारे में फिंगर एरिया, दक्षिणी किनारे में कैलाश रेंज और गोगरा-हॉट स्प्रिंग एरिया में डिसइंगेजमेंट हुआ और वहां बफर जोन बनाए गए।

### भय बिनु होइ न प्रीत

रामचरित मानस में एक लाइन है- भय बिनु होइ न प्रीत। मिलिट्री सर्कल में इसे बार-बार दोहराया जाता है। ए्ट के गतिरोध को देखें, तो चीन तब तक बातचीत के दौरान मजबूत स्थिति में दिख रहा था जब तक वह फिंगर एरिया में आगे था। जब भारतीय सेना ने कैलाश रेंज की अहम चोटियों पर कब्जा कर चीन को अपनी ताकत दिखाई तब बातचीत ने रफ्तार पकड़ी और चीन का रवैया बदला। हाल में बनी सहमति को लेकर भारत की तरफ से पहले डिप्लोमेटिक और राजनीतिक स्तर पर जितने भी बयान आए उसमें बातचीत और डिप्लोमेसी का जिक्र किया गया, हालांकि उन सारे बयानों में मिलिट्री ताकत और कैलाश रेंज की चोटियों पर भारतीय सेना ने जो किया, उसकी अहमियत का जिक्र नहीं था।

### उठने लगे सवाल

इसे लेकर सवाल भी उठने लगे थे कि एलएसी पर सहमति तक पहुंचने के लिए मिलिट्री ने जो किया उसका उस तरह जिक्र क्यों नहीं किया जा रहा है जिस तरह से डिप्लोमेसी का हो रहा है। फिर शनिवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक कार्यक्रम में एलएसी पर सहमति तक पहुंचने के लिए डिप्लोमेसी के साथ ही मिलिट्री की भूमिका का भी जिक्र किया। यह जरूरी था। बेहद विषम परिस्थितियों में बॉर्डर पर डटे सैनिकों के मनोबल के साथ ही उनके परिवार वालों का मनोबल बढ़ाना भी देश की और देश की लीडरशिप की जिम्मेदारी है।

### डीआईएमई फैक्टर

किसी भी फील्ड में अगर काम का क्रेडिट ना मिले तो मनोबल पर असर तो पड़ता ही है। गुरुवार को चाणक्य डिफेंस डायलॉग में अपनी बात शुरू करते हुए इंडियन आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था कि (किसी न किसी तरह हम हमेशा रूस्तंभ से अलग-थलग रहे हैं।) यहां रूका मतलब मिलिट्री से है। दरअसल, नैशनल पावर को एक्सप्लेन करने के लिए डीआईएमई का इस्तेमाल होता है। इसमें डी मतलब डिप्लोमेटिक,आई मतलब इनफार्मेरेशन , एम का मतलब मिलीर्ट्रे और ई मतलब इकानामी होता है।

### विकास में रक्षा को महत्व

इसी प्रोग्राम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डिफेंस सेक्टर को लेकर अपनी चिंताएं भी जाहिर कीं। उन्होंने कहा कि हमें इस पर गंभीरता से पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए कि रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को आर्थिक विकास से जुड़ी चर्चाओं में अधिक महत्व क्यों नहीं दिया जाता। साथ ही, यह भी कहा कि आर्थिक विकास के लिए सुरक्षा के महत्व को हमेशा स्वीकार किया गया है, फिर भी इसे आर्थिक वृद्धि में एक प्रत्यक्ष कारक के रूप में निरंतर रूप से मान्यता नहीं मिली है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं

# अयोध्या के लिए खास थी यह दिवाली, पीएम मोदी ने कैसे दुनिया भर में बढ़ाया सनातन का मान

(जगत गुरु शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम जी महाराज, हरिद्वार)

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा इसी साल 22 जनवरी को की गई। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में वहां हवन-पूजन के सारे कार्यक्रम संपन्न हुए। कई सौ साल बीत गए, सनातन परिवारों की कई पीढ़ियां निकल गईं, इस दिन को देखने की आस लिए, तब जाकर यह दिन आया। प्रभु श्रीराम टेंट से निकल कर मंदिर में विराजमान हुए। 22 जनवरी को जो कुछ अयोध्या की धरती पर हो रहा था, वह इवेंट मात्र नहीं था, वहां एक इतिहास रचा जा रहा था।

**दूसरा वनवास**

भारत को एक ऐसा नेतृत्व मिला है, जो देश की परंपरा, गौरव और सनातनी मूल्यों की ना सिर्फ 'विधर्मियों' से सुरक्षा कर रहा है, बल्कि भारत का मान पूरी दुनिया में स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी ने भगवान राम की प्रतिमा की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करके, 140 करोड़ भारतीयों का सर सम्मान से ऊंचा किया है। इस बार दीपावली पर दीयों की रोशनी थोड़ी खास होगी। हमारे प्रभु श्रीराम का दूसरा वनवास जो पूरा हुआ है। करोड़ों सनातनियों के आराध्य को दशकों तक टेंट में रहना पड़ा। यह देश ना इस घटना को भूल सकता है और ना इसके दोषियों को। फिर उन्हें कैसे भुलाएगा, जिन्होंने हमारे भगवान राम को टेंट से निकाल कर मंदिर में प्रतिष्ठित किया।

**सबके राम**

राम हिंदुओं के तो भगवान हैं ही, वे पीर के, फकीर के, कबीर के, सबके हैं। इसलिए पाकिस्तान जाने से पहले अल्लामा इकबाल जब हिंदुस्तानी होने पर गर्व करते थे, उस दौर में लिखकर गए कि, 'है राम के वजूद पे हिन्दोस्तां को नाज़/ अहल-ए-नज़र समझते हैं उन को इमाम-ए-हिंद।।' भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक 104 दिनों के बाद 5 मई को प्रधानमंत्री दोबारा रामलला के दर्शन और पूजन के लिए आए।

**फूलों की बारिश**

उसके बाद वह अयोध्या की जनता के बीच गए। उन्होंने करीब दो किलोमीटर का रोड शो किया। इसमें सभी जाति और वर्ग के लोग मौजूद थे। अयोध्या की सड़क पर रोड शो का रथ जैसे ही आगे बढ़ा, नारों से वातावरण गूंज उठा। हर कोई या तो 'जय श्री राम' का नारा लगा रहा था, या फिर 'हर हर मोदी-घर घर मोदी' का। उन पर फूलों की बारिश हुई।

**राम की नगरी**

अयोध्या में 496 सालों के बाद यह पहली दीपावली है, जब श्रीराम लला टेंट से निकल कर मंदिर में विराजमान हैं। अयोध्या तो भगवान राम की नगरी है। वह राजा हैं इस शहर के। आप जानते हैं कि अयोध्या में पहली दीपावली तब मनी थी, जब भगवान चौदह वर्षों का अपना वनवास पूरा करके माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ लौटे थे। उस वर्ष उनके आने की खुशी में अयोध्या नगरी को दीयों से रौशन किया गया था। इतना पुराना रिश्ता है अयोध्या का दीपावली से। इस नगर से दीपावली प्रारंभ हुई और भगवान राम ने अपनी पहली दीपावली अयोध्या में ही मनाई।

**विशेष उपहार**

भगवान जब टेंट में चले गए फिर अयोध्या में दीपावली को लेकर अधिक उत्साह बचा नहीं था। पुरानी बात की जाए तो यहां बहुत ही सीमित दायरे में परिसर में दिवाली मनाई जाती थी और सिर्फ मंदिर के पुजारी ही विशेष सुरक्षा के बीच दीया जला पाते थे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5541

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5540

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 5541

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | 4 | | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | ■ | |
| 7 | 8 | | | ■ | 9 | 10 | ■ |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | | | 13 |
| 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 | |
| ■ | 17 | | | ■ | ■ | 18 | |
| 19 | | ■ | 20 | | 21 | | ■ |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | 23 |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 8 जून 1936 इंडियन स्टेट ब्राडकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर यह रख दिया गया (8)
8. टेढ़ापन, दोष, कुटिल (2)
7. इस्लामी नवां महिना जिसमें मुस्लिम दिनभर रोजा रखते है (4)
9. वज्र, बिजली (2)
11. मैं का बहुवचन (2)
12. सर्वश्रेष्ठ होने या वरीय होने का भाव (4)
14. आकाश, जल, वायु (2)
15. ईश्वर का एक नाम हजरत मुहम्मद के दामाद और चौथे खलीफा (2)
16. गढ़, कोट, दुर्ग (2)
17. पूजा करने वाला, भक्त (3)
18. रात्रि, रात, यामिनी (2)
19. पूरा, पूरी तरह भरा हुआ (2)
20. जिसे उर्दू में कुर्बानी कहा जाता है (4)
22. विवाह के समय वर को पहनाया जाने वाला ताड़पत्र (2)
23. शास्त्रीय संगीत में षड्जस्वर, सादृश्य (1)

**ऊपर से नीचे**

1. विश्व सिनेमा का सबसे बड़ा अवार्ड (3)
2. प्रबंध, व्यवस्था (4)
3. तिब्बत और मध्य एशिया में होने वाला एक जंगली भैसा (2)
4. रूपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
5. जोड़, मिलाप, संबंध, लगाव (2)
8. अधिक महत्व का (5)
10. आरके बैनर की फिल्म बरसात से अपना सरगीम सफर शुरू करने वाली संगीतकार जोड़ी में से एक (5)
12. उत्तराधिकारी, महात्मा, ऋषि (2)
13. जलाशय, सरोवर (3)
15. यशस्वी मुगल सम्राट जिसने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया (3)
16. गढ़, कोट, दुर्ग (2)
19. अर्चना, पूजन, वंदना (2)
21. हक या स्वामित्व (2)

### वर्ग पहेली 5540 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हे | श | भू | प | ति | ■ | डै |
| त | ल | ब | ■ | थि | र | क | ना |
| ग | न | ■ | ■ | क | प | ट | ■ |
| ण | ■ | ना | ना | ■ | ■ | नी | म |
| ना | म | ज | द | गी | ■ | ■ | ह |
| ■ | म | नी | ■ | ता | ल | मे | ल |
| सं | ता | न | ■ | द | ■ | म | ■ |
| ज्ञा | ■ | ■ | द | त्त | ■ | ना | रा |

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन लाभ और तरक?की से भरा होगा और अपके कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ बदलाव होने वाले हैं। इन बदलावों के कारण आपके कुछ साथी आपसे खुश नहीं रहेंगे। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को संभाल लेंगे। रात में आपके घर में किसी की सेहत बिगड़ने से आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपको कुछ परेशानी उठानी पड़ सकती है।

### वृष

आज दिन सफलता से भरा होगा। आप करियर में तरक्की के योग हैं। आपको दोपहर तक कोई शुभ समाचार भी मिल सकता है। अपनी सेहत का ख़ास ख्याल रखें। शाम को आपके घर में किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है, जिनका आप काफी समय से इंतज़ार कर रहे थे। रात में किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने से आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### मिथुन

आज दिन बेहद ख़ास है। आपको उच्चाधिकारियों की कृपा से कोई उपहार मिल सकता है। आप बहुत दिनों से जिस काम की चाह रख रहे थे, वह पूरा होगा। फिजूलखर्ची से बचें। शाम से लेकर रात तक वाहन संभलकर चलाएं तो अच्छा होगा।

### तुला

आज लाभ होगा और आपको लाभ के साथ ही शिक्षा और प्रतियोगिता में ख़ास सफलता प्राप्?त होगी। आय के नए रास्ते खुलेंगे और आप तरक्की करेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा। भागदौड़ भरी दिनचर्या के कारण मौसम का असर आपकी सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए अपना ख़ास ख्याल रखें। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक

आज दिन आर्थिक रूप से मजबूत रहने वाला है और आपके धन सम्?मान में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे और अपनों से मुलाक़ात होगी। वाणी पर संयम रखें और किसी के साथ विवाद में पड़ने से बचें। आपको विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शाम को अपनों से मुलाक़ात होगी और रात में कहीं जाने का मन करेगा।

### धनु

आज आपको खर्च अधिक करना पड़ सकता है। ऐशो-आराम की चीजों पर भी आपका काफी खर्च हो सकता है। ऑफिस में काम करने वाले लोगों या फिर किसी रिश्तेदार की वजह से आपको थोड़ा तनाव हो सकता है। लेन-देन के समय सावधान रहें, पैसा सोचकर खर्च करें। दिन में सरकारी कामों या कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं, लेकिन जीत आपकी होगी।

### कर्क

आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। व्यापार में भी आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जल्दबाजी में कोई फैसला न लें और न ही भावनाओं में बहकर कोई फ़ैसला करें, क्योंकि जल्दबाजी में लिया गया फ़ैसला आपको पछतावा दे सकता है। आपको मानसिक शांति मिलेगी।

### सिंह

आज दिन भाग्यशाली है और आपको सफलता दिलाएगा। घर की साज-सज्जा और सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपके अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण आपको मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है। आप रुपये-पैसे और लेन-देन में सावधानी बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा और मन प्रसन्न होगा।

### कन्या

आज दिन काफी मेहनत और लगन से भरा होगा। परिवार के साथ खुशियाँ मनाएंगे और किसी खुशी के मौके पर घर में उत्सव का माहौल रहेगा। आपका मन रचनात्मक काम में लगेगा और आपकी तरक्की होगी। विपरीत परिस्थितियों में खुद को शांत रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें.

### मकर

आज दिन तनाव और थकान से भरा होगा। व्यापार के क्षेत्र में मनचाहा लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। अगर आप व्यापार को आगे बढ़ाने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको निवेश बढ़ाना पड़ सकता है। यह समय आपके लिए अनुकूल है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

### कुंभ

आज जीवनसाथी की सेहत की वजह से थोड़ा भागदौड़ का सामना करना पड़ सकता है। आपकी राशि के स्वामी शनि की स्थिति ठीक न होने के कारण ऐसा हो सकता है। किसी भी प्रॉपर्टी को खरीदते या बेचते समय उसके सारे कानूनी पहलुओं को ध्यान से देखें। शाम तक आपकी जीवनसाथी की तबियत में सुधार होगा और पूरी तरह से ठीक होने में थोड़ा समय लगेगा।

### मीन

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको लाभ व तरक्की होगी। आप किसी छोटी यात्रा पर भी जा सकते हैं। बिजनस में तरक्की होने से मन प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई के तनाव से राहत मिलेगी। शाम के समय कहीं बाहर घूमने फिरने के दौरान आपको कोई ज़रूरी जानकारी मिल सकती है। माता-पिता की सलाह आपके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नंदुरबार में तेज रफ्तार कार ने तीन बाइक सवारों को टक्कर मारी, पांच लोगों की मौत

**नंदुरबार, एजेंसी।** महाराष्?ट्र के नंदुरबार तहसील के पिंपलोद गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो कार ने सड़क किनारे खड़े तीन बाइक सवारों टक?कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि कार चालक को नींद आ गई होगी, गाड़ी का ब्रेक फेल हुआ होगा या फिर ड्राइवर नशे में होगा, तभी वाहन के अनियंत्रित हो जाने के कारण ये हादसा हो गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह हादसा 2 नवंबर को रात करीब 8 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि नंदुरबार से धनोरा रोड पर पिंपलोद गांव से एक किमी दूर एक बाइक खराब हो गई थी। अंधेरा होने की वजह से बाइक सवार की सहायता के लिए दो और बाइकें मौके पर रुक गईं। इसी बीच नंदुरबार से धनोरा की ओर तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने रोड के किनारे बाइक के साथ लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बाइकें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। जबकि कार पलट गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। एक साथ पांच लोगों की मौत से तालुक में मातम फैल गया है।

### पवन कल्याण ने अब नरसिंह वरही ब्रिगेड नामक पार्टी की नई शाखा के गठन की घोषणा की

**अमरावती, एजेंसी।** जनसेना पार्टी के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण सनातन धर्म पर खुलकर अपनी राय रखते हैं। उन्होंने अब नरसिंह वरही ब्रिगेड नामक पार्टी की नई शाखा के गठन की घोषणा की है। उन्होंने कहा, मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं, लेकिन मैं अपनी आस्था पर अडिग हूं। जो लोग सोशल मीडिया पर सनातन धर्म की आलोचना करते हैं या इसके बारे में अपमानजनक बातें करते हैं उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। इसलिए मैं सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी पार्टी के भीतर नरसिंह वरही ब्रिगेड नामक एक समर्पित शाखा की स्थापना कर रहा हूं। उनकी यह घोषणा तिरुमाला के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद में मिलावटी घी के इस्तेमाल के संबंध में हाल ही में लगाए गए आरोपों के बाद की गई है। पिछले महीने पवन कल्याण ने सनातन धर्म की रक्षा करने और उसकी मान्यताओं का अनादर करने वाली गतिविधियों को रोकने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय कानून की वकालत की थी। तिरुपति में वरही घोषणा समारोह में उन्होंने कहा, सनातन धर्म की रक्षा करने और उसकी मान्यताओं को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय कानून की आवश्यकता है। इस कानून को तुरंत लागू किया जाना चाहिए और पूरे भारत में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। पवन कल्याण ने इस कानून के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर एक सनातन धर्म संरक्षण बोर्ड की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिसमें इसकी गतिविधियों के लिए समर्पित निधि भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मंदिर के प्रसाद और प्रसाद के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्रियों में शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सनातन धर्म प्रमाणन की आवश्यकता पर जोर दिया।

### अवनीश और मालिनी अवस्थी ने बंदर-भालू गोद लिए, चिड़ियाघर को सौंपा चेक

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ प्राणी उद्यान में दो नवंबर शनिवार को अपनी पोती अहिल्या और पत्नी के साथ जू घूमने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार पूर्व आईएएस अवनीश अवस्थी ने सिंघ पूंछ बंदर और हिमालयन काले भालू को गोद लिया। इस मौके पर अवनीश अवस्थी और लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान निदेशक अदिति शर्मा को 151800 का चेक सौंपा। बता दें कि वर्ष 2021 में मालिनी अवस्थी ने हिमालयन काला भालू का अंगीकरण किया गया था।

# गुरुग्राम में 294 कॉलोनियां अवैध कॉलोनियां होंगी पक्की, सरकार को भेजी सर्वे रिपोर्ट

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम की अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। गुरुग्राम नगर निगम ने शहर की 294 अवैध कॉलोनियों का सर्वे पूरा कर लिया है। निगम ने सर्वे रिपोर्ट सरकार को भेज दी है। अब सरकार की तरफ से कभी भी इन कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा की जा सकती है। करीब चार लाख से ज्यादा लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी। आठ माह में निगम ने यह सर्वे पूरा किया है। नियमित होने के बाद निगम की तरफ से इन कॉलोनियों में सीवर, पानी, सड़कें और स्ट्रीट लाइटें जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने फरवरी माह में नगर निगम गुरुग्राम को 294 अवैध कॉलोनियों की सूची जारी की थी। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक ने सूची जारी करते हुए निगम की योजनाकार विंग इन कॉलोनियों को नियमित करने के लिए सर्वे करने के निर्देश दिए थे। फरवरी शुरू हुए सर्वे को निगम ने अब अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में पूरा कर सरकार को रिपोर्ट भेजी है। निगम के दायरे में नियमित हो चुकी कॉलोनियों के साथ या उनके बीच में कुछ एरिया में डीलरों की ओर से अवैध कॉलोनियां काट दी गई थीं, लेकिन इन कॉलोनियों को नियमित नहीं किया जा सका था। गुरुग्राम की 294 ऐसी छोटी कॉलोनियों को चिन्हित किया गया है। यह वो कॉलोनियां हैं, जो निगम के दायरे में नियमित कॉलोनियां बसने के बाद उनके साथ लगती जमीन पर काटी गई हैं। दो से लेकर पांच



एकड़ जमीन तक की अवैध कॉलोनियां काट गई। इन कॉलोनियों के लोगों को निगम की तरफ से किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिल रही थी। अब शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने नियमित कॉलोनियों की बीच में इन अवैध कॉलोनियों को भी नियमित करने की योजना बनाई है। मारुति कुंज, श्रीराम कॉलोनी, सरस्वती एंक्लेव एक्सटेंशन, अशोक विहार फेस-2, गुड़गांव गांव, वजीराबाद, नाथुपूर, सिकंदरपुर, देवीलाल कॉलोनी एक्सटेंशन, कादिपुर एक्सटेंशन, कृष्णा नगर एक्सटेंशन, विजय विहार एक्सटेंशन, समसपुर एक्सटेंशन, अशोक विहार फेस-1 एक्सटेंशन समेत 294 कॉलोनियों की सूची भेजी है। कुल 397 अवैध कॉलोनियों का निगम की तरफ से सर्वे किया जा चुका है। पहले चरण में 103 कॉलोनियों की सर्वे रिपोर्ट सरकार को भेजी गई थी। इनमें से 20 कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। अब 294 की सर्वे रिपोर्ट सरकार को भेजी गई है। अवैध कॉलोनियों में निगम द्वारा स्थानीय लोगों को सड़क, सीवर, पानी, स्ट्रीट लाइट समेत किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती हैं। कॉलोनियां नियमित होने के बाद ही निगम द्वारा इन कॉलोनियों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं।

## पश्चिम बंगाल में अलग-अलग घटनाओं में दो नाबालिग लड़कियों से बलात्कार

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दो जिलों में शनिवार को नाबालिग लड़कियों से बलात्कार की घटनाएं सामने आई। पहली घटना अलीपुरद्वार जिले के कुमारग्राम की और दूसरी मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल की है। कुमारग्राम में पीड़ित नौ वर्षीय नाबालिग है, जिसे कथित तौर पर नदी में तैरते समय आरोपी ने अगवा किया था। बाद में उसने उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी पीड़िता का परिचित था। पीड़िता एक सुनसान जगह पर पड़ी मिली। उसके गुप्तांगों से बहुत अधिक खून बह रहा था। पीड़िता के माता-पिता की शिकायत के आधार पर, आरोपी व्यक्ति को शनिवार दोपहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

नाबालिग लड़की का अभी अलीपुरद्वार जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। आरोपी को जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा। एक अन्य घटना में मुर्शिदाबाद जिले के डोमकोल में शनिवार को ही एक अधेड़ व्यक्ति को सात वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता के माता-पिता की शिकायत के अनुसार, आरोपी व्यक्ति, जो परिवार का रिश्तेदार है, गुरुवार रात नाबालिग को चॉकलेट का लालच देकर अपने कमरे में ले गया और उसका बलात्कार किया। पुलिस द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, शुरुआत में लड़की मानसिक सदमे में थी और उसने अपने माता-पिता को कुछ भी नहीं बताया। हालांकि, समझाने के बाद आखिरकार उसने शुक्रवार देर रात अपनी मां को सारी बातें बता दीं। माता-पिता ने शनिवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पश्चिम बंगाल पिछले तीन महीने से बलात्कार, बलात्कार-हत्या की खबरों को लेकर चर्चा में है, जिसमें कई मामलों में पीड़ित नाबालिग हैं। सबसे चर्चित घटना इस साल अगस्त में कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जूनियर डॉक्टर के साथ अस्पताल परिसर में ही बलात्कार और हत्या की थी।

## हरियाणा की तरह महाराष्ट्र में भी भाजपा को मिलेगा आरएसएस का बैकअप, स्वयंसेवकों ने संभाला मोर्चा



**मुंबई, एजेंसी।**
हरियाणा की तरहब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की अगुवाई में महायुति के लिए सत्ता में वापसी की चुनौती बनी हुई है। भगवा पार्टी को यहां टिकटों के बंटवारे के बाद बगावत और गठबंधन के सहयोगी दलों के कुछ फैसलों से जूझना पड़ रहा है, साथ ही सत्ता विरोधी माहौल की काट भी निकालने की चुनौती बनी हुई है। हालांकि, भाजपा के लिए राहत की बात यही है कि हरियाणा की तरह महाराष्ट्र में भी उसे आरएसएस का समर्थन मिलने की संभावना है।

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ खटास आई थी, लेकिन वह अब पूरी तरह दूर हो चुकी है। संघ ने भाजपा के लिए बीते हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी काफी मेहनत की थी। खासकर हरियाणा में जहां भाजपा को बेहद कमजोर माना जा रहा था, लेकिन वह पिछली बार से ज्यादा सीटों के बहुमत से सत्ता में आने में सफल रही है। संघ के सूत्रों के अनुसार संघ कभी किसी के लिए प्रचार या वोट नहीं मांगता है, लेकिन उसके स्वयंसेवकों ने लोगों के बीच जाकर जनजागरण कर राष्ट्र, राज्य और समाज के हित के मुद्दों पर बात की थी।

आरएसएस के एक पदाधिकारी ने कहा कि हम कभी भी राजनीतिक रूप से काम नहीं करते हैं, लेकिन समाज और देश की मजबूती के लिए कौन जरूरी है, यह बात लोगों के बीच ले जाते हैं। दरअसल, यह परोक्ष रूप से भाजपा को मजबूती देना ही होता है और संघ की इसी क्षमता से भाजपा को अपने विस्तार और चुनावी राजनीति में सफलता भी मिलती है। संघ के स्वयंसेवकों ने महाराष्ट्र में मोर्चा संभाला हुआ है।

## केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद-ओंकारेश्वर मंदिर में होंगे दर्शन

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।**
केदारनाथ धाम के कपाट आज भैया दूज के मौके पर पूजा अर्चना के बाद बंद कर दिए गए हैं। सुबह मंदिर में भगवान की समाधि पूजा की गई और उसके बाद 6 बजे गर्भ ग्रह का दरवाजा बंद कर दिया गया। बदरीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को बंद कर दिए जाएंगे। जबकि विधि विधान के साथ 8:30 बजे मंदिर का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। बड़ी संख्या में भक्तों के साथ बाबा केदार की चल विग्रह डोली को केदारनाथ धाम से ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए रवाना कर दिया गया। आज डोली रामपुर पहुंचेगी, जबकि कल सोमवार को डोली गुप्तकाशी और मंगलवार 5 नवंबर को डोली शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पहुंचेगी। जहां भगवान की 6 महीने तक शीतकालीन पूजा अर्चना की जाएगी। आपको बता दें कि आज 3 नवंबर को यमुनोत्री धाम के कपाट दोपहर बाद श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे, जबकि 2 नवंबर को गंगोत्री धाम के कपाट को बंद कर दिया गया था।

**बदरीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को होंगे बंद:** बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए 17 नवम्बर को रात्रि 9 बजकर 7 मिनट पर बंद होंगे। बदरीनाथ




मंदिर के कपाट बंद होने से पूर्व श्रद्धालु भगवान के दर्शन करना चाहते हैं। इसलिए अक्तूबर से लेकर अभी तक प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री बदरीनाथ धाम पहुंच रहे हैं। शनिवार को भी 6500 से अधिक श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंचे। पुलिस प्रशासन द्वारा दिए आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार तक बदरीनाथ में यात्रा अवधि में 12 लाख 74 हजार से अधिक यात्री बदरीनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचे। पहाड़ में इस समय मौसम खुशगवार है। इसलिए बदरीनाथ सहित सभी मंदिरों में भारत ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु बदरीनाथ के कपाट बंद होने से पूर्व प्रकृति और भगवान दोनों के दर्शन के लिए यहां आ रहे हैं। आम और खास सब भगवान के दरबार में माथा टेकने के लिए पहुंच रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के भिलाई में पशुओं के बीच फैल रहा यह वायरस

**दुर्ग, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई के सुपेला में पशुओं के बीच लंपी वायरस का संक्रमण फैल रहा है। इससे कई गौवंश संक्रमित हो चुके हैं। लंपी वायरस फैलने की पुष्टि पशु चिकित्सा विभाग ने भी कर दी है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही इस वायरस के लक्षण पशुओं में देखने को मिले थे। अब इस वायरस से कई गौवंश संक्रमित हो चुके हैं। प्रशासन ने ज्यादा गंभीर रूप से संक्रमित लावारिश पशुओं को गोठान में शिफ्ट करने को कहा है।

**पशु चिकित्सा विभाग ने पुष्टि की:** बताया जाता है कि शनिवार को जब गाय, बछड़ों के शरीर में हुए जख्मों से खून रिसने लगा तब जाकर टीम के साथ पहुंचे पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक सुधीर प्रताप सिंह ने लंपी वाययस के संक्रमण की पुष्टि की।

**कैसे करें बचाव?:** तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचित करें। संक्रमित पशु



को स्वस्थ पशुओं से अलग कर दें और उन्हें दूर रखें। बीमार आवारा पशुओं की आवाजाही पर रोक लगाए। पशुओं को हमेशा साफ पानी पिलाएं। मच्छर, मक्खी आदि से बचाव के लिए कीटनाशक का प्रयोग करें। पशुशाला, गौशाला में फिनाइल/सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करें।

**रोग फैलने पर क्या न करें?:** बीमार पशुओं को चरागाह, खेतों में चरने के लिए ना भेजें। बीमार पशुओं को पशु मेलों और प्रदर्शनियों में न ले जाएं। पशु की डेड बॉडी खुले में ना फेंके, उसे गहरे गड्ढे में दबा दें। बीमार और स्वस्थ पशुओं को एक साथ चारा-पानी ना दें। प्रभावित क्षेत्रों से पशुओं को ना खरीदें। बीमार पशु का दूध बछड़े को न पिलाएं। प्रभावित पशु का उबला दूध ही पीएं।

**मुनादी करने के निर्देश:** मवेशियों में लगातार फैल रहे लंपी वायरस को देख सुपेला के पार्षद रविशंकर कुर्रे को पूरे एरिया में मुनादी करने कहा गया है ताकि मवेशियों के मालिक अपने-अपने मवेशी घर पर रखें जिससे उनका वैक्सीनेशन हो सकें। इस बीच एक टीम सुपेला में लंपी वायरस से पीड़ित मवेशियों का वैकसीनेशन भी कर रही है। यही नहीं जिन लावारिश पशुओं में संक्रमण ज्यादा फैल गया है उनको गोठान में शिफ्ट करने को कहा गया है।

## नाबालिग नौकरानी को गर्म लोहे और सिगरेट से जलाया, हत्या करके टॉयलेट में छोड़ा शव

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई में 15 साल की घरेलू नौकरानी को बुरी तरह प्रताड़ित करने और उसकी हत्या का मामला सामने आया है। इस केस में पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है जो पति-पत्नी हैं। साथ ही, 4 अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांचकर्ताओं के अनुसार, मेहता नगर के एक फ्लैट में नाबालिग लड़की ने दम तोड़ा। मौत से पहले उसे कड़ी यातना दी गई थी। पीड़िता को गर्म लोहे और सिगरेट से जलाया भी गया था। आरोपी जोड़े की पहचान मोहम्मद निशाद और नासिया के रूप में हुई है। उन्होंने अपनी घरेलू नौकरानी की हत्या करने के बाद उसका शव शौचालय में छोड़ दिया था। इसके बाद वे निशाद की बहन के घर भाग गए। सूत्रों का कहना है कि उनके वकील ने पुलिस को मौत की जानकारी दी। पीड़िता की मां तंजावुर जिले की रहने वाली हैं, जो विधवा हैं। पुलिस लड़की की मौत के कारण का पता लगाने में जुटी है।

अधिकारियों ने कहा कि किलपौक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। फिलहाल, रिपोर्ट मिलने का इंतजार है। वहीं, आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के एक गांव में 4 साल की बच्ची के साथ उसके ही रिश्तेदार के बलात्कार करने के बाद हत्या का मामला सामने आया है।

## कांग्रेस की नीति और नीयत उसके वादों की तरह ही नकली- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस की नीति और नीयत दोनों उसके वादों की तरह ही नकली होते हैं। कहा कि कांग्रेस जहां भी होती है, वह भरोसे का संकट पैदा कर देती है। विश्वास की हत्या करती है। मुख्यमंत्री साय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक सलाह भी दे डाली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि झूठे वादे करने वाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी ने आज यह सच्चाई स्वीकार कर ही ली कि उनकी पार्टी द्वारा किए गए तमाम लोक-लुभावन वादे फर्जी होते हैं। कांग्रेस की नीति और नीयत दोनों उसके वादों की तरह ही नकली होते हैं। साय ने शनिवार को यहां कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में भी कोई वादा पूरा नहीं कर जनता के साथ विश्वासघात किया था। जनता ने काठ की उस हांडी को दुबारा नहीं चढ़ने दिया। कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता से आउट कर दिया। कांग्रेस जहां भी होती है, वह भरोसे का संकट पैदा कर देती है। विश्वास की हत्या करती है।

## वक्फ भूमि मामले में किसानों को जारी नोटिस होगा वापस, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने लिया फैसला

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने वक्फ भूमि के संबंध में किसानों को भेजे गए नोटिस पर बड़ा आदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तत्काल इसे वापस लिया जाए। राजस्व विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और कर्नाटक वक्फ बोर्ड के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसके बाद यह निर्णय किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने वक्फ भूमि के बारे में भेजे गए सभी नोटिस तत्काल वापस लेने का सख्त निर्देश जारी किया है। साथ ही, यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को कोई दिक्कत नहीं हो।'

बयान के अनुसार, सिद्धारमैया ने कुछ अधिकारियों के हाल के कृत्य पर असंतोष जताया। इस बात पर चिंता व्यक्त की कि जनता दल (एस) और भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए वक्फ मुद्दे का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे राज्य में शांति भंग होने की आशंका है। बयान में कहा गया, 'सिद्धारमैया ने लोगों से दुष्प्रचार की अनदेखी करने की अपील की। अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ इस मामले को संभालने का निर्देश दिया।' बयान में इस बात पर भी जोर दिया गया कि वक्फ संपत्तियों से जुड़े भूमि अभिलेखों के बारे में किसानों को जारी किए गए सभी नोटिस तुरंत वापस लिए जाएं। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे किसानों को उनके कब्जे वाली जमीन को लेकर परेशान न करें।

मुख्यमंत्री की ओर से जारी आदेश में क्या बातें

मुख्यमंत्री ने यह भी आदेश दिया कि बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया के भूमि अभिलेखों (पहानी या आरटीसी) में किए गए किसी भी अनधिकृत बदलाव को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। इस बैठक में कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्यमंत्री एच के पाटिल, राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान ने विजयपुरा में लोगों को फिर आश्वासन दिया कि वक्फ अधिनियम के तहत जारी



सभी नोटिस वापस ले लिए जाएंगे, जैसा कि उन्होंने शुक्रवार को उनसे कहा था।

इससे पहले कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा था कि सभी जिला उपायुक्तों को वक्फ कानून के तहत किसानों को नोटिस नहीं देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि भूराजस्व रिकॉर्ड को अंतिम माना जाएगा और प्रशासनिक कार्रवाई उनके अनुरूप होगी। परमेश्वर ने कहा, 'मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को ऐसे किसी नोटिस या पत्र को वापस लेने का निर्देश दिया है। अब यह मामला सुलझ गया है, लेकिन हम भविष्य के संभावित घटनाक्रम को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।'

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने आरोप लगाया कि वक्फ से संबंधित मुद्दे वक्फ अदालतों की शुरुआत के बाद उठने लगे। उनके अनुसार वक्फ अदालत की कानूनी वैधता नहीं है। भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के अध्यक्ष सूर्या ने कहा, 'समस्या तब शुरू हुई जब अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देश पर वक्फ अदालतें आयोजित करना शुरू कर दिया।' सूर्या ने दावा किया कि जिला पंचायत के सीईओ ने अपने अधीनस्थों को पत्र जारी कर कहा, ये कदम मुख्यमंत्री और वक्फ मंत्री के निर्देश पर उठाए गए हैं।

इंडिया-न्यूजीलैंड टेस्ट

# एजाज पटेल के आगे टीम इंडिया का सरेंडर

## 24 साल बाद घर मूं पड़ा साफ, न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास



**मुंबई, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में भारतीय टीम को 25 रनों से हार झेलनी पड़ी. भारत को जीत के लिए 147 रनों का टारगेट मिला था. लेकिन उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया. भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में 121 रन ही बना सकी. न्यूजीलैंड की जीत के हीरो एजाज पटेल रहे, जिन्होंने दूसरी पारी में छह विकेट लिए. एजाज ने पहली इनिंग्स में भी 5 विकेट झटके थे.

24 साल बाद भारतीय टीम का अपने घर पर टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ हुआ है. इससे पहले साल 2000 में उसे साउथ अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हराया था. न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 174 रनों पर सिमट गई. भारत की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिए. बता दें कि इस मुकाबले में कीवी टीम ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए. जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 263 रन टांगे. यानी पहली पारी के आधार पर भारत को 28 रनों की लीड मिली. भारतीय टीम सीरीज पहले ही गंवा चुकी है, अब वह इस मुकाबले को जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी.

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के क्वालिफिकिशन के लिहाज से भी भारत के लिए यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण है. तीसरे दिन के खेल से जुड़ी अपडेट के लिए इस पेज को रिफ्रेश करते रहिए... भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु में खेला गया था, जिसमें रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 8 विकेट से हार मिली. फिर पुणे में खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले को न्यूजीलैंड ने 113 रनों से जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त ले ली. देखा जाए तो इस मैदान पर कीवी टीम अपना चौथा टेस्ट खेलने उतरी है. इससे पहले न्यूजीलैंड ने जो तीन मैच खेले थे, उसमें उसे एक में जीत और दो में हार का सामना करना पड़ा था.

टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही. उसने 18 रनों के स्कोर तक तीन विकेट खो दिए. पहले रोहित शर्मा को मैट हेनरी ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराया. रोहित ने दो चौकों की मदद से 11 रन बनाए. इसके बाद भारत ने शुभमन गिल और विराट कोहली के विकेट खो दिए. दोनों को स्पिनर एजाज पटेल ने चलता किया. कोहली और शुभमन के बल्ले से 1-1 रन निकले.

### गिल ने दान में दिया विकेट!

**मुंबई, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है. मुकाबले में टीम इंडिया रन चेज के लिए मैदान पर है. इस दौरान भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने बड़ी लाहपरवाही से अपना विकेट गंवा दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो देखकर एक बार आपके मन में भी यह ख्याल आएगा कि क्या गिल ने न्यूजीलैंड को दान में अपना विकेट दे दिया? गिल कीवी स्पिनर एजाज पटेल की गेंद पर आउट हुए.

## ऋषभ पंत के विकेट पर विवाद, थर्ड अंपायर ने किया ब्लंडर?

मुंबई टेस्ट के तीसरे दिन ऋषभ पंत के विकेट के बाद भारी बवाल देखने को मिला. ऐसा दावा किया जा रहा है कि थर्ड अंपायर ने कैच की अपील पर उन्हें गलत आउट दिया. पंत भी अंपायर के फैसले नाराज दिखे. पवेलियन लौटते वक्त उन्होंने गुस्से में ड्रेसिंग रूम के दरवाजे पर पंच किया. वहीं सुनील गावस्कर और एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज क्रिकेटरों ने भी इस फैसले को लेकर सवाल उठाए हैं. पंत ने फील्ड पर मौजूद अंपायर्स से इस फैसले को लेकर बातचीत करते दिखे. उनका दावा था कि गेंद और बल्ले का कोई संपर्क नहीं हुआ था. मुंबई टेस्ट के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 147 रन को चेज करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 106 रन बना लिए थे. पंत 64 रन बनाकर भारतीय टीम की ओर जीत की ओर ले जा रहे थे.



तभी 22वें ओवर में एजाज पटेल की गेंद न्यूजीलैंड की टीम ने कैच आउट की अपील. अंपायर ने इसे नॉट आउट करार दिया, जिसके बाद कप्तान टॉम लैथम ने रिव्यू ले लिया. थर्ड अंपायर ने इसे चेक किया तो गेंद के बल्ले के पास होने के समय स्निको मीटर पर हलचल दिखी. इसी दौरान पंत का बल्ला पैड पर टच हो रहा था.

सार समाचार

### पेरिस मास्टर्स फाइनल में हम्बर्ट का सामना ज्वेरेव से होगा



**पेरिस, एजेंसी।** फ्रेंच टेनिस स्टार उगो अम्बेर ने शनिवार को पेरिस मास्टर्स में करेन खाचानोव को 6-7(6), 6-4, 6-3 से हराकर पहली बार मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बनाई। अब वह अपने सातवें टूर-स्तरीय खिताब की तलाश में रविवार को चैंपियनशिप मैच में एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सामना करेंगे। ज्वेरेव अब तक छह मास्टर्स 1000 खिताब, दो एटीपी टूर फाइनल्स और टोक्यो में ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इस साल की शुरुआत में अम्बेर ने दुबई और मार्सिले में खिताब जीते, जबकि ज्वेरेव ने रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब अपने नाम किया। अम्बेर 2016 में गेल मोन्फिल्स के बाद से मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचने वाले पहले फ्रेंच खिलाड़ी हैं। 2008 में जो-विल्फ्रेड सोंगा आखिरी बार फ्रेंच खिताब विजेता बने थे।

अपनी जीत के बाद अम्बेर ने कहा, पेरिस में अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में ऐसा करना अद्भुत है। यह एक सपना है। पहले सेट के हारने के बाद मैंने बस इस पल का आनंद लेने और दर्शकों के साथ रहने की कोशिश की। मैंने अच्छा खेला और मुझे बहुत गर्व है। इससे पहले इस हफ्ते अम्बेर ने कार्लोस अल्कराज को भी हराया था। खाचानोव के खिलाफ 35 विनर्स लगाने वाले अम्बेर एटीपी लाइव रैंकिंग में चार स्थान ऊपर बढ़कर नंबर 14 पर आ गए हैं। यदि वह खिताब जीतते हैं तो सोमवार को करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नंबर 11 पर पहुंच जाएंगे।

### सीनियर पुरुष हॉकी नेशनल्स सोमवार से चेन्नई में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीनियर पुरुष हॉकी नेशनल चैंपियनशिप का 14वां संस्करण सोमवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुरू होने जा रहा है। आठ पूल में विभाजित कुल 31 टीमें इस टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जो 16 नवंबर तक चलेगा। लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक अन्य टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा।

पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम शामिल हैं। पूल सी में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा।

बॉक्सिंगः

## अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी में कृषा वर्मा ने जीता स्वर्ण, पांच रजत भी भारत की झोली में



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि कुमारी सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलासवाल (महिला 70 किग्रा) के अलावा राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा) अपने फाइनल में हार गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

युवा भारतीय मुक्केबाज कृषा वर्मा ने अमेरिका के कोलोराडो में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित शुरुआती अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि पांच अन्य मुक्केबाजों ने रजत पदक अपनी झोली में डाले। कृषा ने 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में जर्मनी की साइमन लेरिका को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में मात दी। चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि कुमारी सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलासवाल (महिला 70 किग्रा) के अलावा राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा) अपने फाइनल में हार गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

चंचल अयोग्य घोषित किए जाने के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जबकि अंजलि को इंग्लैंड की मिया-तिया आयटन से 0-5 से हार मिली। आकांक्षा इंग्लैंड की लिली डीकॉन से जबकि राहुल अमेरिका के अविनोंग्या जोसेफ से 1-4 के समान अंतर से पराजित हुए। विनी को इंग्लैंड की एला लोन्सडेल से 2-3 के विभाजित फैसले में शिकस्त मिली।

पांच महिला मुक्केबाज और एक पुरुष मुक्केबाज फाइनल में स्वर्ण के लिए रिंग में उतरेंगे। विश्व मुक्केबाजी का यह पहला वैश्विक टूर्नामेंट है। विश्व मुक्केबाजी को ओलंपिक आंदोलन में मुक्केबाजी का स्थान सुनिश्चित करने के लिए लांच किया गया था जिसका उद्देश्य मुक्केबाजी के लिए विश्व संचालन संस्था के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) की जगह लेना है।

### लिविंगस्टोन ने जड़े लगातार 6 छक्के

# इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज बराबर की

**सेंट जॉन्स, एजेंसी।** कार्यवाहक कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के धमाकेदार शतक और फिल साल्ट तथा जैकब बेथेल के अर्धशतकों की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। जॉन टर्नर ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय विकेट लेते हुए सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (7) और एविन लुईस (4) जल्दी आउट किया, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर 12/2 हो गया। कीसी कार्टी और कप्तान शाई होप ने बल्ले से कमाल दिखाया और वेस्टइंडीज को 11.2 ओवर में 50 रन और 22.3 ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया। होप ने 66 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा, कार्टी ने 62 गेंदों में चार चौकों की मदद से अपना चौथा वनडे अर्धशतक पूरा किया।

वेस्टइंडीज ने 29.3 ओवर में 150 रन का आंकड़ा पार किया। कार्टी और होप के बीच 143 रन की साझेदारी का अंत आदिल राशिद ने किया जिन्होंने 77 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 71 रन बनाकर कार्टी को आउट किया।

वेस्टइंडीज का स्कोर 30.2 ओवर में 155/3 था जब शेरफेन रदरफोर्ड ने होप के साथ मिलकर वेस्टइंडीज को 36 ओवर में 200 रन के पार पहुंचाया। रदरफोर्ड ने बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए महज 35 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना लगातार चौथा वनडे अर्धशतक पूरा किया। रदरफोर्ड और होप के बीच 79 रन की साझेदारी का अंत लिविंगस्टोन ने किया जब डीप एक्स्ट्रा कवर पर डैन मूसली ने बेहतरीन कैच लपका। वेस्टइंडीज ने 39.5 ओवर में 234/4 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 41.4 ओवर में 250 रन का आंकड़ा पार किया। होप ने 118 गेंदों में छह



चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना 17वां वनडे शतक बनाया। शिमरॉन हेटमायर (11 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 24 रन) ने प्रभावशाली कैमियो किया जबकि होप 127 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से 117 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर के हाथों छठे विकेट के रूप में आउट हुए।

वेस्टइंडीज के 47 ओवर में 297/6 का स्कोर था। रोस्टन चेस (22 गेंदों में दो चौकों की मदद से 20* रन) और मैथ्यू फोर्ड (11 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 23* रन) के कैमियो की बदौलत वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में 328/6 रन बनाए। टर्नर (2/42) और राशिद (2/62) इंग्लैंड के लिए सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे। लिविंगस्टोन और आर्चर को एक-एक विकेट मिला। 329 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने विल जैक्स (12) और जॉर्डन कॉक्स (4) को कम स्कोर पर खो दिया लेकिन फिल साल्ट दूसरे छोर पर रन बना रहे थे। उन्होंने बेथेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में 100 रन का आंकड़ा पार किया। साल्ट 59 गेंदों में 59 रन बनाकर मैथ्यू फोर्ड की गेंद पर आठ चौकों की मदद से आउट हुए जिन्होंने पहले जैक्स को आउट किया था।

इंग्लैंड का स्कोर 20.1 ओवर में 107/3 था। बेथेल ने 51 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना पहला वनडे अर्धशतक पूरा किया, उन्होंने लिविंगस्टोन के साथ 53 रनों की साझेदारी की जिसका अंत फोर्ड ने कुरेन को 52 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 52 रन पर आउट करके किया। इंग्लैंड का स्कोर 45.3 ओवर में 300/5 था। लिविंगस्टोन ने लगातार छह छक्के जड़े और 77 गेंदों में चार चौकों और छह छक्कों की मदद से अपना पहला वनडे शतक पूरा किया।

वह 85 गेंदों में पांच चौकों और नौ छक्कों की मदद से 124* रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि मूसली (4*) ने 15 गेंद शेष रहते पांच विकेट लिए। फोर्ड (3/48) ने अपने आठ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की, जिसमें अल्जारी जोसेफ और चेस ने एक-एक विकेट लिया। हालांकि यह हार को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। लिविंगस्टोन ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

# गेंद बदले जाने के विवाद में उलझे किशन, ऑस्ट्रेलिया ए की बड़ी जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतिम दिन का खेल के शुरू होने से पहले अंपायर्स द्वारा गेंद बदले जाने के कारण इंडिया ए टीम विवाद में उलझ गई। गेंद बदले जाने से पहले अंपायर्स यह कहते सुनाई दिए कि गेंद पर काफ़ी खरोंच आ जाने के चलते गेंद बदलने का निर्णय लिया गया है।

कप्तान नैथन मैक्स्वीनी की नाबाद 88 रन की शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को चार दिवसीय गैर आधिकारिक टेस्ट के अंतिम दिन रविवार को सात विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ए को 225 रन का लक्ष्य मिला जिसे ऑस्ट्रेलिया ए ने 75 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाकर हासिल कर लिया। मैक्स्वीनी ने नाबाद 88 और बो वेब्स्टर ने नाबाद 61 रन बनाये। इससे पूर्व पहली गेंद डाले जाने से पहले अंपायर शॉन क्रेग और इंडिया ए के कुछ खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस हुई। ख़ासतौर पर विकेटकीपर इशान किशन ने शायद अपने आप को बड़ी मुश्किल में डाल लिया क्योंकि उन्हें अंपायर्स के निर्णय को मूर्खतापूर्ण करार देते हुए सुना गया। स्टंप माइक्रोफ़ोन पर कैद की गई आवाज़ में क्रेग को गेंद बदले जाने का कारण बताते हुए सुना गया।

क्रेग ने कहा, गेंद को बदलना होगा। इस पर आगे चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है। खेल शुरू करते हैं। इस पर किशन ने कहा, तो हमें इस



गेंद के साथ खेलना होगा। यह एक मूर्खतापूर्ण निर्णय है। क्रेग ने कहा, माफ़ कीजिए। आपके इस व्यवहार के लिए शिकायत की जाएगी। आप लोगों के चलते ही हमें गेंद बदलना पड़ा है। शुरुआत में यह स्पष्ट नहीं था अंपायर्स ने किस वजह से गेंद बदलने का निर्णय लिया है।

हालांकि यहां अहम बात यह है कि इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ए को नियमानुसार पांच पेनल्टी रन भी नहीं दिए गए। कानून 41.3.14 में पेनल्टी रन देने का प्रावधान है। अगर अंपायर मानते हैं कि गेंद को ग़लत तरीके से बदला गया है तो ऐसा फ़ैसला लिया जा सकता है। अगर अंपायर्स ऐसा मानते हैं कि गेंद की स्थिति को ग़लत तरीके से बदला गया है तब ऐसी स्थिति में वह विपक्षी टीम के कप्तान यह पूछ सकते हैं कि क्या वह गेंद बदलना चाहते हैं।

41.3.4.1 - अगर गेंद को बदले जाने का आग्रह किया जाता है, तब अंपायर को तत्काल ही पिछली गेंद जैसी ही किसी स्थिति वाली गेंद के साथ खेल शुरू करने का अधिकार है। 41.3.4.2 - गेंदबाज़ी एंड के अंपायर द्वारा विपक्षी टीम के खाते में पांच पेनल्टी रन जोड़े जाने का भी प्रावधान है। इसके साथ ही अंपायर इस संबंध में बल्लेबाज़ों और गेंदबाज़ी टीम के कप्तान को भी अपने इस निर्णय की वजह बता सकते हैं।

रिटायरमेंटः



## भारतीय डिफेंडर अनस एडाथोडिका ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास का एलान किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 21 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह क्लब के लिए 172 प्रतिस्पर्धी मुकाबले भी खेल चुके हैं। एडाथोडिका ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भावनात्मक वीडियो साझा किया और संन्यास का एलान किया।

अनुभवी भारतीय डिफेंडर अनस एडाथोडिका ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है जिससे उनके 17 साल का करियर समाप्त हो गया। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 21 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह क्लब के लिए 172 प्रतिस्पर्धी मुकाबले भी खेल चुके हैं। एडाथोडिका ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भावनात्मक वीडियो साझा किया और संन्यास का एलान किया। अनस ने कहा- अब समय आ गया है कि मैं अपने पेशेवर फुटबॉल को अलविदा कह दूं। मलाप्पुरम के स्टेडियम से लेकर भारत के स्टेडियमों तक चली यह यात्रा सपने का सच होना रही। इस दौरान उतार-चढ़ाव के दौरान मेरे परिवार, कोच, टीम के साथी और प्रशंसकों का धन्यवाद जिन्होंने मुझे जरूरत पड़ने पर सहारा दिया।

फुटबॉल ने मुझे इतना दिया है। मैं हर पल के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। अनस ने 2015 में दिल्ली डायनामोज के साथ इंडियन सुपर लीगमें डेब्यू किया।अनस को जमशेदपुर द्वारा 2017-18 आईएसएल प्लेयर्स ड्राफ्ट के पहले दौर में चुना गया था। उन्होंने 2015-2022 तक 54 मैच खेले और शानदार प्रदर्शन किया।

## आईपीएल-2025: केकेआर ने रिटेन नहीं किया या खुद अलग हो श्रेयस अय्यर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने खुलासा किया है कि आईपीएल 2024 के विजयी कप्तान श्रेयस अय्यर को मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन नहीं करने का क्या कारण था। श्रेयस ने केकेआर को 2024 में सबसे शानदार आईपीएल खिताब जीत दिलाई थी।



फिर भी फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन नहीं किया। फ्रेंचाइजी ने रिंकू सिंह के अलावा सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती, रमनदीप सिंह और हर्षित राणा को अपने साथ बरकरार रखा है। वेंकी मैसूर ने इशारा किया कि फ्रेंचाइजी से अलग होना श्रेयस का फैसला था, जिसके कारण उन्हें रिटेन नहीं किया गया। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि श्रेयस नीलामी में अपनी कीमत जानना चाहते थे।

रेवस्पोर्ट्ज से बात करते हुए उन्होंने कहा, वह रिटेंशन के लिए हमारी सूची में सबसे ऊपर थे। वह कप्तान हैं और हमें उनके इर्द-गिर्द ही सब कुछ बनाना था। हमने उन्हें 2022 में इसी खास वजह से चुना था।

## न्यूज बाइट्स

### सोनहथु में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के सोनहथु गांव में शुक्रवार की रात दीपावली पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नवयुवक एकता क्लब के सदस्यों ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच युगलकिशोर ने की जबकि संचालन समाजसेवी सह राजद नेता रवींद्र यादव ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा, समरसता, सद्भाव और प्रेम कायम होता है। कहा कि कार्तिक मास बहुत हीं धार्मिक और आध्यात्मिक महीने के रूप में जाना जाता है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बनता है, जो समाजिक एकता का आदर्श प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में पूरी रात जागकर ग्रामीणों ने एक से बढ़कर एक भक्ति एवं फिल्मी गीतों का लुत्फ उठाया।

### रोड पर नाली बहाने को ले मारपीट, चार घायल

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना के गैनी गांव में रोड पर नाली बहाने को लेकर शनिवार को देर शाम मारपीट की घटना घटी। मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राघो पासवान, कलेश पासवान, राहुल पासवान एवं कांति देवी शामिल है।

### कर्मा-कर्मी में नाटक का हुआ मंचन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के कर्मा-कर्मी तिवारी बिगहा में लक्ष्मी पूजा समिति नवयुवक संघ द्वारा नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केराप पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष सह कमिटी के अध्यक्ष विक्की सिंह यादव, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, राजनंदन यादव, डॉ. डबल्यू यादव, राजाराम यादव, सुरेंद्र यादव एवं पुनील यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम में आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंच का संचालन एवं अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सह कमिटी के अध्यक्ष विक्की सिंह यादव ने की। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव, कमलेश यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा, एकता और सौहार्द बढ़ता है। इस मौके पर सचिव राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष रंजन यादव, उप कोषाध्यक्ष राजा बाबू, नीरज कुमार, अनिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार पासवान, संतोष कुमार, पिंटू कुमार एवं अनुज कुमार के साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज शहर के अब्दुलपुर में आजाद निकेतन संघ द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पार्षद शंकर यादवेंदु, पूर्व उप मुख्य पार्षद सह पूर्व सचिव हरेंद्र कुमार, राजद के प्रदेश महासचिव डॉ. संजय सिंह यादव, ओबरा के विधायक प्रतिनिधि कैफ खान, कांग्रेस नेता डॉ. तुलसी यादव, लोजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार, सिद्धि यादव, वार्ड पार्षद राजू मिश्रा जयहिंद, पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव एवं डॉ. अखिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर शंकर यादवेंदु ने कहा कि आजाद निकेतन संघ बहुत अच्छा कार्य कर रही है। लगातार 1969 से यहां के पूर्वजों द्वारा शुरू किए गए इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा एवं प्रेम बढ़ता है। उन्होंने कहा कि पूजा-पाठ के साथ पढ़ाई भी जरूरी है। क्योंकि शिक्षा के बिना लोग जानवर के समान है। इस मौके पर संघ के राकेश यादव, बसंत कुमार, कोमल यादव, छोटू यादव, रंजन यादव, अनिल शर्मा, संजीत चौधरी, विशाल कुमार, संजीत कुमार, रामानुज कुमार, विकास कुमार, सुनील यादव, बृजेश यादव, उमेश प्रसाद, राकेश यादव, राजेंद्र यादव, भगवान यादव, विनोद यादव, अनुज कुमार वर्मा, हरेंद्र कुमार, भूपेश राम, अनुज कुमार वर्मा, उमेश कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, इंदल कुमार, अनुज वर्मा, व्यवस्थापक मुकेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने लिया देव में लगने वाले चार दिवसीय कार्तिक छठ मेला की तैयारी का जायजा

# आवासन, पेयजल, यातायात एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने का दिया निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने रविवार को संयुक्त रूप से देव में लगने वाले चार दिवसीय कार्तिक छठ मेला की तैयारी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीएम ने देव सूर्यकुंड एवं रूद्रकुंड छठ घाट के पास नियंत्रण कक्ष सह 30x20 साईज का स्टेज, देव मेला क्षेत्र के सभी आवासन स्थलों-जगन्नाथ उच्च विद्यालय मैदान, राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय मैदान के पश्चिम, मालेनगर के पास, हरिकीर्तन बीघा के पास पैक्स गोदाम के उत्तरी भाग में, थाना के पास मेला क्षेत्र में, सिंचाई कॉलोनी मैदान, चांदपुर मध्य विद्यालय का मैदान, संत विजय दास धर्मशाला, बहुआरा मोड़ के पास एवं नरची गेट के पीछे दिवाकर नगर के पास) आदि का निरीक्षण किया। डीएम ने केताकी रोड नहर के पास एवं हरिकीर्तन बिगहा पर ग्रेडिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही डीएम ने यातायात की सुविधा, सभी ड्रॉप गेट, बैरिकेडिंग, देव सूर्य मंदिर एवं मेला क्षेत्र के सभी मार्गों का सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया एवं संबंधित पदाधिकारियों को छठ महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवासन, पेयजल, यातायात, पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था अतिशीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश दास, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, भूमि सुधार उपसमाहर्ता श्वेतांक लाल, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिले के वरीय पदाधिकारी, देव के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, देव सूर्य मंदिर न्यास समिति के सदस्यगण एवं देव क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## दो बाइक की टक्कर में दो लोग घायल

**औरंगाबाद (एसवीवी | नि.सं.)** औरंगाबाद भादवा पथ के रजोई गांव के पास दो बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। औरंगाबाद की ओर से भादवा जा रहा बाइक सवार फरार हो गया। औरंगाबाद की ओर जा रही दूसरी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। घायल की पहचान औरंगाबाद शहर के नवाडीह मोहल्ला निवासी मोहम्मद पोली और मोहम्मद शकील के रूप में की गई है। घायल मो. पोली और मोहम्मद शकील बिजली मिस्त्री है। रजोई गांव में बिजली से संबंधित किसी कार्य को लेकर गए हुए थे। वहां से वापस लौटने के क्रम में घटना घटी। सदर अस्पताल में इलाज कर रहे हैं डॉ. जावेद अख्तर ने बताया कि जख्मियों को गंभीर चोटें आई है। फिलहाल इलाज किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने की तकनीकी विभागों द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में तकनीकी विभागों द्वारा कार्यान्वित की जा रही विशेष केंद्रीय सहायता, डिस्ट्रिक्ट ऑफ़ कंसर्न एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी संबंधित विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का डीएम ने निर्देश दिया। उन्होंने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराने का निर्देशित दिया। कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन को जिले में नल जल योजना के तहत सुचारू रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत संचरण को शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल औरंगाबाद एवं दाउदनगर, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल औरंगाबाद तथा एनएच डिविजन से संबंधित अधिकारियों को अपने क्षेत्र में पड़ने वाले सड़कों की नियमानुसार मरम्मत एवं रखरखाव करने का निर्देश दिया। सभी अभियंताओं को निर्देश दिया कि उनके क्षेत्र में पड़ने वाले जिन कार्यों को लेकर समन्वय संबंधी कठिनाई आ रही है, उसे तत्काल संबंधित प्रशासनिक विभाग के माध्यम से समन्वय स्थापित करते हुए सुलझाना सुनिश्चित करें तथा कार्यों को यथाशीघ्र प्रारंभ कराए। विशेष केंद्रीय सहायता योजना एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम योजना के तहत जिन कार्यों को प्रारंभ नहीं किया गया है, उन कार्यों को यथाशीघ्र प्रारंभ करने हेतु संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया तथा जिन कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है उससे संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा डीसी विपत्र समर्पित करने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।

## कृष्ण चेतना परिषद ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड के अहियापुर गांव में कृष्ण चेतना परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डॉ. अभय कुमार, राजद के जिला प्रवक्ता रहे रमेश कुमार एवं पौथु पैक्स अध्यक्ष शम्भू कुमार भारती ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। समारोह की अध्यक्षता विजय यादव ने की जबकि संचालन शिक्षक राजू कुमार रत्ना ने किया।उपस्थित लोगों के बीच डॉ. अभय कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से लोगो के बीच आपसी भाईचारा और सौहार्द बढ़ता है। उन्होंने कहा कि समाज, परिवार को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षा अति आवश्यक है। एक शाम कम खाए, मगर बच्चों को जरूर पढ़ाए। रमेश कुमार ने श्रीकृष्ण की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। वहीं पैक्स अध्यक्ष शम्भू भारती ने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोगो को साथ लेकर चलने की जरूरत है, तब इस तरह के कार्य को करने की सार्थकता होगी। उन्होंने भी आम लोगो से शिक्षा पर बल दिया। कहा कि एक शाम कम खाओ परंतु बच्चों को जरूर पढ़ाओ।

## एसडीपीओ ने उपहारा थाना में की समीक्षा बैठक



निज सं. | गोह(औरंगाबाद)

दाउदनगर के एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने रविवार को गोह के उपहारा थाना में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी लंबित व विशेष प्रतिवेदित कांडो के निष्पादन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने केस के अनुसंधानकर्ताओं को निष्पादन की दिशा में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीपीओ ने थानाध्यक्ष मनेश कुमार सहित मौजूद सभी कनीय पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि थाना में दर्ज पुराने आपराधिक मामलों में जेल से जमानत पर रिहा होकर बाहर आए हुए पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखें। साथ ही थाना में दर्ज आपराधिक मामले में फरार चल रहे अपराधियों तथा कांड के अभियुक्तों सहित वारंटियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चला कर गिरफ्तार करें। लंबित कांडो का त्वरित निष्पादन के अलावा थाना क्षेत्र में गश्ती को तेज करने के साथ साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाए जाने के लिए निर्देशित किया।

## हर्षोल्लास के साथ की गई ज्ञान और बुद्धि के देवता चित्रगुप्त की पूजा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में रविवार को श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव 2024 का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। सुबह वैदिक मंत्रोचारण के बीच पूरे विधि-विधान से भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना के दौरान कायस्थ परिवार समेत समाज के अन्य वर्गों के लोगों ने अपना साल भर का ब्योरा लिखकर भगवान को समर्पित किया। पूजनोत्सव का आयोजन जीकेसी (ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस), औरंगाबाद के द्वारा किया गया। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के अध्यक्ष कमल किशोर ने बताया कि चित्रगुप्त पूजा की शुरुआत रविवार को सुबह 11 बजे से हुई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। संध्या में महाआरती, महाप्रसाद और सामूहिक प्रतिभोज का कार्यक्रम जारी है। वहीं 4 नवंबर को दोपहर 3 बजे से मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि महोत्सव को सफल बनाने में जीकेसी के अजय श्रीवास्तव, अजय वर्मा, इंजीनियर बीके श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. शीला वर्मा, श्रीराम अम्बष्ट, महेंद्र प्रसाद , मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, सुनील सिन्हा, गणेश प्रसाद लाल बाबू, उदय कुमार सिन्हा, अमीत कुमार, संजय सिन्हा, अभय सिन्हा समेत सभी चित्रांशों का विशेष योगदान रहा। सभी के सहयोग से ही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा रहा है। श्री किशोर ने बताया कि कलम के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा कायस्थ परिवार के लोग धूमधाम के साथ करते हैं।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कायस्थ जाति को उत्पन्न करने वाले भगवान चित्रगुप्त का जन्म यम द्वितीया के दिन हुआ। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाती है। हिंदू धर्म में चित्रगुप्त भगवान की पूजा का विशेष महत्व है। चित्रगुप्त कायस्थों के आराध्य देव हैं। भगवान चित्रगुप्त को कलम का देवता माना जाता है। चित्रगुप्त पूजा करने से साहस, शौर्य, बल और ज्ञान की प्राप्ति होती है।

भगवान चित्रगुप्त ब्रह्मदेव की संतान हैं। वह ज्ञान के देवता हैं। भगवान चित्रगुप्त को यमराज का सहायक देव माना जाता है। भगवान हर व्यक्ति के कर्मों का लेखा-जोखा लिखकर, यमदेव के कार्यों में सहायता प्रदान करते हैं। चित्रगुप्त भगका का जन्म ब्रह्मदेव के अंश से न होकर काया से हुआ है। इस दिन कायस्थ पूजा के भगवान चित्रगुप्त के साथ ही कलम और बही-खाते की भी पूजा करते हैं क्योंकि ये दोनों ही भगवान चित्रगुप्त को प्रिय हैं। इसके साथ ही अपनी आय-व्यय का ब्योरा और घर परिवार के बच्चों के बारे में पूरी जानकारी लिखकर भगवान चित्रगुप्त को अर्पित की जाती है। एक प्लेन पेपर पर अपनी इच्छा लिखकर पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त के चरणों में अर्पित करते हैं। इस दिन परिवार के लोग कलम और दवात का इस्तेमाल नहीं करते।

## विभिन्न प्रखंडों में धूमधाम से मनाया गया भाई दूज

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद के विभिन्न प्रखंडों, गांवों और मोहल्ला में रविवार की सुबह से ही भाई दूज को लेकर बहने अपनी भाइयों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। गांव-घर की महिलाएं एक समूह बनाकर गाय की गोबर से गोवर्धन पर्वत सहित अन्य प्रकार की प्रतिमा स्थापित करती है। प्रसाद के रूप में चना और मिश्री का भोग लगाया। परंपरागत रूप से चली आ रही प्रथा के अनुसार बहनों ने पूजा की। उपस्थित महिलाओं ने भाई दूज की कथा का पाठ किया। औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड में पूजा में शामिल बहनों ने गुड़िया देवी, संगीता देवी, मंजू देवी सहित अन्य ने बताया कि भाई दूज का पर्व हम सभी बहनों के लिए बेहद खास है। आज के दिन यम देवता सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर अपनी भाइयों की लंबी उम्र की कामना की।

रफीगंज शहर के थाना गली के रूपा कुमारी, सिमरन कुमारी, नीलम गुप्ता सहित अन्य लोगों ने बताया कि हमलोग भाई दूज के दिन भाई बहन का प्यार बना रहे इसके लिए उपवास होकर यह पर्व करते हैं, ताकि हमारे भाई की उम्र लंबी हो।

## आधी रात को घर से निकली थी छात्रा, सुबह आहर में शव मिलने से फैली सनसनी

निज सं. | ओबरा (औरंगाबाद)

खुदवां थाना क्षेत्र के बीछहां गांव के समीप आहर से बीए की एक छात्रा का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने गांव से दक्षिण आहार से उक्त युवती का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतका की पहचान बीछहां गांव निवासी जमुना सिंह के 18 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी के रूप में हुई है। चर्चा है कि शनिवार की रात लगभग एक बजे वह अपने घर से शौच करने के बहाने घर से निकली थी लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटी। बताया गया कि गांव के कुछ ग्रामीण जब सुबह -सुबह आहर की ओर टहलने निकले तो आहर में एक शव पर उनकी नजर पड़ी।





विशेष रेलगाड़ियाँ दिनांक 04.11.2024

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| **महाराष्ट्र से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09051 | दादर | 00:05 | भुसावल जं. |
| 05290 | पुणे | 06:30 | मुजफ्फरपुर |
| 01415 | पुणे | 06.50 | गोरखपुर |
| 05030 | बांद्रा टर्मिनस | 07:10 | गोरखपुर |
| 09055 | बांद्रा टर्मिनस | 09.50 | उधना जंक्शन |
| 01143 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 10:30 | दानापुर |
| 09145 | मुंबई सैंट्रल | 10:30 | बरौनी जं. |
| 01145 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 11:05 | आसनसोल |
| 09622 | बांद्रा टर्मिनस | 11:15 | अजमेर |
| 01009 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 12:15 | दानापुर |
| 01025 | दादर | 14:05 | बलिया |
| 04724 | पुणे | 14:30 | हिसार जं. |
| 01205 | पुणे | 15:30 | दानापुर |
| 09052 | भुसावल जं. | 17:40 | दादर वेस्टर्न |
| 01409 | पुणे | 19:30 | भगत की कोठी |
| 07638 | साँईनगर शिर्डी | 19:35 | तिरूपति |
| 01201 | नागपुर | 19:40 | पुणे |
| 01481 | पुणे | 19:55 | दानापुर |
| 05114 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 20:15 | छपरा जं. |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर |
| 01451 | पुणे | 22:45 | करीमनगर |
| 07625 | हजरत साहिब नानदेड़ | 23:00 | पनवेल |
| **गुजरात से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09025 | वलसाड | 08:40 | दानापुर |
| 09417 | अहमदाबाद | 09:10 | दानापुर |
| 09575 | राजकोट | 13:45 | महबूब नगर |
| 09056 | उधना जंक्शन | 16:15 | बांद्रा टर्मिनस |
| 09425 | साबरमती | 18:45 | हरिद्वार |
| 09111 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | गोरखपुर |
| 09033 | उधना ज. | 20:35 | बरौनी जं. |
| 09520 | ओखा | 22:00 | मदुरै जं. |
| 09021 | उधना | 22:05 | भावनगर टर्मिनस |
| 05046 | राजकोट | 22.30 | लालकुआँ जं. |
| **ओडिशा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08471 | पुरी | 06:30 | उधना जं. |
| 02832 | भुवनेश्वर | 20:25 | धनबाद |
| 08535 | भुवनेश्वर | 22:30 | विशाखपट्नम |
| **बिहार से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03504 | पटना जं. | 00:05 | आसनसोल |
| 04033 | जयनगर | 04:00 | दिल्ली |
| 04513 | समस्तीपुर | 04:00 | चण्डीगढ़ जं. |
| 03502 | कटिहार | 04:15 | आसनसोल |
| 05743 | छपरा | 04:30 | कटिहार जं. |
| 01206 | दानापुर | 05:30 | पुणे |
| 04663 | कटिहार | 06:00 | अमृतसर जं. |
| 05283 | मुज़फ्फरपुर | 06:30 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 02251 | पटना | 07:30 | नई दिल्ली |
| 07648 | दानापुर | 08:00 | सिकंदराबाद |
| 04061 | बरौनी | 08:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 01482 | दानापुर | 06:30 | पुणे |
| 09064 | दानापुर | 11:00 | भेस्तान |
| 05738 | कटिहार | 11:25 | गोमती नगर |
| 08625 | पुर्णियाँ कोर्ट | 12:10 | राँची जं. |
| 03124 | पटना जं. | 12:15 | कोलकाता |
| 08898 | पटना | 12:30 | गोंदियां जं. |
| 04031 | सहरसा जंक्शन | 13:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर | 13:30 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली |
| 07420 | दानापुर | 14:00 | सिकंदराबाद |
| 02397 | गया | 14:15 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 03253 | पटना जं. | 15:00 | सिकंदराबाद |
| 08420 | जयनगर | 15:00 | पुरी |
| 03251 | दानापुर | 15:00 | सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बैंगलुरू |
| 05744 | कटिहार जं. | 16:00 | छपरा |
| 09422 | सीतामढ़ी | 16:00 | साबरमती |
| 09458 | दानापुर | 18:10 | अहमदाबाद |
| 05739 | पटना | 20:00 | न्यू जलपाईगुड़ी |
| 09804 | दानापुर | 21:30 | कोटा |
| 02393 | पटना जं. | 20:10 | नई दिल्ली |
| 01144 | दानापुर | 21:30 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस |
| 08896 | छपरा | 22:15 | गोंदियां जं. |
| 02269 | छपरा जं. | 22:20 | लखनऊ जं. |
| 09042 | छपरा जं. | 23:00 | उधना जं. |
| 06086 | पटना | 23:45 | एरणाकुलम जं. |
| **झारखण्ड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 06064 | धनबाद | 06:00 | कोयम्बत्तूर जं. |
| 02831 | धनबाद | 16:00 | भुवनेश्वर |
| 08181 | टाटानगर जंक्शन | 22:40 | कटिहार जं. |
| 09620 | राँची | 23:55 | मदार जं. |
| **पश्चिम बंगाल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 06078 | सांतरागाछी जं. | 10:00 | चेन्नै एग्मोर |
| 03435 | मालदा टॉउन | 09:30 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 03511 | आसनसोल | 13:20 | पटना जं. |
| 06082 | शालिमार | 14:20 | कोच्चुवेली |
| 03131 | सियालदह | 18:15 | गोरखपुर |
| 02841 | शालिमार | 18:30 | चैन्नई सैन्ट्रल |
| 08611 | सांतरागाछी जं. | 21:20 | अजमेर जं. |
| 03045 | हावड़ा | 23:00 | रक्सौल जं. |
| 04655 | कोलकाता चितपुर | 23:55 | लुधियाना जं. |
| **उत्तर प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 04824 | मऊ जं. | 04:00 | जोधपुर |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला छावनी जं. |
| 05642 | गोमती नगर | 05:15 | गुवाहाटी |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जं. |
| 05741 | गोमती नगर | 09:20 | न्यू जलपाईगुड़ी |
| 09044 | गोरखपुर | 13:00 | दहानू रोड |
| 04371 | लखनऊ जं. | 13:10 | देहरादून |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली |
| 02270 | लखनऊ जं. | 14:15 | छपरा जं. |
| 01080 | गोरखपुर | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस |
| 01028 | गोरखपुर | 14:25 | दादर |
| 04218 | लखनऊ जं. | 16:30 | वाराणसी |
| 01416 | गोरखपुर | 17:30 | पुणे |

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| 05832 | प्रयागराज | 17:40 | रंगापाडा नार्थ |
| 09186 | कानुपर अनवरगंज | 18:25 | मुंबई सैंट्रल |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 01124 | गोरखपुर | 21:15 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस |
| **उत्तराखंड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05055 | लालकुआँ जं. | 15:00 | वाराणसी सिटी |
| 04372 | देहरादून | 18:15 | लखनऊ जं. |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराई |
| **असम से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05638 | सिलचर | 13:50 | नाहरलगुन |
| **दिल्ली से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02276 | नई दिल्ली | 09:30 | प्रयागराज |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली |
| 03258 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर |
| 04032 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं. |
| 05284 | आनन्द विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. |
| 05220 | आनन्द विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर |
| 02398 | आनन्द विहार टर्मिनल | 08:20 | गया |
| 04096 | आनन्द विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या छावनी |
| 02422 | दिल्ली | 09:30 | सूबेदार गंज |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टॉउन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर |
| 05024 | आनन्द विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर |
| 05002 | दिल्ली | 15:15 | गोरखपुर |
| 04124 | हजरत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज |
| 04080 | दिल्ली | 19:30 | वाराणसी |
| 04058 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:15 | मुजफ्फरपुर जं. |
| 03256 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं. |
| 02246 | हजरत निजामुद्दीन | 23:55 | पटना जं. |
| 04078 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं. |
| **हरियाणा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09640 | रोहतक | 13:20 | मदार जं. |
| 09734 | भिवाड़ी जं. | 16:05 | जयपुर ज. |
| 04554 | अम्बाला छावनी जं. | 20:20 | सहारनपुर जं. |
| **राजस्थान से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक |
| 09721 | जयपुर जं. | 06:15 | उदयपुर सिटी |
| 09733 | जयपुर जं. | 07:00 | भिवानी |
| 04706 | जयपुर जं. | 13:05 | श्रीगंगानगर |
| 09722 | उदयपुर सिटी | 15:05 | जयपुर जं. |
| 04809 | जोधपुर | 16:30 | बांद्रा टर्मिनस |
| 04705 | श्रीगंगानगर | 23:45 | जयपुर जं. |
| **आन्ध्र प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08568 | विजयवाड़ा जं. | 18:30 | विशाखपट्नम |
| 08520 | विशाखपट्नम | 09:10 | दानापुर |
| 08567 | विशाखपट्नम | 10:00 | विजयवाड़ा जं. |
| 07609 | पुर्णा जं. | 10:25 | तिरूपति |
| 08536 | विशाखपट्नम | 12:00 | भुवनेश्वर |
| 07443 | श्रीकाकुलम रोड | 15:00 | तिरूपति |
| 07122 | मचिलीपट्णम | 17:40 | तिरूपति |
| 07187 | काकीनाड़ा | 18:30 | सिकंदराबाद |
| 08583 | विशाखपट्नम | 19:10 | तिरूपति |
| 07098 | विशाखपट्नम | 19:50 | सिकंदराबाद |
| 07445 | काकीनाड़ा | 21:10 | लिंगमपल्ली |
| 04718 | तिरूपति | 23:45 | हिसार जं. |
| **तेलंगाना से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 07225 | सिकंदराबाद | 04:30 | शालिमार |
| 07336 | मणुगुरू | 15:40 | बेलगावि |
| 07482 | सिकंदराबाद | 17:50 | तिरूपति |
| 07649 | मौला अलि | 16:45 | मुजफ्फरपुर |
| 07191 | काचीगुडा | 20:30 | मदुरै जं. |
| 07005 | सिकंदराबाद | 22:00 | रक्सौल जं. |
| 07617 | काचीगुडा | 23:15 | हजरत निज़ामुद्दीन |
| **छत्तीसगढ़ से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08897 | गोंदियां जं. | 11:20 | पटना |
| 08895 | गोंदियां जं. | 20:00 | छपरा |
| **तमिलनाडु से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 06097 | चेन्नई सैन्ट्रल | 05:15 | अम्बाला छावनी जं. |
| 06011 | ताम्बरम | 15:30 | नागरकोविल जं. |
| 06029 | मेट्टुपालयम | 19:45 | तिरुनेलवेली जं. |
| **कर्नाटक से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05951 | एसएमवीटी बैंगलुरू | 00:30 | न्यू तिनसुकिया जं. |
| 02812 | यशवन्तपुर | 04:30 | भुवनेश्वर |
| 02814 | बेलगावि | 07:30 | भुवनेश्वर |
| 01685 | श्री एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बैंगलुरू | 06:00 | मडगाँव |
| 06251 | यशवन्तपुर | 07:30 | मुजफ्फरपुर |
| 08544 | सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बैंगलुरू | 15:50 | विशाखपट्नम |
| 07315 | हुबली जंक्शन | 17:20 | मुजफ्फरपुर |
| 06039 | तिरूवनन्तपुरम उत्तर | 18:05 | श्री एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलुरू |
| 07363 | हुबली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश |
| 06237 | श्री एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बैंगलुरू | 21:15 | बरौनी जं. |
| 09058 | मंगलूरू जं. | 22:10 | उधना जं. |
| 05186 | यशवन्तपुर | 22:40 | छपरा जं. |
| **जम्मु और कश्मीर से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05194 | एमसीटीएम उधमपुर | 00:05 | छपरा जं. |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा |
| **पंजाब से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 04526 | सरहिन्द जंक्शन | 11:25 | सहरसा जं. |
| 04530 | भटिण्डा | 20:50 | वाराणसी |
| **मध्य प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09314 | भोपाल जं. | 02:10 | उज्जैन जं. |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा |
| 09313 | उज्जैन जं. | 21:00 | भोपाल जं. |

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें: /RailMinIndia